

पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
नई दिल्ली, गुरुवार, 5 जून, 2025 | वर्ष-18 | अंक-60 | पृष्ठ-10 | मूल्य - 3.00 रुपए



बिहार में तालिबान से भी बदतर स्थिति : तेजस्वी यादव 02
■ चिड़ियाघर को निजी हाथों में सौंपना भाजपा की...
■ पूरी दिल्ली में तोड़ी जा रहीं झुग्गियां : आप 03
■ ली जे-म्यांग दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति चुने गए
■ कनाडा के जंगलों में लगी आग वाले क्षेत्र से 25 हजार... 07
स्क्रीन पर धमाल मचाएंगे टाइगर श्रॉफ और... 10


## सार संक्षेप

### मुर्मु के हाथों मिला 92 सैन्यकर्मियों को सम्मान



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति और सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित इस वर्ष के दूसरे चरण के रक्षा अलंकरण समारोह में विशिष्ट सेवा पुरस्कार प्रदान किए। राष्ट्रपति ने रक्षा अलंकरण समारोह में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामय उपस्थिति में थल सेना, वायु सेना और नौ सेना के कुल 92 जवानों और अधिकारियों को उनकी विशिष्ट और बहुत असाधारण स्तर की सेवाओं के लिए ये पदक प्रदान किए।

### प्रधानमंत्री मोदी से मिले ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में हुए संघीय चुनावों में ऑस्ट्रेलिया की लेबर पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर उप प्रधानमंत्री मार्लेस को बधाई दी। आधिकारिक जानकारी के अनुसार दोनों नेताओं ने भारत-ऑस्ट्रेलिया समग्र रणनीतिक साझीदारी को और मजबूत करने के तौर-तरीकों पर चर्चा की। इस साझीदारी के इस वर्ष पांच साल पूरे हो गए।

### ईरान में अपहृत तीन भारतीय नागरिक बरामद



**तेहरान।** ईरान में अपहृत तीन भारतीय नागरिक बरामद कर लिए गए हैं। मीडिया के अनुसार अपहरणकर्ता अफगान नागरिक हैं और फिलहाल पुलिस की हिरासत में हैं। बताया जाता है कि गत सप्ताह इन तीनों भारतीय नागरिकों का गत सप्ताह अपहरण कर लिया गया था। भारत स्थित ईरानी दूतावास ने गत गुरुवार को बताया कि ईरान में तीन भारतीय नागरिकों के लापता होने की जांच ईरान के विदेश मंत्रालय के कांसुलर मामलों के विभाग द्वारा देश के न्यायिक अधिकारियों के साथ निकट समन्वय में सक्रिय रूप से की जा रही है।

### झारखंड में गिग वर्कर्स के हक में कानून लाएगी सरकार



**रांची।** ऑनलाइन सामान की डिलीवरी या इस तरह के काम करने वाले लोगों को सामाजिक सुरक्षा और उनके वाजिब अधिकारों को झारखंड सरकार कानूनी तौर पर संरक्षण देगी। इसके लिए कानून बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में इससे संबंधित विधेयक के प्रारूप को मंजूरी दी गई। वित्त सचिव प्रशांत कुमार ने कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी दी।

मातम में बदला जश्न

# जीत के जश्न में भगदड़, 11 की मौत

■ बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास मची भगदड़ ■ आरसीबी के आईपीएल चैम्पियन बनने का मन रहा था जश्न

**बेंगलुरु, 4 जून (एजेंसियां)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की पहली आईपीएल जीत का जश्न बुधवार को दुखद हो गया, जब यहां चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास भगदड़ मचने से 50 से अधिक प्रशंसक घायल हो गए और 11 लोगों की मौत हो गई। यह घटना उस समय हुई जब प्रशंसक आरसीबी टीम द्वारा आईपीएल 2025 ट्रॉफी उठाने के जश्न में शामिल हो रहे थे। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने बॉरिंग अस्पताल का दौरा किया।



**स्टेडियम में घुसने की कोशिश कर रहे थे**

भगदड़ उस समय मची जब हजारों प्रशंसक जल्दबाजी में विभिन्न गेटों से स्टेडियम में घुसने की कोशिश कर रहे थे। मौके पर मौजूद पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस में भरकर पास के बॉरिंग अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने बताया कि सड़कों पर भीड़भाड़ के कारण एंबुलेंस जल्दी से अस्पताल नहीं पहुंच पाई। एक अलग घटना में, स्टेडियम में कूदने के लिए गेट पर चढ़ते समय एक प्रशंसक गिर गया और उसका पैर टूट गया। लोग जश्न की एक झलक पाने के लिए पेड़ों पर चढ़ते और शाखाओं पर बैठते देखे गए। सरकार ने पहले सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए विजय परेड को रद्द कर दिया था।

### पीड़ितों की जितनी मदद हो सकेगी, करेंगे : शुक्ला

बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा– यह अचानक हुआ हादसा है और सभी लोग दुखी है। मृतकों और घायलों की जितनी मदद हो सकती है, हम करेंगे। हम कर्नाटक सरकार से भी बात कर रहे हैं। इसके साथ ही आईपीएल फ्रेंचाइजी से भी बात हो रही है। ये कोई पॉलिटिक्स की बात नहीं है। कर्नाटक सरकार ने भगदड़ या ऐसी किसी भी स्थिति से बचने के लिए रोड शो रोक दिया था, लेकिन अनुमान नहीं था कि स्टेडियम के बाहर भगदड़ मच जाएगी।

### मामले की हो न्यायिक जांच : बीवाई विजयेंद्र

कर्नाटक बीजेपी अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र बेंगलुरु में भगदड़ में घायल हुए लोगों से मिलने के लिए बॉरिंग और लेडी कर्जन अस्पताल पहुंचे। उन्होंने कहा कि इस त्रासदी के लिए राज्य सरकार जिम्मेदार है और मुख्यमंत्री को मामले को न्यायिक जांच के लिए भेजना चाहिए।

**कर्नाटक सरकार ने टीम का सम्मान किया**

टीम जब एयरपोर्ट पहुंची तब वहां हजारों फैंस मौजूद थे। विधानसभा पहुंचने पर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सभी प्लेयर्स का सम्मान किया। इसके बाद चिन्ना स्वामी स्टेडियम में भी कार्यक्रम हुए। इससे पहले, जब बुधवार को आरसीबी की टीम एचएएल एयरपोर्ट पर पहुंची, तो उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने उनका व्यक्तिगत रूप से स्वागत किया।

### झाबुआ में ट्राला वैन पर पलटा, नौ की मौत

सीमेंट से भरा था ट्राला, दो घायल



**झाबुआ।** मध्यप्रदेश के झाबुआ जिले के मेघनगर थाना क्षेत्र में सीमेंट से भरा एक ट्राला अनियंत्रित होकर वैन पर पलट गया, जिससे वैन सवार 11 लोगों में 9 की मौत हो गई, जबकि दो घायल हो गए। घायलों को समीप के अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार देर रात्रि राजस्थान से सीमेंट लेकर आ रहा ट्राला (ट्रक) जिले के मेघनगर थाना क्षेत्र में अनियंत्रित होकर एक वैन के ऊपर पलट गया। दुर्घटना में वैन चकनाचूर हो ई। हादसे में वैन सवार 11 लोगों में 09 की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। घायलों को समीप के अस्पताल ले जाया गया।

## असम से मणिपुर तक बाढ़ बारिश से हालात खराब



■ बाढ़ और भूस्खलन से 7 राज्यों में अब तक 48 मौतें
■ ब्रह्मपुत्र व छह अन्य नदियां खतरे के निशान से ऊपर

**गुवाहाटी, 4 जून (एजेंसियां)।** असम और अन्य पूर्वोत्तर राज्यों का बाढ़ से बुरा हाल है। अब तक हालात सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। जन जीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। लोगों को समझ ही नहीं आ रहा कि करें तो क्या करें। असम में बाढ़ की स्थिति और ज्यादा बिगड़ गई। बाढ़ की वजह से वहां छह और लोगों की मौत हो गई, जिससे इस साल बाढ़ और भूस्खलन में मरने वालों का आंकड़ा 17 पहुंच गया। वहीं सिक्किम समेत क्षेत्र के सात राज्यों में मरने वालों का आंकड़ा करीब 48 हो गया है। पूर्वोत्तर राज्यों के अधिकारियों का कहना है कि 29 मई से हो रही बारिश और बाढ़ के दौरान हुई 48 मौतों में से करीब 17 लोगों की जान अकेले असम में गई है। वहीं अरुणाचल प्रदेश में 12, मेघालय में 6, मिजोरम में 5, सिक्किम में 4, त्रिपुरा में 2 और नागालैंड और मणिपुर में एक-एक मौत हुई है।

**6.33 लाख से ज्यादा प्रभावित**

असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मुताबिक, 21 जिलों में आई बाढ़ और बारिश की वजह से 6.33 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि 21 जिलों के 1506 गांवों में 14,739 हेक्टेयर से ज्यादा फसल भूमि भी प्रभावित हुई है।

## जज किसी भी बाहरी दबाव से मुक्त रहें : गवई

किसी भी व्यवस्था में न्यायपालिका की स्वतंत्रता से समझौता नहीं होना चाहिए

**नई दिल्ली, 4 जून (एजेंसियां)।** चीफ जस्टिस बी.आर. गवई ने न्यायपालिका की स्वतंत्रता को लेकर बयान दिया है।

उन्होंने कहा कि कॉलेजियम सिस्टम की आलोचना हो सकती है, लेकिन किसी भी व्यवस्था में न्यायपालिका की स्वतंत्रता से समझौता नहीं होना चाहिए। न्यायाधीशों को किसी भी बाहरी दबाव से मुक्त रहना चाहिए। सीजेआई गवई लंदन में यूके सुप्रीम कोर्ट की ओर से आयोजित राउंड-टेबल में बोल रहे थे। सीजेआई गवई ने कहा है कि लोकतंत्र में न्यायपालिका को न केवल न्याय देना चाहिए, बल्कि उसे एक ऐसी संस्था के रूप में भी देखा जाना चाहिए जो सत्ता के सामने सच्चाई को रखने की हकदार है।



■ खामियों को तत्काल दूर किए जाने के प्रयास किए जाने चाहिए

न्यायमूर्ति गवई ने कहा कोई भी व्यवस्था चाहे वह कितनी भी मजबूत क्यों न हो, उसमें कुछ न कुछ खामियां जरूर सामने आती हैं और उन्हें दूर करने के प्रयास तत्काल किए जाने चाहिए।

### पत्रकारों से मारपीट किए जाने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

मध्य प्रदेश सरकार को जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने रेत माफिया पर रिपोर्टिंग करने को लेकर मध्य प्रदेश में एक पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में दो पत्रकारों के साथ कथित मारपीट के खिलाफ दायर याचिका पर बुधवार को राज्य सरकार को नोटिस जारी किया, लेकिन उनकी गिरफ्तारी से संरक्षण संबंधी गुहार ठुकराते हुए उन्हें अंतरिम आदेश देने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति संजय करोल और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने मध्य प्रदेश के पत्रकार शशिकांत जाटव और अमरकांत सिंह चौहान की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि जब तक अदालत को अपराध की वास्तविक प्रकृति के बारे में पता नहीं चल जाता, तब तक वह दोनों को गिरफ्तारी से संरक्षण देने वाला कोई अंतरिम आदेश पारित नहीं कर सकती।

सरकार ने तारीखों का किया ऐलान

## संसद के मानसून सत्र की 21 जुलाई से शुरुआत

केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने दी जानकारी, 12 अगस्त तक चलेगा सत्र

**नई दिल्ली, 4 जून (एजेंसियां)।** संसद के मानसून सत्र की तारीखों का ऐलान कर दिया गया है। संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होगा, जो कि 12 अगस्त तक चलेगा। इसकी जानकारी संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को दी। यानी कि 23 दिन तक संसद के मानसून सत्र में इस बार कई अहम बिलों और मुद्दों पर चर्चा होगी।

कई अहम बिलों और मुद्दों पर चर्चा होगी

संसद के मानसून सत्र पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, संसदीय मामलों की कैबिनेट समिति ने तारीख तय कर ली है और हम दोनों सदनों को बुलाने के लिए राष्ट्रपति को प्रस्ताव भेजेंगे। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर उन्होंने कहा, इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव के संबंध में मैंने राजनीतिक दलों के साथ चर्चा शुरू कर दी है। अधिकांश प्रमुख राजनीतिक दलों को पहले ही बता दिया गया है और हमने एक सहयोगात्मक प्रयास की मांग की है, जहां सभी राजनीतिक दल एक साथ आएं और संयुक्त रूप से प्रस्ताव पेश करें। इससे पहले भारत सरकार के सूत्रों ने जानकारी दी थी कि संसद के मानसून सत्र में केंद्र सरकार दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव ला सकती है। यह ऐलान ऐसे वक्त में किया है, जब विपक्ष पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रहा है।



### संसद सत्र की घोषणा 47 दिन पहले करना अभूतपूर्व : कांग्रेस

पहलगाम पर विशेष सत्र से बचने के लिए की घोषणा

कांग्रेस ने सरकार पर आरोप लगाया कि उसने संसद के मानसून सत्र की तारीखें 47 दिन पहले सिर्फ इसलिए घोषित की हैं ताकि वह विपक्ष, खासकर कांग्रेस और विपक्षी इंडिया गठबंधन की तरफ से मांगे गए विशेष सत्र से बच सके। विपक्ष की यह मांग हाल ही में हुए पहलगाम आतंकी हमले और उससे जुड़ी घटनाओं पर चर्चा के लिए की गई थी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि आमतौर पर संसद सत्र की तारीखों की घोषणा कुछ दिन पहले की जाती रही है, लेकिन इस बार सरकार ने 47 दिन पहले ही तारीखों का एलान कर दिया है। यह अभूतपूर्व है।

## सरकार की विदेश नीति सरेंडर कर रही : कांग्रेस

ताजा उदाहरण अमेरिका के सामने मोदी सरकार का घुटनों पर आना

**नई दिल्ली, 4 मई (एजेंसियां)।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला करते हुए बुधवार को कहा कि उनकी सरकार की विदेश नीति दुनिया के सामने समर्पण कर रही है और इसका ताजा उदाहरण अमेरिका के सामने उनका उस समय घुटनों पर आना है जब बहादुर सेना ने पाकिस्तान की गर्दन दबोच रखी थी लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सामने सरेंडर करके सैन्य कार्रवाई रोकते हैं और इसकी घोषणा भी अमेरिका से होती है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, सैन्य कार्रवाई के दौरान जब बहादुर भारतीय सेना ने पाकिस्तान की गर्दन दबोच रखी थी, तभी श्री ट्रम्प का एक फोन आता है और श्री मोदी ने सरेंडर कर दिया। श्री ट्रम्प ने कई बार कहा कि उन्होंने व्यापार की धमकी देकर सैन्य कार्रवाई को रुकवाया है लेकिन श्री मोदी ने इसका कभी जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा, ये जवाब देंगे भी नहीं, क्योंकि नाम नरेंदर, काम सरेंडर-ये असलियत और हकीकत है। देश के अंदर सारी नीतियां ट्रोल्स चला रहे हैं।



ये जवाब देंगे भी नहीं, क्योंकि नाम नरेंदर, काम सरेंडर है


### 'सरेंडर' कांग्रेस की डिक्शनरी में है : नड्डा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सरेंडर' वाले बयान पर केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पलटवार किया है। उन्होंने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि सरेंडर आप और आपकी पार्टी ने किया होगा। भारत कभी सरेंडर नहीं करता। सरेंडर आपकी पार्टी कांग्रेस की डिक्शनरी में है, आपके डीएनए में है। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने सोशल मीडिया पर एक के बाद एक कई पोस्ट कर राहुल गांधी को जवाब दिया।

## केंद्र की कोविड पर सतर्कता बरतने की सलाह

**नई दिल्ली, 4 जून (एजेंसियां)।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को देश में कोविड-19 के बढ़ते मामलों की समीक्षा करते हुए सतर्कता बरतने की सलाह दी तथा राज्यों को ऑक्सीजन, आइसोलेशन बेड, वेंटिलेटर और आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। दिशानिर्देशों के अनुसार सभी भर्ती मामलों और पांच प्रतिशत आईएलआई मामलों के लिए परीक्षण की सिफारिश की गई है। आईसीएमआर वीआरडीएल से संदिग्ध नमूने पूरे अनुवांशिकी अनुक्रमण के लिए भेजे जाते हैं। लोगों को हाथ साफ रखने, खांसते समय मुंह ढ़कने और अस्वस्थ होने पर भीड़-भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचने की सलाह दी गई है। इसके अलावा तीव्र श्वसन बीमारी वाले व्यक्तियों को स्वयं निगरानी करनी चाहिए और लक्षण बिगड़ने पर चिकित्सा सहायता लेनी चाहिए।



राज्यों को ऑक्सीजन, आइसोलेशन बेड, वेंटिलेटर की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा

**4,302 सक्रिय मामले**

नई दिल्ली। 4 जून तक देश में कोरोना के कुल 4,302 सक्रिय मामले दर्ज किए गए, जिनमें पिछले 24 घंटे में 864 नए मामले शामिल हैं।

## आईआईटी छात्रावास में छात्र का शव मिला

**नई दिल्ली, 4 जून (एजेंसियां)।** राष्ट्रीय राजधानी के आईआईटी छात्रावास में बुधवार को एक छात्र का शव बरामद किया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक किशनगढ़ थाने को छात्रावास में कमरे का दरवाजा न खोल जाने को लेकर पीसीआर कॉल मिली। मौके पर पहुंचे पुलिस और अग्निशमन कर्मियों ने दरवाजा अंदर से बंद पाये जाने पर बलपूर्वक उसे तोड़ा गया। कमरे में प्रवेश करने पर छात्र बेहोशी की हालत में बिस्तर पर पड़ा मिला। आईआईटी के डॉक्टरों ने उसे मौके पर ही मृत घोषित कर दिया। आईआईटी दिल्ली में बायोमैकेनिकल इंजीनियरिंग का द्वितीय वर्ष का छात्र था।

बायोमैकेनिकल इंजीनियरिंग का द्वितीय वर्ष का छात्र था

घोषणा | *16 जून को जारी होगी अधिसूचना*

## पूरे देश में दो चरणों में की जाएगी जनगणना

**नई दिल्ली, 4 जून (देशबन्धु)। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय जनगणना-2027 में दो चरणों में कराने की घोषणा की है और इसके लिए अधिसूचना 16 जून को जारी की जाएगी। लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के बर्फीले क्षेत्रों जनगणना का काम अगले साल सितंबर में ही शुरू किया जा सकता है। बाकी प्रदेशों में यह काम फरवरी 2027 में शुरू किए जाने की संभावना है।**

सरकार के निर्णय के अनुसार इस बार की जनगणना में जातियों की गणना भी शामिल होगी। पिछली जनगणना 2011 में की गयी थी और उस समय भी यह काम दो चरणों में पूरा किया गया था। गृह मंत्रालय ने बुधवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि जनगणना - 2027 के लिए संदर्भ तिथि एक मार्च, 2027 को 00:00 बजे की रखी जायेगी। केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख और केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर तथा हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों के बर्फीले क्षेत्रों के लिए संदर्भ तिथि अक्टूबर, 2026 के प्रथम दिन 00:00 बजे रखी गई है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि जनगणना अधिनियम, 1948 की धारा 3 के प्रावधान के अनुसार उपरोक्त संदर्भ तिथियों के साथ जनगणना कराने के आशय की अधिसूचना आगामी 16 जून को आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशित की जाएगी। सरकार 2021 की जनगणना कोविड के कारण नहीं करा सकी थी। जनगणना-2021 के पहले चरण की सभी तैयारियां पूरी हो गई थी और पहली अप्रैल, 2020 से कुछ राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों में फील्ड वर्क शुरू होने वाला था। महामारी के प्रकोप के कारण जनगणना का काम स्थगित करना पड़ा था।



■ पहाड़ी राज्यों में अक्टूबर 2026 से होगी शुरू
■ अन्य सभी जगह मार्च 2027 से शुरुआत

### पहली जनगणना 1872 व आखिरी 2011 में हुई थी

भारत में हर दस साल में जनगणना होती है। पहली जनगणना 1872 में हुई थी। 1947 में आजादी मिलने के बाद पहली जनगणना 1951 में हुई थी और आखिरी जनगणना 2011 में हुई थी। आंकड़ों के मुताबिक, 2011 में भारत की कुल जनसंख्या 121 करोड़ थी।

# देश

उवाच

"भविष्य में अगर ऐसी परिस्थितियां चीन के साथ हो तो क्या हम तैयार हैं इन सब चीजों की जानकारी के लिए विशेष सत्र होना जरूरी है। प्रधानमंत्री की नियुक्ति देश की जनता नहीं करती,पार्लियामेंट करती है।

–सुधाकर सिंह,राजद सांसद



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 34.0 | 24.0 |
| मुंबई | 27.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 28.0 | 26.0 |
| चेन्नई | 31.0 | 29.0 |

# हम दुनिया में अलग-थलग पड़े : कांग्रेस

## जी-7 के शिखर सम्मेलन के लिए भारत को आमंत्रित नहीं किए जाने पर केंद्र को घेरा

**नई दिल्ली,** 4 जून (एजेंसियां)। कनाडा में होने वाले जी-7 के शिखर सम्मेलन में भारत को आमंत्रित नहीं किए जाने पर कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने केंद्र सरकार को घेरा और इसे सरकार की कमजोर विदेश नीति करार दिया है। कांग्रेस सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की कमजोर विदेश नीति और गैर जिम्मेदाराना व्यवहार के कारण हम दुनिया में अलग-थलग पड़ गए हैं। भारत-पाकिस्तान के साथ हाल के दिनों में जिस प्रकार से युद्ध की स्थिति पैदा हुई, कोई भी देश भारत के साथ खड़ा नहीं हुआ।

नेपाल, भूटान, श्रीलंका जैसे देश ने भारत का पक्ष नहीं लिया। विपक्षी दल के नेता के तौर पर राहुल गांधी ने वही कहा है जो देश के प्रति उनकी जिम्मेदारी थी। पूरी दुनिया जानती है कि डोनाल्ड ट्रंप ने 12 बार कहा है कि उन्होंने व्यापार के नाम पर युद्ध विराम कराया है। इसलिए राहुल गांधी ने अपना कर्तव्य निभाया। कांग्रेस सांसद ने कहा कि हमें एक मजबूत प्रधानमंत्री की उम्मीद थी। लेकिन, अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि वो पीएम मोदी नहीं हैं। सीडीएस जनरल अनिल चौहान के पाकिस्तान को 8 घंटे में घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया गया वाले बयान पर कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि हम सीडीएस के नेतृत्व में भारत के



भारत-पाक के साथ हाल के दिनों में जिस प्रकार से युद्ध की स्थिति पैदा हुई, कोई भी देश भारत के साथ खड़ा नहीं हुआ : **प्रमोद तिवारी**

विजयी सशस्त्र बलों की वीरता और बहादुरी को सलाम करते हैं और उनकी सराहना करते हैं। उन्होंने जो कहा वह बिल्कुल सही है। हम अपने सीडीएस और अपने सशस्त्र बलों के साथ मजबूती से खड़े हैं।

वहीं दूसरी ओर कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के उस बयान का समर्थन किया है, जिसमें उन्होंने था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा कि राहुल गांधी हमेशा सच कहते हैं वह गलत बयान नहीं देते। बुधवार को कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा कि राहुल गांधी सच ही कहते हैं और इस बार भी सच की कहा है। इसमें गलता क्या है। 1971 याद कर लीजिए, 1971 में दो टुकड़े कर दिए गए थे। इस बार पीओके पर कब्जा हो जाता, लेकिन पहले ही सीजफायर कर रोक दिया गया। हमें सेना के शौर्य, पराक्रम में कोई कमी नहीं दिखाई देती है। राहुल गांधी ने मंगलवार को भोपाल में एक रैली के दौरान विवादित टिप्पणी की, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि 10 मई को घोषित भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम समझौते के दौरान डोनाल्ड ट्रंप के फोन के बाद पीएम मोदी ने तुरंत आत्मसमर्पण कर दिया था। दूसरी ओर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के कांग्रेस में लंगड़े घोड़ों को रिटायर करेंगे वाले बयान पर कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा कि युद्ध में जाने के लिए आपको मजबूत घोड़ों की जरूरत होती है, जैसे कि चेतक जैसे घोड़े। राहुल गांधी के एक बयान कुछ कांग्रेस नेता भाजपा के लिए काम करते हैं इस पर कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा कि यह पार्टी नेतृत्व का मामला है। मेरे पास इस पर टिप्पणी करने का कोई कारण नहीं है।

केवल वही सबसे बेहतर बता सकते हैं कि वह किन नेताओं का जिक्र कर रहे थे। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की ओर से सिंदूर को लेकर दिए विवादित बयान पर कांग्रेस सांसद ने कहा कि मुझे समझ में नहीं आया है कि उन्होंने क्या कहा है।

### डोनाल्ड ट्रंप ने सीजफायर के लिए मध्यस्थता की बात कहकर हमें अपमानित किया : तिवारी

कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सीजफायर के लिए मध्यस्थता की बात कहकर हमें अपमानित किया। कांग्रेस सांसद ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के उस बयान का समर्थन किया है, जिसमें उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था। कांग्रेस सांसद ने कहा कि सच का तीर राहुल गांधी ने छोड़ा है जो भाजपा के पाप की हंडिया में सीधे जाकर लगा है। भाजपा हतोत्साहित और मानसिक रूप से व्यथित हो गई है। इसलिए वे असंसदीय भाषा में हमला कर रहे हैं। मैं पूछता हूं कि अगर भाजपा में हिम्मत है तो पीएम नरेंद्र मोदी से कहें कि वह इसके बारे में अपनी बात रखें और कहें कि ट्रंप झूठ बोल रहे हैं।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर बरगद का पौधा लगाएंगे मोदी

**नई दिल्ली,** 4 जून (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को यहां एक विशेष वृक्षारोपण अभियान के तहत बरगद का पौधा लगाएंगे। प्रधानमंत्री यहां भगवान महावीर वनस्थली पार्क में एक विशेष वृक्षारोपण पहल के तहत वृक्षारोपण करेंगे। मोदी 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के अंतर्गत बरगद का पौधा लगाएंगे। यह 'अरावली ग्रीन वॉल परियोजना' का हिस्सा होगा, जिसका उद्देश्य 700 किलोमीटर लंबी अरावली श्रंखला को फिर से वनों से परिपूर्ण करना है। यह परियोजना दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा और गुजरात सहित चार राज्यों के 29 जिलों में अरावली पर्वत श्रंखला के आसपास पांच किलोमीटर के बफर क्षेत्र में हरियाली का विस्तार करने की एक प्रमुख पहल है।



इसका उद्देश्य वनीकरण, पुनर्वनीकरण और जल निकायों के जीर्णोद्धार के माध्यम से अरावली की जैव विविधता को बढ़ावा देना है। इसका उद्देश्य क्षेत्र की मिट्टी की उर्वरता, जल उपलब्धता और जलवायु अनुकूलता में सुधार करना भी है। यह परियोजना स्थानीय समुदायों को रोजगार और आय सृजन के अवसर प्रदान करते हुये लाभान्वित भी करेगी। इसके अलावा मोदी दिल्ली सरकार की सतत परिवहन पहल के तहत 200 इलेक्ट्रिक बसों को भी हरी झंडी दिखाएंगे। यह न केवल स्वच्छ शहरी गतिशीलता को बढ़ावा देगा, बल्कि पारिस्थितिक संतुलन के प्रति राष्ट्र के सामूहिक दायित्व का भी प्रतीक होगा।

# लद्दाख के लिए कोटा, अधिवास नियमों की घोषणा

## पीडीपी नेता ने प्रदेश सरकार पर साधा निशाना

**श्रीनगर,** 4 जून (एजेंसियां)। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के नेता एवं विधायक वहीद पर्रा ने बुधवार को केंद्र सरकार से कोई रियायत पाने में विफल रहने के लिए जम्मू-कश्मीर सरकार पर निशाना साधा। पर्रा लद्दाख के लिए आरक्षण और अधिवास नियम देने, स्थानीय लोगों के लिए 85 प्रतिशत नौकरियां आरक्षित करने और अधिवास की स्थिति केंद्र शासित प्रदेश में 15 साल तक निर्बाध रहने का मानदंड निर्धारित करने के केंद्र के फैसले पर प्रतिक्रिया दे रहे थे।

गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर से संबंधित भारतीय संविधान के अनुच्छेद 370 को अगस्त 2019 में खत्म करने के बाद राज्य को लद्दाख और जम्मू- कश्मीर नाम से दो केंद्र शासित प्रदेश में तब्दील कर दिया गया था। जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश में 15 साल तक रहने वाला कोई भी व्यक्ति अधिवास का विशेषाधिकार प्राप्त कर सकता है। यह नियम केंद्र शासित प्रदेश के मामले में पूर्वव्यापी रूप से लागू होता है। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के नेता एवं विधायक वहीद पर्रा ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि लद्दाख ने स्थानीय लोगों के लिए 85 प्रतिशत नौकरी आरक्षण हासिल किया, जबकि वहां विधानसभा भी नहीं है। लद्दाखी नेताओं ने काम काम करके दिखाया। इस बीच, बहुमत वाली जम्मू-कश्मीर सरकार निष्क्रिय बनी हुई है। आठ महीने बीत गए, वादे आसमान छू रहे हैं, काम कुछ नहीं हुआ। गौरतलब है कि अप्रैल में पिछले विधानसभा सत्र के दौरान जम्मू-कश्मीर सरकार ने कहा था कि पिछले दो सालों में केंद्र शासित प्रदेश में गैर-राज्य विषयों को 83,000 से अधिक निवास प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं।



आठ माह बीत गए वादे आसमान छू रहे काम कुछ नहीं हुआ : **वहीद पर्रा**

## सार संक्षेप

### जम्मू में नशीले पदार्थ संग एसपीओ समेत दो गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने उधमपुर और कठुआ जिलों में नशीले पदार्थों के साथ एक विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। बुधवार को मपुर शहर के फंग्याल इलाके के पास गश्त के दौरान एक टीम ने एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका, जिसने पुलिस टीम को देखकर भागने की कोशिश की, लेकिन उसे पकड़ लिया गया। आरोपी की पहचान डीपीएल उधमपुर में विशेष पुलिस अधिकारी के पद पर तैनात विशाल सिंह के रूप में हुई। अन्य घटना में कठुआ के रामकोट इलाके के गलाक में एक ड्रग तस्कर को गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया।

### त्रपुरा में कार दुर्घटना के बाद चालक की पीट-पीटकर हत्या

**अगरतला।** त्रिपुरा के उनोकोटी जिले में कैलाशहर के 'कालीशासन चाय बगान' में हिंसक ग्रामीणों के एक समूह ने एक कार चालक की पीट-पीटकर हत्या कर दी है। मंगलवार को निजी कार में सवार तीन लोगों ने बागान के एक कर्मचारी को टक्कर मार दी और फिर कार कंक्रीट के नाले में जा गिरी। कार से हालांकि टक्कर लगने के बाद लोगेर ओरंग नामक व्यक्ति घायल हो गया और उसके पैर टूट गए। दुर्घटना के तुरंत बाद कार सवार तीनों लोग वाहन छोड़कर पास में चाय बागान की झाड़ियों में भाग गए। आक्रोशित ग्रामीणों ने उनकी तलाश कर जिले के कुमारघाट के रतियाबारी निवासी चालक प्रदीप दास को पकड़ लिया।

### भूस्खलन से सिक्किम के कई इलाके बाहरी संपर्क से कटे

**नई दिल्ली।** सिक्किम समेत अन्य उत्तर पूर्वी राज्यों में आए भीषण भूस्खलन और बाढ़ से सामान्य जनजीवन काफी प्रभावित हुआ है। घरों में बाढ़ का पानी घुस जाने से सैकड़ों लोगों को अपने घरों को छोड़कर जाना पड़ा है। सेना ने अब तक करीब तीन हजार लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया है। वहीं, सिक्किम में आए भीषण भूस्खलन के बाद यहां भी भारतीय सेना खराब मौसम और खतरनाक भौगोलिक परिस्थितियों के बीच लगातार बचाव और राहत कार्यों में जुटी हुई है।

### महाराष्ट्र में कोविड-19 के 86 नए मामले

**मुंबई।** महाराष्ट्र में बुधवार को कोविड-19 के 86 नए मामले सामने आए और इसके बाद राज्य में इस साल जनवरी से अब तक इस संक्रमण की चपेट में आने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 959 हो गई। इनमें से 435 मरीज ठीक हो चुके हैं, जबकि 510 लोगों का इलाज चल रहा है। राज्य में इस संक्रमण से चार लोगों की मौत हुई है और इसके बाद इससे मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है।

# अपने ही कार्यालय में घिरे बिहार के शिक्षा मंत्री

**पटना,** 4 जून (देशबन्धु)। बिहार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार बुधवार को एक बार फिर से घिर गए। इस बार सड़कों पर नहीं बल्कि जेडीयू प्रदेश कार्यालय में घिरे। प्रदर्शनकारी शारीरिक शिक्षकों से बचने के लिए इधर-उधर भागने लगे, लेकिन आंदोलनकारी उनका पीछा छोड़ने को तैयार नहीं थे। इसके बाद पुलिस को बुलाना पड़ा, तब जाकर मंत्री जी बाहर निकले। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार बुधवार को जनता दल (यू) के प्रदेश कार्यालय में इधर-उधर भाग रहे थे। उनके पीछे-पीछे शारीरिक शिक्षक



शारीरिक शिक्षकों का कहना था कि उन्हें 8000 ही वेतन दिया जा रहा है, यह कहीं से उचित नहीं है। शिक्षा मंत्री जैसे ही अपनी गाड़ी के पास पहुंचे, उनकी गाड़ी को घेर लिया गया। हंगामा इतना ज्यादा होने लगा कि सुरक्षा कर्मियों को उन्हें बचाना पड़ा। पहली बार बचा कर उन्हें कार्यालय के अंदर ले जाया गया। मंत्री दूसरी बार जब निकले तो उन लोगों ने फिर से घेर लिया। गाड़ी को घेर कर हंगामा करने लगे। हालत ऐसा हो गया कि कोतवाली थाने के पुलिस को जदयू कार्यालय बना बुलाना पड़ा। बड़ी मुश्किल से शिक्षा मंत्री को शारीरिक शिक्षकों के बीच से निकाला गया।

# अहमदाबाद से पटना आ रही इंडिगो की फ्लाइट में बम की सूचना से मचा हड़कंप

**पटना,** 4 जून (देशबन्धु)। अहमदाबाद से पटना आ रही इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट में बम होने की सूचना मिलते ही हड़कंप मच गया। फ्लाइट में सवार 195 यात्रियों की जान सांसत में आ गई। इस धमकी के बाद पटना एयरपोर्ट पर हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया और विमान की आपातकालीन लैंडिंग कराई गई। बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड की टीम के जांच के बाद फ्लाइट को सुरक्षित घोषित किया गया। इसी के साथ इंडिगो की विमान संख्या 6ई 921 में बम होने की सूचना गलत साबित हुई। फ्लाइट में बम होने की खबर तब सामने आई जब इंडिगो की अहमदाबाद-पटना विमान पटना पहुंचने ही वाली थी। दोपहर 12 बजकर 45 मिनट पर इंडिगो की स्टेशन मैनेजर शालिनी को उनके व्हाट्सएप पर बम होने की धमकी मिली। उन्होंने तत्काल एयर ट्रैफिक कंट्रोल को इस बात की जानकारी दी। जिसके बाद विमान को सिर्फ 8 मिनट के भीतर 12:53 बजे रनवे पर सुरक्षित लैंड करा लिया गया। सूचना मिलते ही पटना एयरपोर्ट पर संबंधित विमान की सघन जांच की गई। सीआईएसएफ की भी तैनाती वहां कर दी गई। अगले एक घंटे तक विमान की गहन तलाशी ली गई। यात्रियों को विमान से बाहर नहीं निकाला गया, जिससे सभी यात्रियों की धड़कनें तेज हो गईं थी। पूरी तलाशी के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री बरामद नहीं हुआ। करीब दोपहर 2 बजे विमान को दोबारा रनवे पर लाया गया और सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।



यात्रियों की अटकीं सांसे, मची अफरातफरी

### धमकी भेजने वाले की तालश हुई तेज

घटना की सूचना मिलते ही सीआईएसएफ, बिहार पुलिस, एयरपोर्ट प्रशासन और खुफिया एजेंसियां अलर्ट हो गईं। धमकी भेजने वाले की पहचान के लिए तकनीकी विश्लेषण शुरू कर दिया गया है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, धमकी व्हाट्सएप के जरिए भेजी गई, जिसे अब ट्रेस करने की प्रक्रिया चल रही है। यह कोई पहली बार नहीं है जब पटना एयरपोर्ट पर विमान सुरक्षा को लेकर गंभीर मामला सामने आया हो। कुछ दिन पहले पुणे से पटना आ रही फ्लाइट पर लेजर लाइट डाली गई थी, जिससे बड़ा हादसा टल गया था। अब बम की धमकी ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नए सवाल खड़े कर दिए हैं।

# बास्ता के निधन पर भाकपा माले ने जताया शोक

**रांची,** 4 जून (एजेंसियां)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के राज्य सचिव मनोज भक्त के वरिष्ठ नेता कॉमरेड बास्ता सोरेन के निधन की सूचना अत्यंत दुखद है। उनके जाने से झारखंड के वामपंथी, जनपक्षीय और लोकतांत्रिक आंदोलन को गहरी क्षति पहुंची है। भाकपा (माले) झारखंड राज्य कमिटी उन्हें क्रांतिकारी श्रद्धांजलि अर्पित करती है। पार्टी के राज्य सचिव मनोज भक्त ने यहां यह बात कही। उन्होंने कहा कि बास्ता सोरेन 1962 से 1967 तक झारखंड के घाटशिला विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे। वे उस दौर के अग्रणी आदिवासी नेता थे जिन्होंने आदिवासी समाज, श्रमिकों और किसानों के हकों के लिए आजीवन संघर्ष किया। वे केवल एक जनप्रतिनिधि ही नहीं, बल्कि वंचित तबकों की आवाज़ बनकर उभरे थे।

# बिहार में तालिबान से भी बदतर स्थिति : तेजस्वी यादव

## डॉक्टर की बेरहमी से पिटाई को लेकर सरकार पर बोला हमला

**पटना,** 4 जून (देशबन्धु)। बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने गया जिले में एक ग्रामीण डॉक्टर की बेरहमी से पिटाई को लेकर राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने दावा किया है कि डॉक्टर सिर्फ एक रेप पीड़िता की मदद करने गए थे, लेकिन भीड़ ने उन्हें पेड़ से बांधकर बुरी तरह पीटा। तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर घटना का वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि बिहार में तालिबान से भी बदतर स्थिति है। रेप पीड़िता की मां का इलाज करने गए डॉक्टर को आरोपियों ने पेड़ से बांधकर खून से लथपथ कर दिया। जानकारी के अनुसार, 50 वर्षीय ग्रामीण चिकित्सक जितेंद्र यादव गुरपा थाना क्षेत्र के हाराकुरहा गांव में एक महिला का इलाज करने पहुंचे थे। इसी दौरान गांव के कुछ लोगों ने उन्हें पकड़ लिया और आरोप लगाया कि डॉक्टर के महिला से गलत संबंध हैं। लोगों ने उन्हें आपत्तिजनक स्थिति में देखने का दावा किया और फिर उन्हें पेड़ से बांधकर जमकर पीटा।



### प्रशासन अपराध रोकने में असमर्थ

राजद नेता ने कहा कि राज्य की एनडीए सरकार 20 सालों में कानून व्यवस्था सुधारने में पूरी तरह विफल रही है। पुलिस, प्रशासन अपराध रोकने में असमर्थ है और लोग कानून हाथ में ले रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अचेत हैं, सरकार नशे में है और अधिकारी लूट में मस्त हैं। यह घटना गया जिले के फतेहपुर प्रखंड की बताई जा रही है।

# ओडिशा में गलत इंजेक्शन लगने से पांच मरीजों की मौत

**कोरापुट,** 4 जून (एजेंसियां)। ओडिशा के कोरापुट जिले में गलत इंजेक्शन लगने के कारण पांच लोगों की मौत का मामला सामने आया है। आरोप है कि सर्जरी वार्ड में भर्ती पांच मरीजों की गलत इंजेक्शन लगने से मौत हो गई। मामला कोरापुट जिले में स्थित शहीद लक्ष्मण नायक मेडिकल कॉलेज का है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि बीती रात सर्जरी वार्ड में भर्ती पांच मरीजों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, कोरापुट, बोरीगुम्मा, कालाहांडी, सेमिलिगुड़ा, माछरा जैसे विभिन्न क्षेत्रों से कई गंभीर रूप से बीमार मरीजों का अस्पताल के आईसीयू और सर्जरी वार्ड में इलाज चल रहा था। बीती रात अचानक 11 बजे के बाद आईसीयू में गंभीर रूप से बीमार मरीजों में से पांच मरीजों की मौत हो गई। मरीज के परिजनों के अनुसार, आईसीयू में ऑपरेशन के बाद मरीज ठीक थे। बाद में उन्हें गलत इंजेक्शन लगाया गया और इसी वजह से उनकी मौत हो गई। एक परिजन ने बताया कि मरीज को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसका ऑपरेशन भी सही तरीके से हुआ, लेकिन बाद में उसे इंजेक्शन दिया गया और इसके बाद हमारे मरीज के हाथों में रिएक्शन होने लगा। थोड़ी देर बाद ही हमारे मरीज की मौत हो गई। इस घटना के बाद मृतक परिजनों ने अस्पताल के बाहर हंगामा किया, जिसके बाद पुलिस और अस्पताल के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे।



# आदिवासी संगठनों के झारखंड बंद का दिखा व्यापक असर

**रांची,** 4 जून (एजेंसियां)। आदिवासी संगठनों की ओर से बुधवार को बुलाए गए झारखंड बंद का असर रांची समेत कई शहरों में व्यापक रूप से देखा गया। बंद समर्थकों ने रांची, गुमला, रामगढ़, हजारीबाग, लातेहार और जमशेदपुर में कई स्थानों पर प्रमुख सड़कों को जाम कर दिया। इस दौरान, बाजार और दुकानें भी बंद करा दी गई हैं। बंद के मद्देनजर रांची में दो हजार से ज्यादा पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। राज्य के अन्य इलाकों में भी पुलिस और सुरक्षा बल लगातार गश्त पर हैं। यह बंद रांची में केंद्रीय 'सरना स्थल' के पास फ्लाईओवर का रैंप हटाने और राज्य में आदिवासी धर्म-आस्था से जुड़े स्थलों के संरक्षण की मांग को लेकर आदिवासी बचाओ मोर्चा और सिरमटोली बचाओ मोर्चा सहित अन्य संगठनों ने आहूत किया है। इन संगठनों का कहना है कि आदिवासियों के धर्म-आस्था से जुड़े स्थलों पर कथित रूप से अतिक्रमण एवं अवैध कब्जा कर उनकी परंपरा को चोट पहुंचाई जा रही है। इन संगठनों को कई प्राचीन आदिवासी धर्मस्थलों पर सरकार की ओर से कराए जा रहे निर्माण पर भी आपत्ति है। रांची शहर में खेलगांव चौर, अरगोड़ा, मोरहाबादी, कांके, ओरमांझी, कडरू, टाटीसिलवे, रातू, मांडर सहित कई स्थानों पर बंद समर्थक परंपरागत हथियारों और लाठी-डंडों के साथ सड़कों पर उतर आए और बांस-बल्ली घेरकर जाम लगा दिया।

सड़कों पर टायर जलाकर अवरोध उत्पन्न कर दिया गया। गुमला जिला मुख्यालय से करीब 10 किमी दूर टोटो में आदिवासी संगठन के लोगों ने गुमला और लोहरदगा शहरों की ओर जाने वाली सड़कों को जाम कर दिया है।



हाईवे और सड़कों पर लगाया जाम

मांग | एलओसी पर नागरिकों की अपने घरों पर व्यक्तिगत बंकर बनाए जाने की उठी मांग

# अभी भी स्कूलों में बनाए शिविरों में रहने को मजबूर सैंकड़ों लोग

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 4 जून (देशबन्धु)। यह है तो हैरान करने वाली बात पर पूरी तरह से सच है कि पाकिस्तान से सटी 814 किमी लंबी एलओसी अर्थात लाइन आफ कंट्रोल से सटे गांवों में रहने वाले लाखों परिवारों को भोजन, सड़क, बिजली और पानी से अधिक जरूरत उन भूमिगत बंकरों की है जिनमें छुप कर वे उस समय अपनी जानें।** बचाना चाहते हैं जब पाकिस्तानी सैनिक नागरिक ठिकानों को निशाना बना गोलों की बरसात करते हैं। जानकारी के लिए 1999 में करगिल युद्ध के बाद से तो भूमिगत बंकर सीमांत नागरिकों के जीवन का अभिन्न अंग बन चुके हैं। दरअसल आपरेशन सिंदूर के दौरान पाक सेना की ओर से गोलाबारी के बाद एलओसी के इलाकों में अपना घर छोड़ने के लिए मजबूर हुए सैंकड़ों लोग अभी भी स्कूलों में बनाए गए शिविरों में रहने को मजबूर हैं। इन लोगों ने अब सरकार से अपने घरों पर व्यक्तिगत बंकर बनाए जाने की मांग की है।



जनगढ़ निवासी प्रशोतम कुमार कहते थे कि हमारी पहली और सबसे महत्वपूर्ण मांग यह है कि अगर हमें दोबारा एलओसी पर रहना है तो सरकार को सीमा पर बसे प्रत्येक घर में बंकर बनाना चाहिए। यह एलओसी पर रहने वाले लोगों की सबसे अहम मांग है। सीमा शरणार्थी समन्वय समिति के अध्यक्ष कुमार ने अपनी मांग से केंद्र सरकार को अवगत कराया और कहा कि हमें भोजन से ज्यादा बंकर की जरूरत है। यह हमारे और हमारे परिवार के लिए बुलेट प्रूफ जैकेट की तरह है। सीमावर्ती गांव कलसियां के सरपंच बहादुर चौधरी ने कहा कि अगर सभी निवासियों को उनके घरों पर बंकर मिलते हैं तो कोई भी एलओसी पर बसे गांवों को नहीं छोड़ेगा चाहे पाकिस्तान कितनी भारी गोलाबारी क्यों ना करें। नौशहरा के भाजपा नेता और पूर्व विधायक रविंदर रैना ने भी उनकी मांग का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि भूमि का एक हिस्सा एलओसी पर रहने वाले लोगों को उपलब्ध कराया जाना चाहिए ताकि वे सुरक्षित ठिकाना बना सकें। पाक की तरफ से होने वाली गोलाबारी की वजह से नौशहरा सेक्टर के पांच स्कूलों में बने शिविरों में रहने को मजबूर सीमावर्ती निवासी सीजफायर के बावजूद अपने घर जाने में हिचक रहे हैं क्योंकि पाकिस्तान की कथनी और करनी पर विश्वास नहीं किया जा सकता। नौशहरा सेक्टर में जीरो लाइन पर शेर मकरी गांव की निवासी सर्वेश्वरी देवी ने कहा कि ऐसे में हम कैसे वापस लौट सकते हैं जब पाक सेना हमारे घरों पर गोलाबारी कर रही है।

हम दशकों से पाकिस्तान की आक्रामकता का सामना कर रहे हैं। पाकिस्तान की ओर से बिना उकसावे की गोलीबारी के लिए आसान निशाना बनने के बजाय हम अपने घरों से दूर रहने को तरजीह देते हैं।

■ करगिल युद्ध के बाद जीवन का हिस्सा बन चुके हैं भूमिगत बंकर

■ सीजफायर के बावजूद अपने घर जाने में हिचक रहे हैं सीमावर्ती निवासी

उल्टा पुल्टा

पिता ने बेटे से कहा : लड़की वालों के सामने बड़ी-बड़ी बातें करना, लड़की वालों के आते ही बेटे ने पिता से कहा : पापा चाबी देना वो ट्रेन धूप में खड़ी है, उसे अंदर कर दूं...

# कैपिटल ज़ोन

# चिड़ियाघर को निजी हाथों में सौंपना भाजपा की पूंजीपति हितेषी नीति का हिस्सा : कांग्रेस

## केंद्र सरकार पर लगाया वन्यजीव और जंगलों का सौदा करने का आरोप

**नई दिल्ली,** 4 जून (देशबन्धु)। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली में भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार 100 दिनों में चौतरफा विफल साबित हुई है और केन्द्र सरकार पूंजीपति संरक्षण और पोषण की नीति पर काम कर रही है। जो दिल्ली के ऐतिहासिक चिड़ियाघर को उद्योगपति अनंत अंबानी की कम्पनी के हाथों में सौंपने के बाद साबित हो गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा देश की सार्वजनिक संपतियों का निजीकरण और बेचने के बाद भाजपा अब वन्यजीव और जंगलों का भी सौदा कर रही है, जिसकी कांग्रेस निंदा करती है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा द्वारा निजीकरण करके सरकारी व सार्वजनिक संस्थाओं को पूंजीपति मित्रों को बेचने सहित लाल किला जैसी देश की धरोहर को लीज पर देना साबित करता है कि



दिल्ली में भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार सौ दिनों में चौतरफा विफल साबित हुई : देवेन्द्र यादव

इनकी नीति देश के विकास के खिलाफ है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि देश नहीं बिकने नहीं दूंगा कहने वाले अब पशु पक्षियों तक को बेचने का कारोबार कर रहे हैं। यह अत्यंत संवेदनशील है कि चिड़ियाघर जहां जानवरों और लुप्त हो रही पक्षियों की प्रजातियों को बचाने में सरकार एक अहम भूमिका निभाती थी, अब चिड़ियाघर को निजी हाथों में सौंप कर भाजपा सरकार दिल्ली की जनता सहित चिड़िया घर के जानवरों तक की जिम्मेदारी निभाने में विफल हो रही है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि 178 एकड़ में फैला दिल्ली का चिड़ियाघर 1959 में स्थापित किया गया था जिसका रख-रखाव सरकार द्वारा किया जा रहा था। देश का जल, जंगल, जमीन, एयरपोर्ट, रेल सहित अब चिड़िया घर तक भाजपा बेच रही है। उन्होंने कहा कि चिड़ियाघर का निजीकरण करने के बाद पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में कार्यरत कर्मचारियों के सामने अपनी रोजी रोटी का संकट भी आ सकता है। भाजपा सरकार निजी कम्पनी के हाथों में चिड़िया घर सौंपकर अपनी नाकामी को छिपा रही है।

### दिल्ली के खजाने को लूटने वालों को दंडित करने में संवेदनशील नहीं दिल्ली सरकार : यादव

देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली के खजाने को लूटने वालों को दंडित करने में सरकार संवेदनशील नहीं है। अरविन्द केजरीवाल सहित मनीष सिसोदिया और सत्येन्द्र जैन बेशक जमानत पर जेल से बाहर हो लेकिन कानून की प्रक्रिया के तहत दिल्ली सरकार के स्कूलों के 12748 क्लास रुम के निर्माण में अनियमितताओं और लागत में अत्यधिक बढ़ोतरी के घोटाले के आरोप में एन्टी करप्शन ब्यूरों द्वारा सत्येन्द्र जैन और मनीष सिसोदिया को 6 और 9 जून को पेश होने का नोटिस जारी करने से साबित हो गया है भ्रष्टाचार करने वाला कभी बच नहीं सकता। ए.सी.बी. ने इस मामले में 30 अप्रैल 2025 को एफआईआर दर्ज की थी।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि एसीबी की जांच से आम आदमी पार्टी की शिक्षा क्षेत्र में किए कार्यों की सच्चाई दिल्ली वालों के सामने आ गई है कि आप सरकार शिक्षा क्षेत्र को सबसे बड़ी उपलब्धि बताते थे, दिल्ली सरकार ने सरकारी स्कूलों के निर्माण का कार्य पीडब्ल्यूडी द्वारा किया गया और क्लास रूम निर्माण में अनियमितताएं हुई और लगभग 2000 करोड़ का क्लास रुम घोटाला उजागर सामने आया है, जिसमें तत्कालीन शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया और तत्कालीन पीडब्ल्यूडी मंत्री सत्येन्द्र जैन पर आरोप साबित हुआ है, जिसके तहत दोनों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि आम आदमी पार्टी पूरे 11 वर्ष दिल्ली में झूठे विकास का ढ़िढ़ोंरा पीट रही थी।

## विजेंद्र गुप्ता ने गजेन्द्र सिंह शेखावत से की भेंट



**नई दिल्ली,** 4 जून (देशबन्धु)। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने बुधवार को केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से मुलाकात कर दिल्ली विधानसभा को 'लिविंग हेरिटेज साइट' के रूप में विकसित करने के लिए पर्यटन मंत्रालय से सहयोग का अनुरोध किया। शेखावत ने इस पहल की सराहना करते हुए मंत्रालय की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वे शीघ्र ही पर्यटन मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ दिल्ली विस का दौरा करेंगे और परियोजना का स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक सहायता प्रदान करेंगे। बैठक के दौरान गुप्ता ने मंत्री को अवगत कराया कि विस सचिवालय द्वारा भवन की ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित करने एवं उसके महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने विधानसभा परिसर को देश की समृद्ध विधायी परंपरा का प्रतीक बनाने की अपनी दूरदृष्टि साझा की। गुप्ता ने 20 मई 2025 को दिल्ली विस में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक का उल्लेख किया।

# पूरी दिल्ली में तोड़ी जा रहीं झुग्गियां : आप

## बेघर किए गए झुग्गीवासियों से की आप नेताओं ने मुलाकात

**नई दिल्ली,** 4 जून (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के नेताओं ने बुधवार को वजीरपुर का दौरा कर भाजपा सरकार द्वारा बेघर किए गए झुग्गीवासियों से मुलाकात की और उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिया। 'आप' दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि आम आदमी पार्टी हमेशा गरीबों के साथ खड़ी है। भाजपा ने 'जहां झुग्गी, वहां मकान' का वादा किया था, लेकिन आज पूरी दिल्ली में झुग्गियां तोड़ी जा रही हैं। वज़ीरपुर में भी सैकड़ों परिवारों को बेघर कर दिया गया। उन्होंने कहा कि सीएम रेखा गुप्ता रोज झूठ बोलती हैं कि उनकी सरकार एक भी झुग्गी टूटने नहीं देगी। चुनाव के वक्त भाजपा नेता रात्रि प्रवास के बहाने झुग्गियां देखने आते थे, ताकि सरकार में आते ही इन गरीबों को उजाड़ सकें।

इस दौरान बुराड़ी से विधायक संजीव झा और मॉडल टाउन से पूर्व विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी भी मौजूद रहे। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा से लेकर सांसद-विधायक तक दिल्ली चुनाव से पहले झुग्गियों में रात्रि प्रवास के लिए जाते थे। उस वक्त भी 'आप' ने झुग्गीवालों को आगाह किया था कि भाजपा के नेता रात्रि प्रवास करने नहीं आ रहे हैं, बल्कि झुग्गियां देखने आ रहे हैं। अगर भाजपा चुनाव जीत गई, तो ये लोग झुग्गियों को तुड़वा देंगे। उन्होंने कहा कि झुग्गीवासियों ने भाजपा के वादों पर भरोसा किया और सोचा कि शायद वे सच बोल रहे हैं कि जहां



दिल्ली की रेखा सराकर ने वजीरपुर में भी सैकड़ों परिवारों को बेघर कर दिया : सौरभ भारद्वाज

झुग्गी, वहां मकान बनाकर देंगे। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि झुग्गीवासियों की मांग यही है कि उनके लिए मकान बनवा दिए जाएं और फिर झुग्गी तोड़ी जाए। लेकिन बिना एक भी मकान दिए, दिल्ली के कई इलाकों में झुग्गियों को तोड़ा जा रहा है। वजीरपुर ही नहीं, ओखला, बारापुला के मद्रासी कैंप, एंड्रयूजगंज की झुग्गियों पर भी भाजपा सरकार ने कार्रवाई की।

बवाना रोहिणी सेक्टर-22 में 300 झुग्गियों को पहले जला दिया गया और फिर झुग्गियों को पूरी तरह साफ कर दिया गया। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता रोज झूठ बोलती हैं और कहती हैं कि उनकी सरकार एक भी झुग्गी नहीं टूटने देगी, लेकिन हकीकत में रोज सैकड़ों झुग्गियां खुलेआम तोड़ी जा रही हैं। मुख्यमंत्री खुल्लम-खुल्ला रोज झूठ बोल रही हैं और गरीबों को ठगा जा रहा है यह कैसा मजाक है। उन्होंने एक परिवार का जिक्र किया, जिसमें छोटे-छोटे बच्चे हैं, एक दूसरी कक्षा में, एक चौथी में और एक छठी में पढ़ता है। अब ये बच्चे अब कहां और कैसे पढ़ेंगे। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि झुग्गीवासियों की छोटी-छोटी आजीविका, जैसे एक इलेक्ट्रॉनिक की दुकान, को भी तोड़ दिया गया।

### भाजपा का चाल, चरित्र व चेहरा अब जनता के सामने आ गया है : त्रिपाठी

'आप' के पूर्व विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा का चाल, चरित्र और चेहरा अब जनता के सामने आ गया है। चुनाव से पहले जब भाजपा के नेता झुग्गीवासियों के साथ रात्रि प्रवास करते थे और उनके साथ खाना खाते थे, तभी अरविंद केजरीवाल ने इनको चेताया था कि भाजपा से सतर्क रहने की जरूरत है। अरविंद केजरीवाल की आशंका सही साबित हुई है। चुनाव से पहले जहां झुग्गी, वहां मकान का वादा करने वाली भाजपा आज जहां झुग्गी, वहां मैदान बनाने का काम कर रही है। भाजपा का यह चरित्र देखकर लोग बहुत दुखी हैं। लोग बिलख रहे हैं और कई परिवारों ने तीन-तीन दिन से रोटी नहीं खाई है।

## निरोगी काया पहला और परिपूर्ण सुख : एसपी सिन्हा

**नई दिल्ली,** 4 जून (देशबन्धु)। किसी भी व्यक्ति के जीवन में निरोगी काया पहला और परिपूर्ण सुख होता है, कोई भी व्यक्ति अपनी जिन्दगी का तभी पूरी तरह आनंद उठा सकता है जबकि वह स्वस्थ और निरोगी हो यह बात भारतीय सेना के मेजर जनरल सेवानिवृत्त एसपी सिन्हा ने स्किन क्योर के उद्घाटन के अवसर पर कही। साकेत के बाद हेयर ट्रांस्प्लांट और त्वचा संबंधी रोगों का इलाज करने वाली संस्था स्किन क्योर ने पंजाबी बाग में अपनी नई शाखा का उद्घाटन किया और इस मौके पर दर्जनों मरीजों की निशुल्क जांच की गई, महिलाओं और पुरुषों के साथ बच्चों की भी जांच की गई। जांच के बाद उन्हें उचित परामर्श भी दिया। स्किन क्योर के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉक्टर बीएल जांगीड़ ने यह कहा कि आने वाले समय में इसी तरह निशुल्क जांच शिविरों का आयोजन किया जाएगा।



## ताइक्वांडो, फेसिंग द वर्ल्ड प्रदर्शनी का हुआ आगाज

**नई दिल्ली,** 4 जून (देशबन्धु)। कोरियन कल्चरल सेंटर इंडिया में ताइक्वांडो, फेसिंग द वर्ल्ड नाम की विशेष प्रदर्शनी की शानदार शुरुआत हुई। इस प्रदर्शनी में राष्ट्रीय ताइक्वांडो संग्रहालय, कोरिया की विशेष संग्रह सामग्री के जरिए ताइक्वांडो के विकास और इसके एक अंतरराष्ट्रीय खेल बनने की कहानी को दिखाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कोरिया गणराज्य के भारत स्थित राजदूत, ली सोंग-हो द्वारा हुआ, इंडिया तायक्वोंडो के अध्यक्ष, एम. एस.त्यागी भारतीय खो-खो महासंघ के महासचिव, डॉ. ज्योति अरोड़ा माउंट आबू पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य और जियोंग सांग-की राष्ट्रीय तायक्वोंडो संग्रहालय के निदेशक मौजूद थे। प्रदर्शनी 1 अगस्त तक सभी के लिए निशुल्क खुली है।

# 15 दिनों में खत्म करें ओल्ड एज पेंशन की पेंडेंसी

## सभी जिला अधिकारियों और संबंधित स्टाफ को मंत्री ने दिए निर्देश




**नई दिल्ली,** 4 जून (देशबन्धु)। दिल्ली के समाज कल्याण, एससी/एसटी कल्याण, चुनाव एवं सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने सभी जिलों के जिला समाज कल्याण अधिकारियों और संबंधित स्टाफ के साथ बैठक कर ओल्ड एज पेंशन की पेंडेंसी अगले 15 दिनों में खत्म करने के निर्देश दिए। रविन्द्र इन्द्राज ने अन्य योजनाओं के लाभार्थियों तक भी लाभ पहुंचाने में मानक संचालन प्रक्रिया का पालन करने के निर्देश दिए। बैठक में समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि उन्होंने जिला कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर लाभार्थियों से चर्चा की, इस दौरान उन्हें शिकायतें मिली हैं। इन्द्राज ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के स्पष्ट निर्देश हैं कि जिला कार्यालय में आने वाले आमजन और लाभार्थियों को पूरी सुविधा मिले, उनके आवेदनों का तय समय में निस्तारण हो और लाभार्थियों को समय से पेंशन मिले। समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि नवंबर में ओल्ड एज पेंशन की जो वैकेंसी निकली थी, उनके लंबित मामलों का निस्तारण अगले 15 दिनों के अंदर करें।

**उत्तर रेलवे**

**'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना के तहत स्टॉल स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं:**

क) **कुल ग्यारह (11) स्टॉल:** बहादुरगढ़, दिल्ली, दिल्ली कैंट, दिल्ली शाहदरा, गाजियाबाद, मेरठ कैंट, मेरठ सिटी, पानीपत, गुड़गांव, समालखा और सोनीपत स्टेशनों पर।

ख) **कुल चौंतीस (34) ट्राली:** जींद, जाखल, टोहाना, मानसा, नरवाना, बादली, बल्लभगढ़, दिल्ली किशनगंज, देवबंद, नरेला, ओखला, पालम, सकौती टांडा, शामली, टपरी, तुगलकाबाद, फरीदाबाद, बागपत रोड, बड़ौत, दिल्ली सराय रोहिल्ला, फरीदाबाद न्यू टाउन, खेकड़ा, नांगलोई, खतौली, मुरादनगर, नोली, परतापुर, शकूरबस्ती, जुलाना, सांपला, दिल्ली सफदरजंग, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज और मोदीनगर स्टेशनों पर।

- बहादुरगढ़, गाजियाबाद, गुड़गांव, समालखा, सोनीपत और मेरठ कैंट स्टेशनों पर स्टॉल स्थापित करने की अवधि प्रति चरण में 90 दिन होगी।
- उपरोक्त (ख) समूह के अंतर्गत दिए गए स्टेशनों पर ट्राली स्थापित करने की अवधि 30 दिन होगी।
- NSG 1, 2, 3 और 4 स्टेशनों पर रजिस्ट्रेशन शुल्क 2000 रु. की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा और NSG 5 (दिल्ली किशनगंज, देवबंद, बादली, ओखला, शामली, टपरी, जींद, जाखल, टोहाना, मानसा, नरवाना, बागपत रोड, खेकड़ा, नांगलोई, मुरादनगर, खतौली, मेरठ कैंट, जुलाना, सांपला, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज और दिल्ली सफदरजंग) & NSG 6 (सकौती टांडा) स्टेशनों के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 1000 रु की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा।
- प्रतिभागी के लिए पात्रता मानदंड निम्नलिखित हैं:
  क) विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरघा, या अपेक्षित राज्य/केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगरों/बुनकर आईडी कार्ड धारक।
  ख) भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड)/ राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी)/खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी)/ गैर सरकारी संगठन और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर सूक्ष्म उद्यमों के साथ पंजीकृत और सामाजिक संगठनों, राज्य सरकार के साथ निकायों आदि के साथ नामांकित/पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार।
  ग) पीएमईजीपी (प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह।
  घ) समाज के हाशिए पर या कमजोर वर्ग।
  ङ) किसी भी अलग प्रतीक चिन्ह की अनुमति प्रदान नही की जाएगी।
- आवेदक को स्टेशन अधीक्षक को एक वचन पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह संकेत दिया जाएगा कि ट्रेन संचालन, यात्री सुरक्षा और रेलवे की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए कोई गतिविधि नहीं की जाएगी।
- आवेदक द्वारा का आवेदन इस अधिसूचना के जारी होने के बाद 09.06.2025, 15:00 बजे तक स्टेशन अधीक्षक को संबोधित व जमा किया जा सकता है व उसी दिन खोला जाएगा।
- सभी अनुमोदित प्रतिभागियों का प्राथमिकता रोस्टर बनाने के लिए एसएस और स्टेशन प्रबंधक/अनुभागीय सीएमआई और नामांकित वित्त प्रतिनिधि द्वारा सभी अनुमोदित आवेदकों की उपस्थिति में स्टेशन पर आयोजित ड्रा के माध्यम से प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी।
- 'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना रेलवे बोर्ड वाणिज्यिक परिपत्र संख्या: 12/2022 एवं 09/2023 के तहत/ अधीन मान्य होगी, उपरोक्त परिपत्र वेबसाइट: **www.indianrailways.gov.in** & URL https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm Cir 2022/OSOP%20Policy.pdf और https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm Cir 2023/CC%20%2009%20of%202023 पर उपलब्ध है।
- इस से सम्बंधित किसी भी जानकारी के लिए आवेदक संबंधित स्टेशनों के स्टेशन अधीक्षक या सीएमआई से संपर्क कर सकता है।

1659/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## कॅरियर लॉन्चर और सीआरपीएफ ने मिलकर अर्धसैनिक बलों के बच्चों को सशक्त बनाने के लिए की साझेदारी



**नई दिल्ली,** 4 जून (देशबन्धु)। भारत की प्रमुख एजुकेशन सर्विस प्रोवाइडर कंपनी, करियर लॉन्चर (सीएल) ने सीआरपीएफ (सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स) के साथ समझौता किया है ताकि सीआरपीएफ के जवानों के बच्चों की पढ़ाई में मदद की जा सके। यह समझौता सीआरपीएफ मुख्यालय में साइन किया गया। इस मौके पर डीआईजी (वेलफेयर) पी. पी. पौली और कमांडिंग ऑफिसर निशीत कुमार मौजूद थे। करियर लॉन्चर की ओर से आशीष बहरी (एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट-मार्केटिंग) ने यह समझौता साइन किया। भारत के अर्धसैनिक बल देश की सुरक्षा में अहम भूमिका निभाते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए करियर लॉन्चर ने यह साझेदारी की है ताकि वह देश की सेवा करने वालों के साथ अपनी एकजुटता दिखा सके। इस साझेदारी के तहत सीआरपीएफ के वर्तमान और रिटायर्ड जवानों के बच्चों को करियर लॉन्चर की उच्च गुणवत्ता वाली कोचिंग पर खास फीस छूट दी जाएगी।

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

YEIDA FUTURE IS HERE

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी-2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नौएडा, जनपद गौतमबुद्धनगर-201308 (उ0प्र0)
टॉल फ्री नंबर : 18001808296, वेबसाइट : www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांक :- वाई.ई.ए./भूलेख/तह0/1405/2025 दिनांक: 03.06.2025

**सार्वजनिक सूचना**

निम्नलिखित भूमि यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा आपसी सहमति के आधार पर काश्तकारों से क्रय किया जाना प्रस्तावित है। क्रय हेतु काश्तकार, गाटा संख्या, क्षेत्रफल व काश्तकार का हिस्सा निम्नलिखित तालिका में अंकित है:-

ग्राम आकलपुर, सैक्टर - 05 व 09 के अन्तर्गत

| क्रमांक | काश्तकार का नाम | खाता संख्या | खसरा संख्या | खसरे का क्षेत्रफल (हे0 में) | काश्तकार का हिस्सा | हिस्सानुसार क्षेत्रफल (हे0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अमित भाटी पुत्र बनारसी भाटी | 177 | 344 | 1.1580 | में से | 0.0633 |
| 2. | श्यौराज सिंह पुत्र थान सिंह नि0 ग्राम आकलपुर | 24<br>75 | 299<br>300 | 0.0430<br>3.1050 | 1/15<br>में से | 0.0029<br>0.2222 |
| 3. | राजेन्द्र सिंह पुत्र थान सिंह नि0 ग्राम | 24<br>75 | 299<br>300 | 0.0430<br>3.1050 | 1/15<br>में से | 0.0029<br>0.2222 |
| 4. | सतेन्द्र सिंह पुत्र थान सिंह नि0 ग्राम आकलपुर | 24<br>75 | 299<br>300 | 0.0430<br>3.1050 | 1/15<br>में से | 0.0029<br>0.2222 |
| 5. | गिरिराज सिंह पुत्र थान सिंह नि0 ग्राम | 24<br>75 | 299<br>300 | 0.0430<br>3.1050 | 1/15<br>में से | 0.0029<br>0.2222 |
| 6. | द्रोपती देवी पत्नी थान सिंह नि0 ग्राम | 24<br>75 | 299<br>300 | 0.0430<br>3.1050 | 1/15<br>में से | 0.0029<br>0.2222 |
| 7. | त्रिभुवन पुत्र विजयपाल नि0 ग्राम | 24<br>75 | 299<br>300 | 0.0430<br>3.1050 | 1/6<br>में से | 0.0072<br>0.4543 |
| 8. | डिग्मबर पुत्र राजेन्द्र व हेमवती पत्नी राजेन्द्र नि0 ग्राम | 24<br>75 | 299<br>300 | 0.0430<br>3.1050 | 1/12<br>में से | 0.0036<br>0.1426 |
| 9. | ओमप्रकाश पुत्र रघुराज नि0 ग्राम | 24<br>75 | 299<br>300 | 0.0430<br>3.1050 | 1/12<br>में से | 0.0035<br>0.2186 |
| 10. | मीना देवी पत्नी विजयपाल व नवीन, ललित कुमार रावत पुत्रगण विजयपाल नि0 फरीदाबाद हरियाणा | 75 | 300 | 3.1050 | 1/15 | 0.1898 |
| 11. | राहुल चन्देल पुत्र गजराज सिंह नि0 ग्राम राजपुरा पट्टी दिल्ली हाल नि0 रबुपुरा जेवर | 63 | 366 | 0.8090 | में से | 0.0674 |
| 12. | ललिता देवी पत्नी गजराज नि0 ग्राम राजपुरा पट्टी दिल्ली हाल नि0 रबुपुरा जेवर | 63 | 366 | 0.8090 | में से | 0.0674 |
| 13. | जयपाल पुत्र वीर सिंह नि0 ग्राम | 198 | 96 | 2.0920 | में से | 0.2530 |
| 14. | खेमचन्द पुत्र दुर्गाप्रसाद नि0 ग्राम | 224<br><br>147 | 240<br>244k<br>307 | 0.2530<br>0.0690<br>2.3520 | में से | 0.0158<br>0.0043<br>0.1470 |
| 15. | देवप्रकाश पुत्र होरी लाल नि0 ग्राम | 198<br><br>185<br>37 | 96<br>371<br>102<br>276<br>274<br>273<br>246<br>245<br>247 | 2.0920<br>0.9750<br>0.6490<br>0.3540<br>0.7210<br>0.3160<br>0.3670<br>0.3290<br>1.9570 | में से | 0.1010<br>0.1219<br>0.1623<br>0.0044<br>0.0090<br>0.0039<br>0.0046<br>0.0041<br>0.0489 |
| 16. | ओमप्रकाश पुत्र होरी लाल नि0 ग्राम | 195<br>185<br>37 | 96<br>371<br>102<br>246<br>247<br>245<br>273<br>274 | 2.0920<br>0.9750<br>0.6490<br>0.3670<br>1.9570<br>0.3290<br>0.3160<br>0.7210 | में से | 0.1010<br>0.1219<br>0.1622<br>0.0046<br>0.0489<br>0.0041<br>0.0040<br>0.0090 |
| 17. | सचिन पुत्र कैलाश चन्द नि0 ग्राम | 229 | 254 | 1.3610 | में से | 0.1897 |
| 18. | कैलाश चन्द पुत्र होरी लाल नि0 ग्राम | 185<br><br>37<br>195<br><br>37 | 247<br>102<br>246<br>96<br>371<br>245<br>273<br>274<br>276 | 1.9570<br>0.6490<br>0.3670<br>2.0920<br>0.9750<br>0.3290<br>0.3160<br>0.7210<br>0.3540 | में से | 0.0490<br>0.1622<br>0.0046<br>0.1010<br>0.1219<br>0.0041<br>0.0039<br>0.0090<br>0.0044 |
| 19. | राकेश कुमार पुत्र होरी लाल नि0 ग्राम | 185<br><br>37<br>195<br><br>37 | 247<br>102<br>246<br>96<br>371<br>245<br>273<br>274<br>276 | 1.9570<br>0.6490<br>0.3670<br>2.0920<br>0.9750<br>0.3290<br>0.3160<br>0.7210<br>0.3540 | में से | 0.0489<br>0.1623<br>0.0046<br>0.1010<br>0.1218<br>0.0041<br>0.0040<br>0.0090<br>0.0044 |
| 20. | राजवती पत्नी राजवीर नि0 ग्राम | 195 | 107<br>267 | 3.7950<br>3.7950 | में से | 0.1265<br>0.0118 |
| 21. | सुधादेवी पत्नी हरीश भाटी, ऋषभ ना0 बा0, देवेश ना0 बा0, पुत्रगण हरीश व मोनिका ना0 बा0 पुत्री हरीश नि0 ग्राम | 195 | 107<br>267 | 3.7950<br>3.7950 | में से | 0.6957<br>0.0648 |
| 22. | चमन पुत्र राजवीर नि0 ग्राम | 195 | 107<br>267 | 3.7950<br>3.7950 | में से | 0.6957 |
| 23. | जयप्रकाश पुत्र ब्रहमजीत नि0 ग्राम | 224 | 240<br>244K | 0.2530<br>0.0690 | में से | 0.0211<br>0.0057 |
| 24. | जयप्रकाश शर्मा पुत्र ब्रहमजीत शर्मा नि0 ग्राम आकलपुर | 147 | 307 | 2.3520 | में से | 0.1011 |
| 25. | रामकिशोर शर्मा पुत्र डालचन्द शर्मा नि0 ग्राम | 37 | 246<br>247<br>245<br>273<br>274<br>276 | 0.3670<br>1.9570<br>0.3290<br>0.3160<br>0.7210<br>0.3540 | में से | 0.0092<br>0.0978<br>0.0082<br>0.0079<br>0.0180<br>0.0088 |
| 26. | ब्रजलाल शर्मा पुत्र डालचन्द्र शर्मा नि0 ग्राम | 37 | 246<br>247<br>245<br>273<br>274<br>276 | 0.3670<br>1.9570<br>0.3290<br>0.3160<br>0.7210<br>0.3540 | में से | 0.0183<br>0.1957<br>0.0164<br>0.3160<br>0.0360<br>0.0177 |
| 27. | हंसराज कौशिक पुत्र डालचन्द नि0 ग्राम | 229<br>37 | 254<br>245<br>273<br>274<br>276<br>246<br>247 | 1.3610<br>0.3290<br>0.3160<br>0.7210<br>0.3540<br>0.3670<br>1.9570 | में से | 0.1265<br>0.0082<br>0.0079<br>0.0180<br>0.0088<br>0.0092<br>0.0979 |

प्रस्तावित भूमि प्राधिकरण के नियोजित सैक्टर-05 व 09 के अन्तर्गत होने के कारण क्रय हेतु प्रस्तावित है। उपरोक्त भूमि क्रय किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह लिखित रूप में 15 दिवस के अंदर यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण कार्यालय/सी0आर0सैल में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

**विशेष कार्याधिकारी**
**यमुना एक्सप्रेसवे औ0 विकास प्राधिकरण**

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत मास्टर प्लान के अतिरिक्त प्लॉटिंग/हाउसिंग/कॉलोनी या किसी भी प्रकार का अन्य निर्माण पूरी तरह से अवैध है। सामान्यजन इस प्रकार की खरीद - फ़रोख्त से पूर्णतः सचेत रहें तथा कॉलोनाइजर के भ्रामक विज्ञापनों से बचें। अधिक जानकारी के लिए प्राधिकरण की वेबसाइट www.yamunaexpresswayauthority.com देखें।

# कैपिटल ज़ोन

उवाच “

अस्पताल में भर्ती मरीज भी गंभीर नहीं है, बल्कि एहतियात के लिए मरीज अस्पताल में इलाज करवा रहा है। होम आइसोलेशन में सभी मरीजों की हालत स्थिर है। कोई भी गंभीर नहीं है। सभी सक्रिय मरीजों पर निगरानी की जा रही है : **टीकम सिंह, जिला निगरानी अधिकारी।**

## सलारपुर नाले पर बनेंगे दो पुल, अगले महीने काम होगा शुरू

**नोएडा,** 4 जून (देशबन्धु)। सलारपुर में बड़े नाले पर दो नए पुल बनाने का काम अगले महीने शुरू हो जाएगा। ये पुल 30 मीटर लंबे और 12 मीटर चौड़े होंगे। पुल बनाने का काम सिंचाई विभाग कराएगा जबकि इसके लिए नोएडा प्राधिकरण पैसा देगा। प्राधिकरण अधिकारियों का कहना है कि पुल निर्माण के लिए इस महीने पैसे जारी करने शुरू कर दिए जाएंगे। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि नाले पर जो दो पुल अभी बने हुए हैं, वह काफी जर्जर हो चुके हैं। कुछ साल बाद इनसे वाहन गुजरना खतरनाक होगा। इसको देखते हुए एक साल पहले नाले पर दो नए पुल बनाने का निर्णय लिया गया था। इसको लेकर नोएडा प्राधिकरण व सिंचाई विभाग के बीच अनुबंध हो चुका है। अनुबंध के तहत पुल बनवाने का काम सिंचाई विभाग कराएगा जबकि पैसा नोएडा प्राधिकरण देगा। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि दोनों पुल बनाने में 10 करोड़ रुपए का खर्चा आएगा। निर्माण शुरू होने के साथ ही प्राधिकरण अलग-अलग किस्तों में पैसा जारी करना शुरू कर देगा। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि अगले महीने इनको बनाने का काम शुरू हो जाएगा। निर्माण शुरू होने के बाद पूरा होने में करीब एक साल का समय लगेगा।

## विश्व पर्यावरण दिवस : नगर आयुक्त ने की मूक बधिर बच्चों के साथ पौधा लगाने की शुरुआत

**स्वच्छ और सुंदर पर्यावरण हेतु हर नागरिक की जरूरी है भागीदारी : नगर आयुक्त**



■ शहर को दिया पेड़ लगाओ प्लास्टिक हटाओ का संदेश

**गाजियाबाद,** 4 जून (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने विश्व पर्यावरण दिवस की शुरुआत में ही प्लांटेशन की कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। इंदिरापुरम अंतर्गत अर्बन फॉरेस्ट में मूक बधिर बच्चो के साथ मिलकर 1000 पौधे लगाने का अभियान प्रारंभ कराया गया। शहर को पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संदेश दिया। अर्थ एनजीओ की टीम भी मौके पर उपस्थिति रही जिनके द्वारा मियांवकी पद्धति से पौधे लगाए गए, प्रभारी उद्यान डॉ. अनुज, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, गाजियाबाद नगर निगम के ब्रैंड एंबेसडर रामवीर तंवर भी उपस्थित रहे। नीम, अर्जुन, पापड़ी, पीपल, बरगद, पिलखान बकेंद् व अन्य फलदार औषधि के पौधे लगाए गए, नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को मनाया जाता है जिसके क्रम में 4 जून से ही कार्रवाई गाजियाबाद नगर निगम द्वारा शुरू कर दी गई है जिसमें नोएडा डीफ् समिति के 25 मूक बधिर बच्चों के साथ मिलकर इंदिरापुरम अर्बन फॉरेस्ट में प्लांटेशन किया गया शहर वासियों को विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए जागरुक किया गया। शहर वासियों को विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं दी गई, शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने पेड़ लगाने तथा पर्यावरण बचाने के लिए नगर आयुक्त द्वारा उपस्थित जनों से अपील की गई मूक बधिर बच्चों के साथ संवाद बनाते हुए उत्साह पूर्वक प्लांटेशन किया गया, सभी शहारवासी पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में एकजुट होकर कार्य करें अपील की गई।

## 11 से शुरू होगी कैलाश मानसरोवर यात्रा

■ व्यवस्थाओं को देखने आयुक्त पहुंचे कैलाश मानसरोवर भवन
■ नगर आयुक्त ने शुरू कराई नालों की मरम्मत तथा सफाई



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा कैलाश मानसरोवर यात्रा से पूर्व कैलाश मानसरोवर भवन इंदिरापुरम पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया आसपास के क्षेत्र का भी भ्रमण किया गया कैलाश मानसरोवर यात्रा जो की 11 जून से प्रारंभ होकर 27 अगस्त तक चलेगी जिसके लिए लगातार पूरे भारतवर्ष से आगंतुक शहर में आएंगे व्यवस्थाओं को बेहतर करने के लिए नगर आयुक्त निगम अधिकारियों सहित निरीक्षण के लिए कैलाश मानसरोवर भवन पहुंचे, बेहतर व्यवस्था बनाने की निर्देश टीम को दिए गए। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि 11 जून से 27 अगस्त तक कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए यात्री पूरे भारतवर्ष से शहर में आएंगे जिसके लिए मानसरोवर भवन इंदिरापुरम के आसपास साफ सफाई की व्यवस्था प्रकाश की व्यवस्था धूल मुक्त सड़कों की व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को परंपरागत तरीके से निगम बनाए रखेगा, तैयारियां प्रारंभ हो चुकी है मौके पर निरीक्षण किया गया नालों की सफाई तथा नालों की मरम्मत का कार्य मौके पर ही कराया गया अन्य अधिकारियों को भी प्रतिदिन मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए।

## 34 बीघा भूमि पर अवैध रूप से बन रही कॉलोनी पर चला जीडीए का चाबुक



**गाजियाबाद,** 4 जून (देशबन्धु)। जीडीए का बुलडोजर बुधवार को दुहाई रोड पर चला। जिसमें 34 बीघा भूमि पर अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया गया।

प्रभारी प्रवर्तन जोन-3 के नेतृत्व में परवेन्द्र सिंह द्वारा गाटा संख्या-921, मधुबन बापूधाम बम्बा रोड़, दुहाई पर लगभग 2000 वर्गमी0 क्षेत्रफल में, वरूण त्यागी व योगेश शर्मा आदि द्वारा खसरा संख्या-919, मधुबन बापूधाम बम्बा रोड़, दुहाई पर लगभग 12000 वर्गमी क्षेत्रफल में, वरूण त्यागी व योगेश शर्मा आदि द्वारा खसरा संख्या-919, मधुबन बापूधाम बम्बा रोड़, दुहाई पर लगभग 20000 वर्गमी0 क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी में भूखण्डों की बाउण्ड्रीवाल, आरसीसी सड़क, विद्युत कनैक्शन विच्छेदित कराते हुए विद्युत पॉल, पानी की पाईप लाईन, नाली आदि के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के समय स्थानीय विकासकर्ताओं/निर्माणकर्ताओं द्वारा काफी विरोध किया गया, परन्तु प्राधिकरण पुलिस बल द्वारा उन्हे नियन्त्रित कर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई जारी रखी गई। मौके पर उपस्थित लोगो से यह अपील की गई कि अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी में भूखण्डों का क्रय, विक्रय न करें।

स्थल पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के समय अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्तागण एवं समस्त सुपरवाईजर/मेट, स्थानीय पुलिस बल तथा प्राधिकरण पुलिस बल उपस्थित रहा।

## थाना सेक्टर-126 में नव निर्मित प्रशासनिक भवन का लोकार्पण







**नोएडा,** 4 जून (देशबन्धु)। नोएडा पुलिस कमिश्नर ने थाना सेक्टर-126 में नवनिर्मित प्रशासनिक भवन व आवासीय भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, विभिन्न औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं व्यापारियों, के सदस्यों एवं आमजन मानस को संबोधित करते हुए कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य पुलिसिंग को नागरिकों के लिए अधिक सुलभ, पारदर्शी और प्रभावी बनाना है। इस नए भवन के माध्यम से हम बेहतर सेवाएं प्रदान करेंगे और पुलिसकर्मियों के लिए एक सुरक्षित एवं समर्पित कार्य वातावरण सुनिश्चित करेंगे। नवनिर्मित भवन में कई आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। जिसमें आधुनिक प्रशासनिक कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, साइबर सेल, सीसीटीएनएस (क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम) कक्ष, विवेचना कक्ष, हवालात, मालखाना व रेस्ट रूम सुविधाएं शामिल हैं। यह सभी कक्ष आधुनिक व बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर से युक्त होने के साथ इनमें ग्रीन एनर्जी का उपयोग, निरंतर विद्युत आपूर्ति, उच्च गति की इंटरनेट सुविधा कार्यप्रणाली को पेपरलेस बनाने की दिशा में विशेष प्रयास किए गए हैं। नवनिर्मित भवन में पुलिसकर्मियों के लिए आवासीय भवन का निर्माण भी किया गया है। जिसमें पुलिसकर्मियों को कई बेहतर सुविधाएं प्रदान की गई है। नए आवासीय भवन में पुलिस कर्मियों के आराम के साथ-साथ उन्हें तनाव मुक्त रखने हेतु खेलकूद का भी उचित प्रबंध किया गया है। भवन में मेस का भी निर्माण किया गया है जिससे पुलिसकर्मियों को समय पर भोजन मिल सके। नवनिर्मित भवन में आगंतुकों की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। महिलाओं के लिए एक अलग महिला हेल्प डेस्क स्थापित की गई है, जहां वे निसंकोच अपनी शिकायत या समस्याएं दर्ज करा सकती हैं। इसके अतिरिक्त, आगंतुकों के बैठने की व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा गया है। पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था भी उपलब्ध है।

### हीट कंट्रोल हेल्मेट दिए

नवनिर्मित भवन लोकार्पण समारोह के दौरान पुलिस आयुक्त द्वारा ट्रैफिक मुख्यालय से प्राप्त 100 हीट कंट्रोल हेल्मेट दिए गए। जिससें पुलिस कर्मियों को ड्यूटी के दौरान हीटवेव से राहत मिलेगी। थाना सेक्टर-126 क्षेत्रांतर्गत नियुक्त चौकीदारों से भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया।

## गर्मियों में पेयजल की किल्लत से लोगों की बढ़ी परेशानी

**खोड़ा,** 4 जून (देशबन्धु)। निकाय क्षेत्र में पेयजल की समस्या दिनों दिन गहरी होती जा रही है। भूजलस्तर पांच छह सौ फिट चले जाने से छोटे बोर सूख चुके है। सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण और अवैध निर्माण की समस्या की जड़े गहरी होती जा रही है। बोरो के लगातार सूखने से लोगो को चिंता सताने लगी है। सामाजिक संगठन ही नहीं बल्कि समस्याओं के समाधान के लिए युवा बुजुर्ग और महिलाएं भी मुखर होकर सामने आने लगे है। निकाय क्षेत्र में पेयजल की गंभीर समस्या है। लोगो को चिंता है कि यदि जल्द ही पेयजल की स्थाई समाधान नहीं हुआ तो लोगो के पास क्या विकल्प होगा। आर्थिक रूप से सक्षम लोग मकानों को किराए पर देकर नोएडा दिल्ली गाजियाबाद के लिए पलायन कर रहे है। लेकिन अधिकतर आबादी गरीब तबके की है। कई वर्षों की पाई पाई एकत्रित करके आशियाने का सपना संजो करके गुजर बसर कर रहे है। नोएडा दिल्ली और गाजियाबाद के सेक्टरों में रिहायश के लिए मकान खरीदना गरीबों के बजट से परे है। खोड़ा रेजिडेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक जोशी के नेतृत्व में पेयजल की समस्या को लेकर लोग जंतर मंतर तक प्रदर्शन कर चुके है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से दो माह के अंदर पेयजल कार्य के धरातल पर उतरने के आश्वासन के बाद लोग वापस आ चुके है। फिर भी लोग आशंकित है कि कही और ज्यादा बिलंब होने से समस्याएं बढ़ेंगी। कई बुजुर्गों और महिलाओ ने पानी के आंदोलन की मुहिम से जुड़ने के लिए हामी भरी है। लोगो का कहना है कि केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार है। पिछले दस वर्षों से मूलभूत सुविधाओं की बात भूल जाए। पेयजल की समस्या का समाधान करने में असफल रही है। बारह लाख आबादी वाली कॉलोनी में महिलाएं बच्चे बुजुर्ग सिर साइकिल स्कूटी पर पानी ढो रहे है। चुनाव के दौरान प्रतिनिधियों द्वारा बड़े बड़े विकास के सपने दिखाए जाते है। लोग जनता की पीड़ा नहीं समझ रहे है। सिर्फ वोट बैंक की राजनीति हो रही है। मुख्यमंत्री के गाजियाबाद आगमन के दौरान मंच से दो बार पानी घोषणा के दो वर्ष बीत जाने के बाद समस्या ज्यों की त्यों बनी है। के आर ए ने जल्द ही हजारों लोगो को पानी के आंदोलन से जोड़ने का दावा किया है। के आर ए पदाधिकारियों का कहना है कि यदि दो माह के अंदर पेयजल का कार्य धरातल पर नहीं दिखाई पड़ा तो दुबारा धरना प्रदर्शन किया जाएगा। समाजसेवी जितेंद्र शुक्ला का कहना है कि कालोनी में पेयजल की समस्या विकराल होती जा रही है। यदि लोगो को पेयजल नहीं मिला तो मजबूरी में लोगो को पलायन करना पड़ सकता है।

## नोएडा में एक दिन में आए 30 नए कोरोना मरीज

■ सक्रिय मरीजों की संख्या पहुंची 130,
■ एक भर्ती, बाकी का होम आइसोलेशन में इलाज

**नोएडा,** 4 जून (देशबन्धु)। स्वास्थ्य विभाग ने बीते 24 घंटे में कोरोना संक्रमित 30 नए मरीजों की पुष्टि की। इससे पहले एक दिन में 45 मरीज कोरोना के सामने आए थे। इस साल एक दिन में संक्रमितों की यह संख्या सबसे अधिक है। होम आइसोलेशन और अस्पताल से अब तक छह मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। संक्रमित मरीजों में से 130 का इलाज होम आइसोलेशन में किया जा रहा है। दो मरीज निजी अस्पताल में इलाज करवा रहा है। नए मरीजों में तीन परिवार के 10 से अधिक सदस्य संक्रमित हैं। 18 साल से कम उम्र के भी तीन मरीजों में कोरोना संक्रमण मिला।

**11 दिनों में 138 मरीज :** जिले में पिछले 11 दिनों में 138 कोरोना संक्रमित मरीज मिले हैं। इन मरीजों में से 74 मरीज पुरुष और बाकी महिलाएं हैं। मरीजों के संपर्क में आए लोगों की जांच नहीं की गई है। जिला निगरानी अधिकारी टीकम सिंह ने बताया कि अस्पताल में भर्ती मरीज भी गंभीर नहीं है, बल्कि एहतियात के लिए मरीज अस्पताल में इलाज करवा रहा है। होम आइसोलेशन में सभी मरीजों की हालत स्थिर है। कोई भी गंभीर नहीं है। सभी सक्रिय मरीजों पर निगरानी की जा रही है।

**बनाया गया आइसोलेशन वार्ड :** कोविड के लिए जिला अस्पताल में 10 और सीएचसी में पांच बेड का आइसोलेशन वार्ड बनाया जाएगा। दूसरी ओर जिला अस्पताल में कोरोना संक्रमण की जांच के लिए नमूने लिए जा रहे हैं। नमूनों की जांच चाइल्ड पीजीआई में हो रही है।

## 150 लोगों से ठगी करने वाला गिरफ्तार



■ सैमसंग, ओप्पो, हायर, वीवो, एलजी में नौकरी का देता ऑफर
■ अपने को बताता था पत्रकार

**नोएडा,** 4 जून (देशबन्धु)। थाना सेक्टर-63 पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म (यूटयूब) पर फर्जी विज्ञापन जारी कर नामी कंपनियों में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 150 से ज्यादा लोगों ठगी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी सैमसंग, ओप्पो, हायर, वीवो, एलजी आदि कंपनियों में नौकरी का ऑफर देता है। अपने आप को पत्रकार बताता है। इसके कब्जे से भारी मात्रा में दस्तावेज बरामद किए गए। आरोपी की पहचान वसीम अहमद उर्फ रविन्द्र शर्मा हुई है। गिरफ्तारी बेहोलपुर गोलचक्कर से की गई। इसने सेक्टर-81 में एक आफिस खोला था।

डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि थाना सेक्टर-63 में योगेन्द्र पुत्र हरिचरन लाल ने शिकायत की थी। जिसके बाद पुलिस ने टीम गठित की। मंगलवार रात को टीम बहलोलपुर गोल चक्कर पर जांच कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से जानकारी मिली कि एक व्यक्ति जो बेरोजगार लोगों से ठगी करता है इधर से जाने वाला है। वो अपनी वैगेनार कार से है। जांच के दौरान पुलिस ने वेगनआर को रोका। नाम पूछने पर चालक ने अपना नाम वसीम अहमद उर्फ रविन्द्र शर्मा बताया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

### छह माह पहले खोला था ऑफिस

तथाकथित पत्रकार वसीम ने छह महीने पहले ही सेक्टर 81 नोएडा में अपना ऑफिस खोला था। वो सोशल मीडिया प्लेटफार्म यूट्यूब पर चैनल 'नोएडा दिल्ली जॉब' पर प्रचार-प्रसार करके बेरोजगार युवाओं का इंटरव्यू लेकर फर्जी ऑफर और अपाइंटमेंट लेटर देता था। नामी कंपनियों में नौकरी के लिए रजिस्ट्रेशन फीस 100 रुपए एवं फाइल चार्ज 1500 रुपए लेकर ठगी कर रहा था। उन लोगों से ठगी की जाती थी जो दूर दराज के शहरों से आते थे।

### पत्रकार होने की देता था धमकी

नौकरी न मिलने पर दूर से आए युवक वापस नहीं आते थे। वहीं जो युवक आस-पास के होते थे। उनको पत्रकार होने की धमकी देकर डरा देता था। इस प्रकार स्कैम करके बेरोजगार युवाओं से पैसा लेता था।

## सार संक्षेप

### जल आपूर्ति व सीवर ओवर फ्लो की करे शिकायत

**नोएडा।** नोएडा में साफ पानी की आपूर्ति नहीं होने या सीवर ओवर फ्लो हो रहा है। इसकी शिकायत तत्काल की जा सकती है। इसके लिए प्राधिकरण ने टोल फ्री नंबर 14420 जारी किया है। इस नंबर पर 24 घंटे कभी भी शिकायत की जा सकती है। इसके अलावा जन सुविधा केंद्र पर दिए गए नंबर 0120-2425025/26/27 पर कॉल कर सकते है। यहां पर भी शिकायत की जा सकती है। इसके अलावा एक्स पर भी नोएडावासी इसकी शिकायत कर सकते है। जिसका निपटारा करके वापस जवाब दिया जाएगा।

### बाइक सवार बदमाशों ने मोबाइल फोन लूटा

**नोएडा।** सेक्टर 11 के पास से कॉल पर बात करते हुए जा रहे युवक के हाथ से मोबाइल छीनकर बाइक सवार बदमाश फरार हो गए। पीड़ित का फोन एक लाख रुपए का है। इस मामले में उसने सेक्टर-24 थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले में जांच शुरू कर दी है। पुलिस को हर्षित गोलियां ने बताया कि वह रात के समय मोबाइल फोन पर बात करते हुए सेक्टर 11 के पास से गुजर रहे थे। तभी बाइक पर सवार होकर आए दो बदमाशों ने उनका मोबाइल फोन छीन लिया। सेक्टर में लगे सीसीटीवी कैमरे की सहायता से पुलिस बदमाशों की पहचान कर तलाश में जुट गई है।

### ई-रिक्शा की टक्कर से, मां की गोद से डेढ़ वर्षीय बच्चा जमीन पर गिरा, मौत

**नोएडा।** सेक्टर-15 नयाबास गांव के पास मंगलवार रात दो ई-रिक्शा आपस में टकरा गए। इस घटना में एक ई-रिक्शा में सवार महिला की गोद में बैठा डेढ़ साल का बच्चा उछल कर नीचे गिर गया। उसके सिर में गंभीर चोट आई। जिसे राहगीरों की मदद से उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने बुधवार सुबह उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं महिला की पति की भी छह महीने पहले मौत हो चुकी थी। हालांकि पुलिस इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है। फेज वान थाने की पुलिस ने बताया कि सेक्टर-16 की जेजे कॉलोनी में रहने वाली ज्योति अपने डेढ़ साल का बच्चा राघव को लेकर ई-रिक्शा में सवार होकर नयाबांस गांव की तरफ जा रही थी, तभी एक मोड़ पर एक अन्य ई-रिक्शा चालक ने उनके ई-रिक्शा में टक्कर मार दिया। इस घटना में उनकी गोद में बैठा हुआ राघव उछलकर नीचे गिर गया। उसके सिर में गंभीर चोट आई। उसे उपचार के लिए नोएडा के चाइल्ड पीजीआई में भर्ती करवाया गया, जहां पर आज सुबह को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस इस मामले में चालक के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कह रही है।

### नशे में पड़ोसी ने मारपीट कर दांत से काटा

**नोएडा।** सेक्टर 12 में घर के बाहर टहल रहे युवक को शराब के नशे में एक व्यक्ति ने कहासुनी के बाद दांत से काट लिया। यहीं नहीं व्यक्ति अपने घर से पालतू कुत्ता लाकर पीड़ित को कटवाया। जब पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गए तो आरोपी छोड़कर फरार हो गया। फिर उनकी पत्नी उन्हें अस्पताल लेकर गई और इलाज कराया। हालांकि उसकी हालत खतरे से बाहर हैं। इस मामले में सेक्टर-24 थाने की पुलिस आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## चार देशों की विशेष कूटनीतिक यात्रा से लौटे सांसद अतुल गर्ग का स्वागत



■ 'ऑपरेशन सिंदूर' सहित भारत की आतंकवाद विरोधी भूमिका को अंतरराष्ट्रीय मंच पर किया उजागर

**गाजियाबाद,** 4 जून (देशबन्धु)। सांसद अतुल गर्ग चार देशों - लाइबेरिया, यूएई, कोंगो और सिएरा लियोन - की कूटनीतिक विदेश यात्रा पूर्ण कर गाजियाबाद लौटने पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर अतुल गर्ग ने कहा कि यह यात्रा केवल सांस्कृतिक और आर्थिक सहयोग की नहीं थी, बल्कि भारत की सुरक्षा नीति और आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ संकल्प को वैश्विक मंच पर दर्शाने की भी थी। 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारत द्वारा उठाए गए कदमों को हमने दुनिया के समक्ष रखा, और पाकिस्तान के नापाक इरादों को तथ्यों के साथ उजागर किया। इस प्रकार की यात्राएं भारत की वैश्विक साख को मजबूत करती हैं।


उन्होंने कहा कि यह यात्रा भारत सरकार द्वारा सांस्कृतिक, रणनीतिक और आतंकवाद के विरुद्ध वैश्विक सहयोग को सशक्त करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। जिसमें गर्ग ने उत्तर प्रदेश के एकमात्र सांसद के रूप में भाग लेकर भारत का गौरव बढ़ाया।

इस यात्रा का प्रमुख उद्देश्य भारत सरकार और भारतीय सेना द्वारा आतंकवाद के विरुद्ध चलाए जा रहे 'ऑपरेशन सिंदूर' के प्रभाव को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करना तथा पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को बेनकाब करना रहा। इस मिशन के तहत प्रतिनिधिमंडल ने संबंधित देशों के नीति-निर्माताओं को भारत की भूमिका, सुरक्षा रणनीति और मानवाधिकारों के प्रति प्रतिबद्धता की जानकारी दी। अतुल गर्ग ने चारों देशों के सांसदों, मंत्रियों एवं राजनयिकों से भेंट कर आर्थिक, रक्षा और सांस्कृतिक संबंधों को और अधिक सुदृढ़ करने पर चर्चा की। उन्होंने अफ्रीका और खाड़ी देशों में भारत की भूमिका को मजबूती से प्रस्तुत किया। गाजियाबाद लौटने पर उनके आवास पर पूर्व महापौर आशु वर्मा, भारतीय जनता पार्टी के मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, महामंत्री सुशील गौतम, रामावतार एवं हिमांशु समेत अनेक कार्यकर्ताओं ने जलेबी और लड्डू खिलाकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

## नोएडा पुलिस कमिश्नर ने किया थाना व चौकी प्रभारी निलंबित

**मंगलवार को मारपीट व थार से कुचलने का वीडियो हुआ था वायरल**

**नोएडा,** 4 जून (देशबन्धु)। नोएडा में युवक के साथ मारपीट और थार से कुचलने के प्रयास में पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने बड़ा एक्शन लिया है। पुलिस कमिश्नर ने घटना को अफसरों से छिपाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना सेक्टर-24 प्रभारी श्याम बाबू शुक्ला व चौकी प्रभारी गिझौड़ जगमोहन सिंह को सस्पेंड कर दिया है। इन दोनों पुलिस कर्मियों पर अपने कर्त्तव्यों व दायित्वों के प्रति स्वैच्छाचारिता, लापरवाही, अनुशासनहीनता करने का गंभीर आरोप लगा है।





थाना सेक्टकर-24 पुलिस ने युवक को टक्कर मारने वाली थार गाड़ी को बरामद की है। नोएडा की ट्रैफिक पुलिस ने थार गाड़ी का 70 हजार रुपए का चालान किया है। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 5 टीमों का गठन किया है। ये टीम नोएडा-एनसीआर में आरोपियों की तलाश कर रही है। दरअसल मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा था।

जिसमें सौरभ और सुमित दोनों भाइयों को कई युवक मार रहे थे। किसी तरह सौरभ उन युवकों से बच कर निकला तो आरोपियों ने उसको थार से कुचलने का प्रयास किया। जिसमें वो करीब तीन फीट उछलकर नाली में गिरा। पुलिस इस मामले में आकाश, गौरव, कुणाल, अमन और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए नोएडा -एनसीआर में की छापेमारी कर रही है। वहीं सौरभ का इलाज नोएडा के कैलाश अस्पताल में किया जा रहा है।

उवाच

खरीफ में बोयी जाने वाली फसलों में प्रयोग के लिए जिले में कार्यरत सहकारिता एवं प्राइवेट (निजी) उर्वरक विकय केंद्रों पर उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। सभी विक्रय केंद्रों द्वारा पीओएस मशीन के माध्यम से निर्धारित दरों पर उर्वरक उपलब्ध कराए जाएंगे। कृषकों को गुणवत्तापरक उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो इसके लिए सहकारिता एवं निजी क्षेत्र के विकय केन्द्रों को समस्त प्रकार के उर्वरकों का विक्रय फसल की संस्तुति के आधार पर ही किये जाने के निर्देश दिए गए है : **विनोद कुमार, जिला कृषि अधिकारी।**

# कैपिटल ज़ोन

## विश्व पर्यावरण एक्सपो का मजिन्दर सिंह सिरसा ने किया उद्घाटन

**ग्रेटर नोएडा,** 4 जून (देशबन्धु)। विश्व पर्यावरण एक्सपो 2025 के छठें संस्करण का उद्घाटन मंजिदर सिंह सिरसा, उद्योग, खाद्य एवं आपूर्ति और पर्यावरण, वन एवं वन्य जीवन मंत्री (दिल्ली की एनसीटी सरकार) ने ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एवं मार्ट में बुधवार को किया। इसी के साथ साथ तीन दिवसीय प्रदर्शनी एवं सम्मेलन की शुरूआत हुई है, जो आधुनिक पर्यावरणी तकनीकों, स्वच्छ उर्जा, व्यर्थ प्रबन्धन एवं स्थायी विकास पर ध्यान केंद्रित करेगी। इस दौरान मंत्री मजिन्दर सिंह सिरसा ने एक्सपो की सराहना करते हुए पर्यावरण के संरक्षण के लिए लोगों को बढ़चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। यह प्रदर्शनी प्रदूषण नियंत्रण, नवीकरणीय उर्जा, जल प्रबन्धन, जैव अपघटनी उत्पादों, सेनिटेशन उपकरणों एवं हरित निर्माण तकनीकों के प्रदर्शन के लिए महत्वपूर्ण मंच है। इस अवसर पर स्वदेश कुमार, डायरेक्टर ऑफ इंडियन एक्जिबिशन सर्विसेज ने कहा कि हमें यह देखकर गर्व का अनुभव होता है कि किस तरह विश्व पर्यावरण एक्सपो एनवायरनमेन्ट इनोवेशन एवं स्वच्छ तकनीकों पर भारत के सबसे बड़े








शो के रूप में उभरा है।

जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए कदम उठाना इतना जरूरी कभी नहीं था, यह मंच उद्योगों, संस्थानों एवं सरकारों के सहयोग से स्थायित्व के लक्ष्यों को हासिल

- **तीन दिवसीय एक्सपो में इनोवेशन, स्थायित्व व जलवायु परिवर्तन पर किया गया है ध्यान केन्द्रित**

करने में महत्वपूर्ण योगदान देता है। बायोफ्यूल एक्सपो 2025, और बायोडीग्रेडेबल एक्सपो 2025 इस साल का आकर्षण केंद्र हैं, जो भारत के उभरते हरित उर्जा परिवेश एवं पर्यावरण अनुकूल विकल्पों पर केंद्रित हैं। जर्मनी, यूएसए, जापान, फ्रांस, यूके, ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैण्ड्स सहित कई देशों से प्रदर्शक इसमें हिस्सा ले रहे हैं। तीन दिवसीय एक्सपो के दौरान ज्ञान के आदान प्रदान के लिए सत्र, खरीदार-विक्रेता बैठकों का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, नगर निगम, निजी कंपनियों, एनजीओ एवं पर्यावरणी संस्थान नेटवर्किंग के अवसर उपलब्ध कराएंगे। देश भर से 100 से अधिक मेयर्स एवं नगरनालिक प्रतिनिधियों की मौजूदगी के साथ यह मंच नीतिगत चर्चा एवं इम्प्लीमेंटिंग रणनीतियों पर चर्चा के लिए महत्वपूर्ण हब की भूमिका निभाएगा।

## ओएसडी गुंजा सिंह ने सफाई व हरियाली का लिया जायजा

- **इकोटेक थ्री में मलबा मिलने पर कान्ट्रेक्टर पर 25 हजार रुपए का जुर्माना**
- **ग्रीन बेल्ट में अतिक्रमण मिलने पर उद्यान विभाग के अधिकारियों पर कार्रवाई की चेतावनी**

**ग्रेटर नोएडा,** 4 जून (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की ओएसडी गुंजा सिंह ने ग्रेटर नोएडा में अलग-अलग जगहों पर सफाई व्यवस्था और हरियाली का जायजा लिया। इस दौरान इकोटेक थ्री में सी एंड डी वेस्ट का ढेर मिलने पर कॉन्ट्रैक्टर पर 25 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। बल्क वेस्ट जनरेट करने वाली चार इकाइयों को कूड़े को उचित ढंग से प्रोसेस न करने पर नोटिस भी जारी किया है। प्राधिकरण की ओएसडी गुंजा सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक चेतराम सिंह व सफाई निरीक्षक संजीव विधूड़ी के साथ मंगलवार को सबसे पहले सेक्टर ईकोटेक थ्री पहुंची। सेक्टर में कई जगह मलबे (सी एंड डी वेस्ट) का ढेर मिला। उन्होंने संबंधित कॉन्ट्रैक्टर राइज इलेवन पर 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। इस रकम की कटौती कॉन्ट्रैक्टर को होने वाले अग्रिम भुगतान से कर ली जाएगी। इसी सेक्टर में बल्क वेस्ट जनरेट करने वाली तीन औद्योगिक इकाइयों कोवेस्ट्रा इंडिया, मलहोत्रा इलेक्ट्रॉनिक्स और



आईएलजेआईएन इलेक्ट्रॉनिक्स को नोटिस भी जारी किए। ये कंपनियां बल्क वेस्ट को प्रोसेस करने के लिए निर्धारित मानकों को पूरा नहीं कर रहीं थीं। नोटिस के एवज में इन कंपनियों से तीन कार्यदिवस में स्पष्टीकरण मांगा गया है। इसके बाद ओएसडी सेक्टर-1 स्थित ट्राइडेंट एंबेसी सोसाइटी पहुंची। यहां भी मानकों को अनुरूप कूड़े को प्रोसेस नहीं हो रहा था। ओएसडी ने इसे भी नोटिस जारी कर तीन कार्यदिवस में जवाब मांगा है। वहीं, बुधवार को ओएसडी गुंजा सिंह ने डेल्टा टू और ईटा वन के पार्कों और ग्रीन बेल्ट का जायजा लिया। इस दौरान उद्यान विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक पीपी मिश्र भी मौजूद रहे। उन्होंने उद्यान विभाग की टीम को पार्कों का रखरखाव और बेहतर करने के निर्देश दिए। ग्रीन बेल्ट में अतिक्रमण मिलने पर उद्यान विभाग के संबंधित अधिकारी-कर्मचारी पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

## एसआई भर्ती में आयु छूट की घोषणा ऐतिहासिक कदम : धीरेन्द्र सिंह

**रबूपुरा,** 4 जून (देशबन्धु)। यूपी सरकार में दारोगा व उसके समकक्ष पदों पर भर्ती में 3 साल की आयु सीमा छूट की घोषणा को जेवर विधायक ठाकुर धीरेन्द्र सिंह ने नौजवानों के हित में ऐतिहासिक कदम बताया है।

जेवर विधायक ने ही इस मुद्दे की पैरवी करते हुए कुछ दिन पहले सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने कहा था कि, कोविड-19 महामारी के दौरान भर्ती प्रक्रियाएं बाधित होने से हजारों युवाओं की आयु सीमा खत्म हो गई है



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करते जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह

और ऐसे युवा पात्र होने के बावजूद अवसर से वंचित रह गए थे। इसलिए इन युवाओं को आयु सीमा में छूट दिया जाना बेहद जरूरी है। मंगलवार को सरकार ने इसका आदेश जारी किया है। सरकार के इस आदेश का लाभ 2020-21 से 2024-25 के बीच खाली पड़े 4542 पदों की भर्ती में सभी अभ्यर्थियों एक बार उठा सकेंगे।

योगी सरकार के इस फैसले से हजारों ऐसे युवाओं में खुशी है, जिनकी इस दौरान आयु सीमा खत्म हो चुकी थी। सरकार की इस घोषणा पर सीएम का आभार व्यक्त करते हुए जेवर विधायक ठाकुर धीरेन्द्र सिंह ने कहा है कि, यह केवल एक निर्णय नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के युवा शक्ति के विश्वास की जीत है। जिन्होंने युवाओं की पीड़ा को समझा और उनके हित में इतना बड़ा फैसला लिया। यह फैसला यूपी सरकार की युवा-हितैषी नीतियों को और सशक्त करता है तथा आने वाले समय में प्रदेश के विकास में युवाओं की भागीदारी को और अधिक मजबूत करेगा।

## भूसे की बोंगी में आग लगाने का आरोप, तीन पर मुकदमा दर्ज

**जेवर,** 4 जून (देशबन्धु)। क्षेत्र के गांव अलावलपुर की एक महिला ने गांव के ही तीन लोगों पर रात के समय भूसे की बोंगी में आग लगाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़िता दुर्गेश पत्नी श्याम सुंदर शर्मा ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि गांव के कुनाल व उसके पिता राजवीर तथा विक्रांत ने 14मई की रात को एक राय होकर उसके प्लॉट में बनी भूसे की बोंगी में आग लगा दी। गांव के एक अन्य व्यक्ति ने पीड़िता को घटना की जानकारी दी। पीड़िता ने मौके पर पहुंचकर डायल 112 पर पुलिस कंट्रोल रूम में शिकायत की। पीड़िता ने आरोपितों पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। पीड़िता ने बताया कि बोंगी में आग लगाने से उसे आर्थिक नुकसान के साथ साथ पशुओं के चारे का भी संकट पैदा हो गया है। पीड़िता ने पुलिस को घटना का वीडियो भी उपलब्ध कराया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट में आपातकाल चिकित्सा सहायता को लेकर बैठक आयोजित

**ग्रेटर नोएडा,** 4 जून (देशबन्धु)। राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान ने गौतम बुद्ध नगर जिले के अस्पतालों के साथ नवनिर्मित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की आपातकालीन चिकित्सा सहायता की बैठक आयोजित की गई। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनआईए), जिसे एक उच्च-यातायात अंतरराष्ट्रीय विमानन केंद्र के रूप में देखा जाता है, को विभिन्न संभावित आपदा परिदृश्यों में तेजी से और प्रभावी ढंग से जवाब देने के लिए सुसज्जित किया जाना चाहिए। स्थानीय अस्पतालों के साथ आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं के लिए हवाई अड्डे के अधिकारियों के बीच निरंतर सहयोग को बढ़ावा देने के लिए राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा में एक समन्वय बैठक आयोजित की गई।

बैठक का एजेंडा हवाई अड्डे की आपदा प्रतिक्रिया में अस्पताल के सहयोग का महत्व था। वर्तमान आपदा तैयारियों का आकलन, अस्पताल सहायता और संसाधन आवंटन, संचार और सूचना साझाकरण, प्रशिक्षण और मॉक ड्रिल, विमान दुर्घटनाओं और बड़े पैमाने पर हताहत घटनाओं सहित आपदाओं की स्थिति में चिकित्सा सहायता का तेजी से जुटाना सुनिश्चित करना, उच्च जोखिम वाले परिदृश्यों के प्रबंधन के लिए बुनियादी ढांचे और परिचालन तत्परता को बढ़ावा देना। बैठक का उद्घाटन जीआईएमएस के निदेशक डॉ (ब्रिगेडियर) राकेश कुमार गुप्ता ने किया, जिन्होंने सत्र की मेजबानी करने के अवसर के लिए आभार व्यक्त किया और एकीकृत आपदा प्रतिक्रिया योजना के महत्व को रेखांकित किया। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के




- **राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान में विभिन्न अस्पतालों के प्रतिनिधि हुए शामिल**

क्राइसिस मैनेजमेंट हेड अजय चौहान ने एयरपोर्ट के बुनियादी ढांचे और रणनीतिक महत्व पर एक संक्षिप्त प्रस्तुति दी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किसी भी आपदा की स्थिति में, आसपास के सभी अस्पतालों से तत्काल चिकित्सा सहायता महत्वपूर्ण होगी।

गौतम बुद्ध नगर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार ने सभी प्रतिभागियों को आवश्यकता पड़ने पर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को स्वास्थ्य विभाग की ओर से व्यापक आपातकालीन सहायता का आश्वासन दिया।

इस दौरान कैलाश अस्पताल, जेवर, सीएचसी, जेवर, एनआईआईएमएस, ग्रेटर नोएडा, फोर्टिस अस्पताल, ग्रेटर नोएडा, यथार्थ अस्पताल, ग्रेटर नोएडा, महानन्दन अस्पताल, सीएचसी, कासना, शारदा अस्पताल के प्रतिनिधि शामिल रहे। यह सहयोगी पहल आपातकालीन ढांचा बनाने, यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और क्षेत्र में सार्वजनिक स्वास्थ्य तैयारियों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## रंजिशन ड्यूटी से घर लौट रहे युवक पर लोहे के पंच से हमला

**दनकौर,** 4 जून (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे के पास स्थित एक विश्वविद्यालय से बुधवार शाम ड्यूटी करके घर लौट रहे एक युवक पर रंजिश के चलते पड़ोस के लोगों ने लोहे के पंच से हमला कर दिया। इस घटना में पीड़ित घायल हो गया। जिसका प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है। इस संबंध में पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ शिकायत की है। ऊंची दनकौर निवासी कृष का कहना है कि वह क्षेत्र में स्थित एक प्राइवेट यूनिवर्सिटी में जॉब करते हैं। उनका कहना है कि बुधवार की शाम वह ड्यूटी करके अपने घर को लौट रहे थे। तभी यूनिवर्सिटी से कुछ दूरी पर उसके पड़ोस के लोगों ने उसको रोक कर लोहे के पंच और लात-घूंसों से हमला कर दिया। इस घटना में पीड़ित के शरीर के हिस्सों में गंभीर चोट आई है। लहूलुहान स्थिति में पीड़ित घर पहुंचा और मामले की जानकारी परिवार के लोगों को दी। आरोप है कि जब आरोपियों के घर पीड़ित पक्ष पहुंचा तो इस दौरान भी उनके साथ मारपीट की गई। इस घटना में पीड़ित की मां को भी चोट आई है। इस संबंध में पीड़ित पक्ष ने कोतवाली पहुंचकर पांच लोगों को नामजद करते हुए पुलिस से शिकायत की है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि आरोपियों से उनका विवाद चल रहा है।



जिसके चलते ही हमला किया गया है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत ले ली गई है। जिसके आधार पर जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## आगामी त्योहार को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर पुलिस ने की बैठक

**ग्रेटर नोएडा,** 4 जून (देशबन्धु)। आगामी त्यौहार ईद-उल-अजहा को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर बुधवार को पुलिस कार्यालय सूरजपुर में पीस कमेटी बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का नेतृत्व पुलिस उपायुक्त सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने किया, जिसमें अपर पुलिस उपायुक्त हृदेश कठेरिया और एसीपी तृतीय बीएस वीर कुमार भी उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न समुदायों के धर्मगुरुओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और संभ्रांत नागरिकों ने भाग लिया। अधिकारियों ने सभी उपस्थितजनों से त्योहार को शांति, सद्भाव और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। साथ ही यह भी कहा गया कि त्यौहार के अवसर पर किसी भी प्रकार की अफवाह, उकसावे या भ्रामक जानकारी से बचा जाए। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति धार्मिक भावनाएं भड़काने या समाज में वैमनस्य फैलाने का प्रयास करेगा, तो उसके खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई



की जाएगी। सोशल मीडिया पर अफवाह या दुष्प्रचार फैलाने वालों को भी बख्शा नहीं जाएगा। बैठक में सभी धर्मगुरुओं व नागरिकों से अनुरोध किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को शांति बनाए रखने, कानून का पालन करने, और पुलिस प्रशासन से सहयोग करने हेतु प्रेरित करें। किसी भी संदेहास्पद गतिविधि या व्यक्ति की जानकारी तुरंत पुलिस को देने की बात कही गई। बैठक में उपस्थित लोगों ने पुलिस प्रशासन की इस पहल की सराहना की और विश्वास दिलाया कि ईद-उल-अजहा का त्योहार परंपरागत सद्भाव और एकता के वातावरण में मनाया जाएगा।

## खरीफ फसलों के लिए सहकारिता व निजी उर्वरक केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरक

**ग्रेटर नोएडा,** 4 जून (देशबन्धु)। खरीफ अभियान के अन्तर्गत जिले के किसान धान की रोपाई के लिए धान नर्सरी डाल रहे हैं। खरीफ के अन्तर्गत जिले की मुख्य फसल धान है जो कि लगभग 80 प्रतिशत क्षेत्रफल में बोयी जाती है। वर्तमान खरीफ के अन्तर्गत धान सुगंधित एवं अन्य धान का क्षेत्राच्छादन का लक्ष्य 25179 हेक्टेयर रखा गया है। इसके अतिरिक्त मक्का 1229 हे., ज्वार 3815 हे., बाजरा 3052 हे., अरहर 294 हे., उर्द 18 हे., मूंग 20 हे. एवं शेष क्षेत्रफल में श्री अन्न तथा अन्य फसलें बोयी जाएंगी। जिला कृषि अधिकारी विनोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि खरीफ में बोयी जाने वाली फसलों में प्रयोग के लिए जिले में कार्यरत

- **विक्रय केंद्रों पर पीओएस मशीन के माध्यम से निर्धारित मात्रा में उपलब्ध कराया जाएगा उर्वरक**

सहकारिता एवं प्राइवेट (निजी) उर्वरक विकय केंद्रों पर उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। सभी विक्रय केंद्रों द्वारा पीओएस मशीन के माध्यम से निर्धारित दरों पर उर्वरक उपलब्ध कराए जाएंगे। कृषकों को गुणवत्तापरक उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो इसके लिए सहकारिता एवं निजी क्षेत्र के विकय केन्द्रों को समस्त प्रकार के उर्वरकों का विक्रय फसल की संस्तुति के आधार पर ही किये जाने के निर्देश दिए गए है। यदि कोई बटाईदार कृषक उर्वरक लेने आता है तो उस स्थिति में यह आवश्यक है कि उससे भूस्वामी का आधार नम्बर प्राप्त कर पीओएस मशीन में दर्ज करते हुए उस बटाईदार का अंगूठा लगवाया जाए। यदि किसी विक्रेता के द्वारा 10 या उससे अधिक उर्वरक के बैग विक्रय किए जाते है तो उसका सत्यापन तत्काल कराया जाएगा। यदि कोई अनियमितता पायी जाती है अथवा विक्रेता निर्धारित दरों से अधिक दरों पर उर्वरकों की बिक्री या अवैध उर्वरक भंडारण करता हुआ पाया जाता है, तो उसके विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण ओदश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के सुसंगत प्राविधानों के अन्तर्गत आवश्यक वैधानिक कार्रवाई अमल में लायी जाएगी।

## साइकिल सवार की मोटरसाइकिल से हुई टक्कर, उपचार के दौरान मौत

**ग्रेटर नोएडा,** 4 जून (देशबन्धु)। सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र में मोजर बीयर फैक्ट्री के समीप एक साइकिल सवार व्यक्ति को मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहे तीन युवकों ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल व्यक्ति को उपचार के लिए नजदीकी शारदा अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान देवला गांव के राकेश के रूप में हुई है। राकेश सूरजपुर स्थित फैक्ट्री में नौकरी करते थे। मंगलवार की सुबह करीब आठ बजे वह साइकिल पर सवार होकर ड्यूटी के लिए निकले थे। जैसे ही वह मोटरसाइकिल पर सवार होकर मोजर बीयर फैक्ट्री के समीप पहुंचे पीछे से तेज गति से आ रहे मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवकों ने उन्हें टक्कर मार दी।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## दादरी विधायक ने खटाना धीरखेड़ा मार्ग पर गंगा नहर पर पुल निर्माण का किया शुभारम्भ

**ग्रेटर नोएडा,** 4 जून (देशबन्धु)। दादरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खटाना और धीरखेड़ा को जोड़ने वाले मार्ग पर स्थित गंगा नहर माइनर ब्रांच पर अब जल्द ही एक नया पुल बनेगा, जिसका शिलान्यास दादरी विधायक तेजपाल नागर ने बुधवार को किया। इस महत्वपूर्ण परियोजना का कार्य शुरू कर दिया गया है, जिससे क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा। यह परियोजना दादरी-जारचा मार्ग के किलोमीटर 0 से 5 तक के हिस्से में ऊपरी मार्ग शाखा खंड में प्रस्तावित है, जिसमें पुल निर्माण, अप्रोच रोड तथा सुरक्षात्मक संरचना शामिल है। इस परियोजना में पुल की लंबाई 27 मीटर, पुल की चौड़ाई 9 मीटर, कुल लागत 377.86 लाख आएगा। इस पुल के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों को शहरी क्षेत्रों से जोड़ने वाली यह परियोजना ग्रामीण जीवनशैली को सहज बनाएगी। पुल के बनने से ग्रेटर नोएडा आने-जाने में सुविधा होगी, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार एवं रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। सुरक्षा, स्थायित्व और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए निर्माण कार्य किया जाएगा। यह विकास कार्य क्षेत्र की आर्थिक प्रगति और सामाजिक समृद्धि के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस परियोजना से क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो रही है। पुल के निर्माण से लाखों लोगों को आवागमन में राहत मिलेगी और यह विकास की नई धारा लेकर आएगा। विधायक दादरी तेजपाल नागर के



- **ग्रामीण संपर्क व क्षेत्रीय विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम, लोगों को मिलेगा लाभ**

निरंतर क्षेत्र में विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। दादरी विधायक तेजपाल नागर ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, लोक निर्माण विभाग एवं जिला प्रशासन का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए का कि जिनके मार्गदर्शन व सहयोग से यह सपना साकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि हर गांव, हर व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचे। जनता के सहयोग और आशीर्वाद से दादरी विधानसभा को विकास का मॉडल बनाना हमारा संकल्प है।

साथ में गीता पंडित चेयरमैन, सुशील प्रधान खटाना, एच.के.शर्मा, प्रदीप लाला, विचित्र तोमर, संदीप शर्मा, राघवेन्द्र प्रताप, नरेश खटाना, प्रताप खटाना, देवेंद्र खटाना समस्त ग्राम और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उप-जिलाधिकारी सदर सदर परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या/170/एस०टी०-एस०डी०एम०/2025 दिनांक 07.03.2025 मृतक श्रीमती रणवती पत्नी श्री होशियार एवं होशियार पुत्र रामप्रसाद नि० ग्राम भट्टा की मृत्यु क्रमांश दिनांक 18.06.2022 व 23.07.2012 को हो चुकी है उनके स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भट्टा | 120 | श्रीमती रणवती पत्नी श्री होशियार एवं होशियार पुत्र रामप्रसाद नि0 ग्राम भट्टा की मृत्यु क्रमांश दिनांक 18.06.2022 व 23.07.2012 नि0 ग्राम भट्टा तहसील सदर जिला गौतमबुद्धनगर | श्री भोपाल सिंह | पुत्र | 66 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त पारिवारिक सदस्यों के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में लिखित रूप से दर्ज कराने का कष्ट करें अन्यथा प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों/पारिवारिक सदस्यों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर हेतु दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उप जिलाधिकारी सदर द्वारा जारी परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 2169 एस०टी० एस०डी०एम०/2023 दिनांक 29.09.2023 के अनुसार श्री ज्ञानी उर्फ हरज्ञान पुत्र स्व० हल्लन व नेमवती पत्नी ज्ञानी उर्फ हरज्ञान नि० ग्राम धनौरी कला तहसील सदर, जनपद गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 18.09.2009 व 23.10.2020 को हो चुकी है जिनमें मृतक के स्थान पर उनके पारवारिक सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है:-

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|
| धनौरी | 38 226 | श्री ज्ञानी उर्फ हरज्ञान पुत्र स्व0 हल्लन व नेमवती पत्नी ज्ञानी उर्फ हरज्ञान नि0 ग्राम धनौरी कला तहसील सदर, जनपद गौतमबुद्धनगर | श्री नरेश कुमार | 56 | पुत्र |
| | | | श्री निरंजन सिंह | 49 | पुत्र |
| | | | श्री सुनील कुमार | 44 | पुत्र |
| | | | श्री गजेन्द्र सिंह | 42 | पुत्र |
| | | | श्री अनिल कुमार | 26 | पुत्र |
| | | | श्रीमती सूरजमुखी | 63 | पुत्री विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अदंर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औ0 विकास प्राधिकरण

### ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-01,सैक्टर-नॉलेज पार्क-4,ग्रेटर नोएडा सिटी-201310 जिला-गौतमबुद्ध नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर-मलकपुर की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-एम.ए.एल.01149, भूखण्ड संख्या-एन-54, क्षेत्रफल-610 वर्ग मीटर सर्वश्री करन सिंह, मनोज चौहान पुत्रगण स्व० श्री प्रताप सिंह, श्रीमती अन्जु पत्नी स्व० श्री सुनीत, कु० रितिका ना०बा० पुत्री स्व० श्री सुनीत, श्री नवनीत ना०बा० पुत्र स्व० सुनीत पुत्रबधु/पौत्री/पौत्र स्व० श्री प्रताप सिंह, निवासी-ग्राम-मलकपुर, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। सहःआवंटी श्री करन सिंह पुत्र स्व० श्री प्रताप सिंह की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान श्रीमती रीना चौहान पत्नी स्व० श्री करन सिंह, कु० साधवी ना०बा०, कु० स्पर्श चौहान ना०बा० पुत्रीगण स्व० श्री करन सिंह, श्री पार्थ चौहान ना०बा० पुत्र स्व० श्री करन सिंह संरक्षिका माता स्वयं श्रीमती रीना चौहान, निवासी-ग्राम मलकपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके श्रीमती रीना चौहान पत्नी स्व० श्री करन सिंह, कु० साधवी ना०बा०, कु० स्पर्श चौहान ना०बा० पुत्रीगण स्व० श्री करन सिंह, श्री पार्थ चौहान ना०बा० पुत्र स्व० श्री करन सिंह संरक्षिका माता स्वयं श्रीमती रीना चौहान, निवासी-ग्राम-मलकपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में सहः आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम रबूपुरा में उप जिलाधिकारी जेवर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या/27 एस०टी०-एस०डी०एम०/2019 दिनांक 04.05.2019 श्री प्यारेलाल पुत्र अन्ता नि० ग्राम नगला पदम सिंह माजरा रबूपुरा पर० व तह० जेवर, जनपद गौतमबुद्धनगर की मृत्यू दिनांक 04.03.2019, को हो चुकी है मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है-

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रबूपुरा | 94 97 | श्री प्यारेलाल सिंह पुत्र अन्ता नि0 ग्राम नगला पदम सिंह माजरा रबूपुरा पर0 व तह0 जेवर, जनपद गौतमबुद्धनगर | ज्वाला देवी | पत्नी | 70 वर्ष | विधवा |
| | | | अतवीर | पुत्र | 54 वर्ष | विवाहित |
| | | | लाखन | पुत्र | 52 वर्ष | विवाहित |
| | | | सूरज | पुत्र | 49 वर्ष | विवाहित |
| | | | दिनेश | पुत्र | 44 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अदंर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण

{ संपादकीय }

रायपुर, गुरुवार 5 जून 2025

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# विदेश नीति में नाकामी के कुछ और उदाहरण

प्रधानमंत्री मोदी भारत की विदेश नीति और विदेशों में भारत की साख को बचाने में किस कदर नाकाम हो चुके हैं, इसके कुछ और उदाहरण सामने आए हैं। एशियाई विकास बैंक या एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) ने पाकिस्तान के लिए 668 करोड़ रुपये के पैकेज को मंजूरी दी है। पाकिस्तान को ये रुपये राजकोषीय स्थिति को बेहतर करने और सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन में सुधार के लिए दिए जा रहे हैं। पाकिस्तान में एडीबी की डायरेक्टर एम्मा फैन ने कहा कि पाकिस्तान ने मैक्रोइकोनॉमिक परिस्थितियों में सुधार के मामले में महत्वपूर्ण प्रगति की है। एडीबी का यह फैसला तब आया है जब दो दिन पहले ही प्रधानमंत्री मोदी ने एडीबी के अध्यक्ष मसातो कांडा से अपने आधिकारिक निवास पर मुलाकात की थी और इस बारे में सोशल मीडिया पर लिखा था कि– मसातो कांडा के साथ एक शानदार बैठक हुई, जिसमें हमने कई मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। पिछले दशक में भारत के तेजी से हुए परिवर्तन ने अनगिनत लोगों को सशक्त बनाया है और हम इस यात्रा में और गति लाने के लिए काम कर रहे हैं। वहीं मसातो कांडा ने विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साहसिक बताते हुए लिखा था कि हम अगले पांच वर्षों में नगर निगम के इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास, मेट्रो नेटवर्क का विस्तार, नए रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम कॉरिडोर बनाने और शहर की सेवाओं के आधुनिकीकरण में थर्ड पार्टी कैपिटल सहित 10 अरब डॉलर का निवेश करेंगे।

दो दिन पहले ऐसी खबरें देख कर भ्रम हो सकता था कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने हमारी बात नहीं सुनी, कम से कम एशियाई विकास बैंक भारत के साथ खड़ा रहेगा और पाकिस्तान को वित्तीय मदद नहीं देगा। लेकिन यहां फिर भारत की कूटनीति बुरी तरह नाकाम दिखी। श्री मोदी से मिलकर भले ही भारत में निवेश की बातें हुई हों, लेकिन इसके फौरन बाद पाकिस्तान को भी बड़ी मदद देकर एडीबी ने बता दिया कि उसका रवैया भी वही है जो पश्चिमी देशों और संस्थाओं का है। पिछले महीने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी एडीबी अध्यक्ष मसातो कांडा से मुलाकात कर अपील की थी कि पाकिस्तान की मदद न की जाए, क्योंकि वह आतंकवाद का पोषण करता है। इसके अलावा भारत कोशिश कर रहा है कि फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स में पाकिस्तान का नाम ग्रे सूची में डलवाया जाए, इसके लिए यूरोपीय देशों को साथ लाने की कोशिश हो रही है। अब इसमें भारत कामयाब होता है या नहीं, ये कहा नहीं जा सकता। लेकिन पहले आईएमएफ और अब एडीबी के फैसलों ने भारत की कोशिश को झटका तो दे ही दिया है।

वहीं पाकिस्तान अब अमेरिका, रूस, चीन तमाम बड़ी शक्तियों का करीबी बनने की कोशिश में लगा है। अमेरिका और चीन तो पहले ही भारत के ऊपर पाकिस्तान को तवज्जो दे सकते हैं, अगर रूस में पाकिस्तान अपने लिए जगह बना लेता है, तब भारत की साख पर जो बट्टा लग सकता है, उसका अंदाज सरकार को कर लेना चाहिए। हालांकि मौजूदा रवैया देखकर लगता नहीं कि सरकार को कूटनीति या विदेश नीति की कोई परवाह है। पाठक जानते हैं कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार बयान दोहरा रहे हैं कि उन्होंने व्यापार की धमकी देकर युद्ध विराम करवाया है। लेकिन अब तक प्रधानमंत्री मोदी ने इस पर सीधे कोई खंडन नहीं किया है।

अपना पक्ष रखने के लिए जो प्रतिनिधिमंडल 33 देशों की यात्रा पर भेजे गए थे, उनके नतीजे भी कुछ खास नजर नहीं आ रहे। क्योंकि इसमें सरकार की मंशा ही साफ नहीं थी कि आखिर वह प्रतिनिधिमंडलों के जरिए क्या हासिल करना चाहती थी। अगर मकसद विदेशों से समर्थन हासिल करना था, तो फिर इन मंडलों के सदस्यों की मुलाकात हरेक देश में नीति निर्माताओं से होनी चाहिए थी, जहां उन्हें आश्वासन मिलता कि वे पाकिस्तान की जमीन से संचालित आतंकी गतिविधियों का विरोध करेंगे, लेकिन एकाध देश छोड़कर अधिकतर देशों में प्रतिनिधिमंडल में गए सदस्यों ने कहीं थिंक टैंक के लोगों से मुलाकात की या फिर पूर्व मंत्री, पूर्व राजनयिक, पूर्व अधिकारी के साथ बैठकें कीं। इसमें भी एक वीडियो सामने आया जब एक प्रतिनिधिमंडल की सदस्या रेखा शर्मा खाने की मेज़ पर गीत गाते दिखीं और बाकी लोग तालियां बजा रहे थे। इस पर सवाल भी उठे कि एक बड़े आतंकी हमले के बाद वैश्विक समर्थन हासिल करने यह दल गए हैं या जनता के पैसों पर विदेशों में पिकनिक मनाने। इन्हीं रेखा शर्मा ने देश लौटकर एक समाचार चैनल से कहा कि हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि यही थी कि जिन देशों में कांग्रेस कभी पहुंच नहीं पाई और जिन देशों में कांग्रेस का कभी स्वागत नहीं होता था, वो देश अब भारत को लीडरशिप की तरफ नेतृत्व के लिए देख रहे हैं। इस मूर्खतापूर्ण और सिरे से गलत बयान पर हंसा जाए या दुख मनाया जाए कि देश की संसद में ऐसे लोग पहुंच गए हैं, जिन्हें मोदीभक्ति तो खूब आती है, लेकिन राजनैतिक इतिहास का ज्ञान शून्य है। जिस प्रतिनिधिमंडल की सदस्या रेखा शर्मा थीं, वह सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन और अल्जीरिया के दौरे पर गया था। और पूर्व प्रधानमंत्री डा.मनमोहन सिंह खुद इनमें से सऊदी अरब, कुवैत और बहरीन की यात्रा कर चुके हैं।

अब सवाल यह है कि क्या मोदी सरकार ने प्रतिनिधिमंडल इसलिए भेजे थे ताकि वापस लौटकर ये नरेन्द्र मोदी का गुणगान करें और कांग्रेस को कोसें। वैसे वाशिंगटन पोस्ट में एक खबर प्रकाशित हुई है, जिसमें बताया गया है कि मोदी सरकार को प्रतिनिधिमंडल भेजने का फैसला इसलिए लेना पड़ा क्योंकि कोई देश भारत के साथ खड़ा नहीं हुआ। ऐसी खबरों से क्या विदेशों में भारत की छवि सुधरेगी, ये सोचने वाली बात है। इधर विदेश नीति के मोर्चे पर एक बड़ा झटका और लगा है। कनाडा में हो रही जी-7 की बैठक में मोदी सरकार को न्यौता नहीं मिला। 2023 में तत्कालीन कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कनाडा में रह रहे खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय सरकारी एजेंटों की संभावित संलिप्तता का आरोप लगाया था, जिसे भारत ने फौरन ही खारिज कर दिया था। लेकिन इसके बाद दोनों देशों के राजनयिक संबंधों में जो खटास बढ़ी तो अब तक उसका असर दिखाई दे रहा है। जबकि इस बीच कनाडा में नए प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने पद संभाल लिया है और भारतीय मूल की अनीता आनंद विदेश मंत्री बनीं तो भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उन्हें बधाई दी थी। यह भारत-कनाडा के बीच पहला आधिकारिक राजनीतिक संवाद था, लेकिन अब जी-7 के लिए भारत को आमंत्रित न कर कनाडा ने जाहिर कर दिया कि उसकी तरफ से तनाव जारी रहेगा। 2019 के बाद यह पहला मौका है जब भारत जी-7 की बैठक में शामिल नहीं होगा।

# दालमोठ बनाम बिस्कुट, मामला गंभीर है

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

सोशल मीडिया पर खबर आई है कि उत्तर प्रदेश के गोण्डा में अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश ने अपने अर्दली को चाय और बिस्कुट ठीक से न मिलने पर नोटिस थमा दिया। नोटिस में अर्दली राकेश कुमार से स्पष्टीकरण मांगा गया है कि सिविल जज के आने पर चाय/बिस्कुट लाने के लिए कहने पर ऐसी दालमोठ क्यों लाई गई, जिससे गंध आ रही थी। इस खबर में कितनी सच्चाई है यह तो पता नहीं लेकिन सोशल मीडिया पर जो नोटिस वायरल हो रहा है, उसमें जज की तरफ से लिखा गया है– 'आज दिनांक 30 मई को लंच समय में मेरे विश्राम कक्ष में सिविल जज (जू.डि.) / एफटीसी नवीन, गोंडा सुश्री शर्मिष्ठा साहू मिलने आई थीं जिस पर मेरे द्वारा आपको चाय/बिस्कुट लाने हेतु कहा गया, जबकि आपके द्वारा केवल दो चाय लाई गई। मेरे द्वारा पुन: बिस्कुट लाने के लिए कहा गया, किंतु आपके द्वारा बिस्कुट न लाकर पुरानी खराब स्थिति में जिसमें से गंदी गंध आ रही थी, दालमोठ रखी गई। आलमारी में दो डिब्बे में अच्छी स्थिति में बिस्कुट रखे हुए थे। बावजूद आपके द्वारा जानबूझकर खराब पुरानी दालमोठ रखी गई, जो कि फेंकने की स्थिति में थी। इस सम्बन्ध में आप अपना स्पष्टीकरण दिनांक 31 मई को समय 10.30 बजे प्रस्तुत करें कि इस प्रकार की जानबूझकर घोर त्रुटि आपके द्वारा क्यों की गई।'

अगर खबर सच्ची है तब तो मामला संगीन है कि क्या जज को जानबूझकर पुरानी दालमोठ पेश करने का कोई षड्यंत्र रचा गया और अगर खबर काल्पनिक है, तब भी गंभीर चिंता का विषय है कि क्या दालमोठ और बिस्कुट को चर्चा में लाने की यह कोई चाल है। क्योंकि आमतौर पर तो सरकारी बैठकों में चाय के साथ समोसे, ढोकले, कलाकंद आदि परोसे जाते हैं। लेकिन सिविल जज और सत्र न्यायाधीश जब साथ बैठे हों और बात केवल बिस्किट और दालमोठ में निपट जाए, क्या यह नाइंसाफी नहीं है।

राहुल गांधी को देखना चाहिए कि नेहरूजी ने कैसा भारत बनाकर छोड़ा है, जहां किसी को रोजाना मखाने खाने मिलते हैं और किसी को पुरानी दालमोठ परोसी जाती है। नेहरूजी के बाद शास्त्रीजी, इंदिराजी, राजीवजी सबने शासन कर लिया, किसी का ध्यान इस विसंगति पर नहीं गया। सब पता नहीं क्या-क्या करते रहे। कोई जय जवान, जय किसान कहता रहा, किसी ने पाकिस्तान के दो हिस्से कर दिए, कोई पंचायतों को मजबूत करने में लगा रहा और साथ में देश में कम्प्यूटर लेकर भी आ गया। ये सब करने से क्या भारत का भला हो गया। आईआईटी, आईआईएम, एम्स न भी बनते तब भी भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए रोजाना शाखाएं कार्यरत थी हीं, वहीं से निकले लोग आज राडार से बचने के नुस्खे हमारे लड़ाकू विमानों को देते हैं। और राहुल गांधी की हिमाकत देखिए, उन्हीं से सवाल करते हैं कि हमारे कितने विमान पाकिस्तान ने गिराए हैं। राहुल गांधी भारतीय परंपरा में पढ़े-लिखे होते तो जानते कि बीती ताहि बिसार दे, आगे की सुधि ले। लेकिन नहीं, वो तो वही अटके हैं कि ट्रंप ने फोन कब किया, क्या कहा और उसके बाद यहां प्रधानमंत्री ने क्या किया। अब जो किया सो किया, लेकिन क्या उससे जो कुछ घटा है, वो बदल जाएगा, नहीं न। तो फिर वही-वही सवाल दोहराने का क्या मतलब।

2004 से राहुल गांधी सांसद चुने जा रहे हैं, कांग्रेस के उपाध्यक्ष बने, अध्यक्ष बने, अब नेता प्रतिपक्ष बन गए, लेकिन राजनीति के तकाजे समझ ही नहीं रहे हैं। ये समय बड़े-बड़े सवालों पर चिंतन करने का है, जिससे देश में सब कुछ कुशलमंगल रहे। कहां अमेरिका, पाकिस्तान, रूस, चीन के सवालों पर उलझे हुए हैं। देखिए मोदीजी को वो इन सबमें नहीं उलझते, मन की बात करते हैं। जिसमें देश के लोगों से जुड़े जरूरी सवाल रहते हैं।

जैसे जून के आखिरी में मोदीजी जब मन की बात करेंगे तो शायद गोंडा के दालमोठ प्रकरण पर कुछ उच्चकोटि के विचार देश के सामने रखेंगे। सबसे पहले तो इस बात पर संज्ञान लिया जाएगा कि यह खबर सोशल मीडिया पर आई कैसे। खबर में सच्चाई है तो यह नोटिस किसी सोशल मीडिया यूजर के हाथ कैसे लगा। अगर खबर गलत है तो भी इसके पीछे मंशा क्या है। फिर कुछ जरूरी सवालों पर मोदीजी की राय सामने आएगी, जैसे जज महोदय के आदेश के बावजूद अर्दली ने बिस्किट की जगह पुरानी दालमोठ पेश कर जो नाफरमानी की है, उसके पीछे कारण क्या है। क्या अर्दली ने अपने से ऊंचे ओहदे पर बैठे इंसान को इसके जरिए चुनौती पेश की है। क्या अर्दली अर्बन नक्सल गैंग से प्रेरित है। बस्तर से तो नक्सलियों का सफाया मोदी-शाह की युति कर चुकी है, लेकिन अर्बन नक्सलियों से निपटने के लिए अभी रणनीति तैयार हो रही है, इसके लिए अपने 140 करोड़ भाई-बहनों से मोदीजी सहयोग मांगेंगे।

अर्दली राकेश कुमार के नाम से यह स्पष्ट नहीं हो रहा है कि वे किस जाति और वर्ग के हैं। इससे मामला और भी पेचीदा हो जाता है। क्योंकि यहां फिर राहुल गांधी गड़बड़ कर चुके हैं। समाज का एक्सरे करने की बात कर पूरे समाज को यह एहसास करा दिया कि कोई गंभीर बीमारी का शिकार समाज हो गया है। जबकि इससे पहले सब आराम से चल रहा था। किसी को उसकी कमजोरी के बारे में खुलकर कहना अशिष्टता होती है, इसलिए शिष्टाचार के नाते समाज में पसरी बीमारी का जिक्र सरकार नहीं करती थी, ताकि किसी को बुरा न लगे। लेकिन राहुल गांधी को तो शिष्टाचार निभाना आता ही नहीं, इसलिए वो खुलकर दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों से कह देते हैं कि आपके हाथ में शक्ति है ही नहीं, जहां से फैसले लिए जाते हैं, नीतियां बनाई जाती हैं, वहां आप हैं ही नहीं। इसलिए वो एक्सरे की बात पूरे देश में करते फिर रहे हैं। जिसके बाद सरकार को जाति जनगणना कराने का ऐलान करना पड़ा। तो देखने वाली बात ये है कि क्या अर्दली राकेश कुमार भी जाति जनगणना का पक्षधर है या उसे वर्ण व्यवस्था के तहत बने खांचों में जीना मंजूर है। क्या बिस्कुट की जगह दालमोठ परोस कर उसने जाति जनगणना का कोई संकेत तो नहीं दिया।

बिस्कुट की जगह दालमोठ परोसने के पीछे क्या कोई कारोबारी या अंतरराज्यीय विवाद है, यह भी देखा जाएगा। दालमोठ तो आगरे की ही मशहूर है, लेकिन बिस्कुट कौन सी कंपनी का था, कहां बना था और कहां से खरीदा गया था। दालमोठ को पुरानी पड़ने तक बची क्यों रहने दिया गया। क्यों उसे न खाकर सरकारी धन की बर्बादी की गई। क्या इसमें योगी प्रशासन ने कोई चूक की, यह देखना होगा। इस पूरे प्रकरण में विचारणीय पहलू यह भी है कि जज महोदय ने अलमारी में बिस्कुट के दो पैकेट अच्छी स्थिति में रखे होने का जिक्र किया है, अर्थात वे उच्च कोटि के ईमानदार जज हैं। क्योंकि वे चाहते तो बिस्कुट के दो पैकेट अपनी हिफाजत में अपनी दराज़ में रख सकते थे। लेकिन उन्होंने सरकारी संपत्ति पर अनायास कब्जा करने की कोई चेष्टा नहीं जताई। यह उन तमाम सांसदों के लिए मिसाल है जो मंत्री या सांसद न रहने पर भी सरकारी बंगले में टिके रहते हैं। गोंडा के अपर सत्र न्यायाधीश ने उन सरकारी अफसरों के लिए भी मिसाल पेश की है जो तिजोरी भरने के बाद दीवारों में नोट चुनवा कर रखते हैं। इनकी वजह से इनकमटैक्स और ईडी पर काम का अतिरिक्त बोझ बढ़ता है।

दालमोठ बनाम बिस्कुट प्रकरण में यह भी विचारणीय है कि जब अर्दली ने केवल चाय की दो प्यालियां पेश कीं और फिर बिस्कुट लाने का आदेश हुआ, लेकिन फिर भी पुरानी दालमोठ पेश की गई, इस सबमें जो वक्त बर्बाद हुआ, उसकी भरपाई कौन करेगा। दालमोठ में एक से ज्यादा नमकीनों का मिश्रण होता है, कुछ-कुछ इंडिया गठबंधन की तरह, कुछ सख्त, कुछ चटपटे, कुछ तीखे तत्व होते हैं। तो क्या अर्दली ने इस बात से प्रेरित होकर दालमोठ परोसी, इसे भी परखना चाहिए। यह सीधे सरकारी कर्मचारी की राजनैतिक पक्षधरता को दिखाता है। साथ ही महत्वपूर्ण सवाल यह है कि दालमोठ लाने जे जाने के बीच चाय गर्म बनी रही या ठंडी हो गई। क्योंकि कुछ भी हो जाए चाय की शान के साथ समझौता नहीं होना चाहिए। राहुल गांधी तो शायद कॉफी पीते हैं, वो क्या जानें कि चाय बेचने और चाय पीने का सुख क्या होता है।

बहरहाल अभी जस्टिस फॉर बिस्कुट या बायकॉट पुरानी दालमोठ हैशटैग के साथ सोशल मीडिया पर नया अभियान खड़ा करने की जरूरत है। हमारे कितने विमान गिरे, किसने सरेण्डर किया, सीज़फायर का आदेश कहां से हुआ, ऐसे फालतू सवालों में वक्त बर्बाद करने से अच्छा है कि बड़े सवालों पर देश मन की बात करे।

**अगर खबर सच्ची है तब तो मामला संगीन है कि क्या जज को जानबूझकर पुरानी दालमोठ पेश करने का कोई षड्यंत्र रचा गया और अगर खबर काल्पनिक है, तब भी गंभीर चिंता का विषय है कि क्या दालमोठ और बिस्कुट को चर्चा में लाने की यह कोई चाल है। क्योंकि आमतौर पर तो सरकारी बैठकों में चाय के साथ समोसे, ढोकले, कलाकंद आदि परोसे जाते हैं। लेकिन सिविल जज और सत्र न्यायाधीश जब साथ बैठे हों और बात केवल बिस्किट और दालमोठ में निपट जाए, क्या यह नाइंसाफी नहीं है।**

# गाजा और पश्चिमी तट पर कब्ज़ा करने के लिए इजरायल पूरी तरह तैयार

■ नन्तू बनर्जी

गाजा के हमास उग्रवादियों को एक बड़ी आपदा का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि इजरायल लगभग 20 वर्षों के अंतराल के बाद गाजा पट्टी पर पूर्ण नियंत्रण करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसके साथ ही, इजरायल फ्रांस, यूनाइटेड किंगडम और स्वीडन और यहां तक कि तेल अवीव में अपने ही लोगों के एक वर्ग के विरोध को नजरअंदाज करते हुए पश्चिमी तट के एक बड़े हिस्से (क्षेत्र सी) पर कब्ज़ा करने के लिए कमर कसता हुआ दिखायी दे रहा है।

पिछले सप्ताह, इजरायल ने कहा कि वह कब्जे वाले पश्चिमी तट पर 22 अतिरिक्त यहूदी बस्तियाँ स्थापित करेगा। ईरान और ईरान समर्थक हौथियों को छोड़कर अरब दुनिया में हमास के कुछ ही सच्चे समर्थक हैं। 7 अक्तूबर 2023 से इजरायल-हमास युद्ध के दौरान हुई मौतों और विस्थापन के कारण फिलिस्तीनी आबादी में भारी कमी के साथ गाजा जल्द ही इजरायल के विस्तारित क्षेत्र का हिस्सा बन सकता है।

वर्तमान गाजा युद्ध अतीत में कई अनसुलझे इजरायली-फिलिस्तीनी संघर्षों के बाद हुआ है, जिनमें 2008, 2009, 2012, 2014 और 2021 के संघर्ष शामिल हैं। विडंबना यह है कि इजरायल ने 2005 में दुनिया की सबसे घनी आबादी वाली बस्तियों में से एक गाजा पट्टी का नियंत्रण छोड़ दिया था। वह गाजा पट्टी से हट गया था और उसने वहां से अपनी सभी बस्तियों को खत्म कर दिया था। इजरायल फिलाडेल्फी मार्ग से भी वापस हो गया था, जो मिस्र के साथ सीमा से सटे भूमि की एक संकरी पट्टी थी, जब मिस्र ने राफा समझौते के तहत अपने क्षेत्र की सीमा को सुरक्षित रखने पर रजामंदी व्यक्त की थी। इजरायल चाहता तो 1967 में छह दिवसीय युद्ध के बाद गाजा को अपने नियंत्रण में ले सकता था। उसने पश्चिमी बैंक और पूर्वी येरूशलम पर भी कब्जा कर लिया था। उस समय गाजा पट्टी 40 किलोमीटर लंबी थी और उसकी आबादी 13लाख थी। गाजा में जन्म दर दुनिया में सबसे अधिक है। हालांकि, वहां बिना किसी तनाव के शासन करने के लिए उचित यहूदी बस्ती के लिए बहुत कम जगह थी।

युद्ध के अंत, जो अंतिम चरण में पहुंच गया है, तक मृत्यु और विस्थापन के कारण फिलिस्तीनी आबादी में काफी कमी आने की उम्मीद है। गाजा की लगभग 70 प्रतिशत फिलिस्तीनी आबादी शरणार्थी हैं, जो अपनी दैनिक आजीविका के लिए ज़्यादातर मानवीय सहायता पर निर्भर हैं। भूमि, वायु और समुद्र के माध्यम से परिवहन की आवाजाही पर सुरक्षा से जुड़ी इजरायली नाकाबंदी ने गाजा की अच्छी-खासी आबादी को क्षेत्र से भागने या भूख से मरने के लिए मजबूर किया है। एक तरह से, गाजा की शरणार्थी आबादी लंबे समय से संकीर्ण पट्टी में शो चलाने वाले हमास आतंकवादियों द्वारा बंदी बना ली गयी है।

एक बार फिर से उस क्षेत्र को हासिल करने के बाद, इजरायल वहां यहूदी आबादी की पर्याप्त उपस्थिति सुनिश्चित करेगा ताकि इसका सुचारू प्रबंधन सुनिश्चित हो सके और पट्टी को आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनाया जा सके। एक बार जब गाजा पट्टी पर विजय प्राप्त कर ली जायेगी है और पश्चिमी तट का एक बड़ा हिस्सा पूरी तरह से इजरायल के नियंत्रण में आ जायेगा है, तो उम्मीद है कि देश दुनिया की शीर्ष आर्थिक और सैन्य शक्ति के रूप में उभरने के अपने लंबे समय से संजोये गये सपने को साकार करने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

वर्तमान में, इजरायल पश्चिम एशिया का सबसे विकसित और उन्नत देश है, जिसके पास दुनिया में 17वां सबसे बड़ा विदेशी मुद्रा भंडार है। अरब प्रायद्वीप के साथ-साथ तुर्की, मिस्र और ईरान सहित 18 सदस्यीय पश्चिम एशियाई क्षेत्र में प्रति वयस्क औसत संपत्ति सबसे अधिक है। प्रति व्यक्ति वित्तीय परिसंपत्तियों के मामले में इजरायल दुनिया भर में 10वें स्थान पर है। उल्लेखनीय रूप से, आठ अरब देश अब खुले तौर पर और बेशर्मी से इजरायल के साथ व्यवहार करते हैं। वे हैं- सऊदी अरब, यूएई, मिस्र, जॉर्डन, ओमान, मोरक्को, बहरीन और सूडान।

यह मानते हुए कि गाजा और लेबनान में इजरायल की लड़ाई जल्द ही कम हो जायेगी, आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) की नवीनतम आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट ने पूर्वानुमान लगाया है कि देश की अर्थव्यवस्था 2025 में 3.4 प्रतिशत और 2026 में 5.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी, जो कि ओईसीडी के वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए 2025 में 3.1प्रतिशत और 2026 में तीन प्रतिशत के औसत विकास पूर्वानुमान से अधिक है। चालू वर्ष के लिए ओईसीडी का विकास पूर्वानुमान बैंक ऑफ इजरायल के चार प्रतिशत और इजरायल वित्त मंत्रालय के 4.4 प्रतिशत के अनुमान से कम है। हालांकि, ओईसीडी को उम्मीद है कि इस साल इजरायल की अर्थव्यवस्था में सुधार आयेगा, हालांकि यह विकास की गति के बारे में निराशावादी है, क्योंकि युद्ध से संबंधित खर्च के जोखिम का हवाला देतेहुए इसने कहा कि देश के वित्त पर इसका असर पड़ रहा है।

2023 यूएस न्यूज एंड वर्ल्ड रिपोर्ट ने इजरायल को दुनिया के 10 सबसे शक्तिशाली देशों में स्थान दिया। इसने पाया कि इजरायल की सेना दुनिया भर में चौथी सबसे मजबूत है, जो केवल अमेरिका, चीन और रूस से पीछे है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इजरायल दुनिया की छठी सबसे अधिक राजनीतिक रूप से प्रभावशाली शक्ति भी है। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि एक अग्रणी वैश्विक आर्थिक और सैन्य शक्ति बनने के लिए इजरायल की बोली बहुआयामी है। इनमें देश के उच्च तकनीक क्षेत्र को मजबूत करना, रक्षा प्रौद्योगिकी में निरंतर नवाचार और एक मजबूत अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना शामिल है। कई बहुराष्ट्रीय निगम देश में अनुसंधान और विकास केंद्र स्थापित कर रहे हैं। इसमें एक जीवंत स्टार्टअप इकोसिस्टम है, जो स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों तरह के निवेश को आकर्षित करता है और नवाचार को बढ़ावा देता है। इजरायल के पास एक अच्छी तरह से स्थापित और अत्यधिक अभिनव रक्षा विनिर्माण उद्योग है, और वह उन्नत हथियार और प्रौद्योगिकी विकसित कर रहा है। वह रक्षा उपकरणों का एक महत्वपूर्ण निर्यातक देश है।

इज़राइल देश के आर्थिक विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए गाजा युद्ध को जल्द से जल्द समाप्त करना चाहता है। वर्ष की अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस में, इज़रायली प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कसम खायी कि वर्तमान युद्ध के अंत तक, पूरा गाजा पट्टी इज़रायली सुरक्षा नियंत्रण में होगा। दिलचस्प बात यह है कि दक्षिणी गाजा क्षेत्र में फ़िलिस्तीनी हाल ही में हमास के विरोध में सड़कों पर उतरे हैं। गाजा स्थित फ़िलिस्तीनी प्रदर्शनकारियों को सोशल मीडिया पर पोस्ट किये गये वीडियो में युद्ध को समाप्त करने और गाजा से सशस्त्र समूह को हटाने का आह्वान करते हुए देखा गया। उन्होंने नारे लगाये 'बाहर! बाहर! बाहर! पूरा हमास, बाहर!' पिछले हफ़्ते इज़रायली हमले में हमास के सशस्त्र विंग के प्रमुख मोहम्मद सिनवार की मौत के बाद, गाजा युद्ध के लंबे समय तक चलने की संभावना नहीं है।

**युद्ध के अंत, जो अंतिम चरण में पहुंच गया है, तक मृत्यु और विस्थापन के कारण फिलिस्तीनी आबादी में काफी कमी आने की उम्मीद है। गाजा की लगभग 70 प्रतिशत फिलिस्तीनी आबादी शरणार्थी हैं, जो अपनी दैनिक आजीविका के लिए ज़्यादातर मानवीय सहायता पर निर्भर हैं। भूमि, वायु और समुद्र के माध्यम से परिवहन की आवाजाही पर सुरक्षा से जुड़ी इजरायली नाकाबंदी ने गाजा की अच्छी-खासी आबादी को क्षेत्र से भागने या भूख से मरने के लिए मजबूर किया है। एक तरह से, गाजा की शरणार्थी आबादी लंबे समय से संकीर्ण पट्टी में शो चलाने वाले हमास आतंकवादियों द्वारा बंदी बना ली गयी है।**

## ललित सुरजन की कलम से



## पत्थरगड़ी, पेसा और स्वायत्त शासन

*'यदि सरकारी तंत्र में विकेन्द्रीकरण के बजाय केन्द्रीकरण पर जोर होगा तो कभी भी सुचारु शासन संभव नहीं हो सकता। हमारे सामने तमाम दुनिया के उदाहरण हैं। ग्रेट ब्रिटेन स्पष्ट तौर पर चार हिस्सों में विभाजित है और उनमें से हरेक को पर्याप्त स्वायत्तता हासिल है। हमारा सत्ताधारी वर्ग जिस अमेरिका को अपना चरम आदर्श मानता है वहां भी पचास में से हर राज्य संघीय गणराज्य का सदस्य तो है, लेकिन हर बात के लिए संघ पर निर्भर नहीं है। ऐसा ही कनाडा में है। फिनलैंड जैसे छोटे देश में दो भाषाएं आधिकारिक हैं और सिंगापुर में चीनी व मलय के साथ तमिल को बराबरी की भाषा का दर्जा हासिल है। भारत की संकल्पना भी संघीय गणराज्य के रूप में की गई है, लेकिन इस अवधारणा के पीछे जो बुनियादी सिद्धांत हैं उनका पालन करने में सत्ताधारी वर्ग की रुचि कुछ कम ही दिखाई देती है। भारत में दर्जनों क्षेत्रीय दलों का उभरना इस केन्द्रीकृत मानसिकता के विरोध का उदाहरण है।'*

**(देशबन्धु में 03 मई 2018 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2018/05/blog-post.html

## पावन प्रसंग

## गृहस्थ जीवन में माधुर्य

गृहस्थ जीवन की सफलता के लिए शिक्षा, संपन्नता और योग्यता ही पर्याप्त नहीं है। गृहस्थ जीवन का आधार है-पति-पत्नी के जीवन में सामंजस्य तथा संबंधों में मधुरता। घर में छोटी-छोटी बातों को लेकर यदि दिन-रात चिक-चिक होती रहती है तो पति-पत्नी कितने ही योग्य सुशिक्षित क्यों न हों। घर का वातावरण कलह तथा तनाव से ही भरा रहेगा। बिना पढ़े गंवार पति-पत्नी भी प्यार से रहते देखे गए हैं। पत्नी बचपन से मिले संस्कारों के कारण सब कुछ सहजता से सहती है, परंतु अपनी प्रतिक्रिया अन्य रूपों में प्रकट करती है।

आधुनिक शिक्षित परिवारों में जहां पत्नी भी अपना दर्जा पुरुष के बराबर मानती है, वहां सीधी टकराहट होती है, परिणाम होता है-पति-पत्नी से असंतुष्ट और पत्नी, पति से असंतुष्ट, दोनों एकदूसरे के प्रति शिकायतों से भरे हुए और दोनों ही एकदूसरे से भीतर-ही-भीतर ऊबे हुए, इन कारणों से परिवार हर घड़ी टूटन के कगार पर खड़े रहते हैं। यदि पति-पत्नी एकदूसरे से सामंजस्य स्थापित कर सकें और वैसा ही स्नेह, सद्भाव बरतते रहें जैसा कि दांपत्य जीवन में प्रवेश करते समय नवदंपती के रूप में बरतते थे तो परिवार का वातावरण सुख और आनंद से परिपूरित हो जाए।

इस तथ्य को सभी स्वीकारते हैं कि पति-पत्नी एकदूसरे के प्रति सामंजस्य बनाए रहने पर ही गृहस्थी को सुख-शांतिपूर्ण स्वर्ग जैसा बना सकते हैं, परंतु जानते हुए भी ऐसा क्यों नहीं हो पाता। इसके कारण हैं- पहला तो यह कि प्रत्येक व्यक्ति में कुछ त्रुटियां जरूर होती हैं। पति-पत्नी विवाह से पूर्व अपने जीवनसाथी की एक आदर्श छवि अपने मन में बनाए रहते हैं। विवाह होने पर नए-नए साथी के प्रति भावुकता भरा आकर्षण उन त्रुटियों को नजरअंदाज करा देता है, परंतु जैसे-जैसे परिचय पुराना होता जाता है, वैसे-वैसे पूर्व से संजोई गई वह छवि धूमिल पड़ने लगती है और एकदूसरे की कमियां अखरने लगती हैं।

आवश्यक है कि मनुष्य होने के नाते अपने जीवनसाथी की कमियों, त्रुटियों और कमजोरियों के प्रति सहिष्णुता का दृष्टिकोण अपनाया जाए। इसका यह अर्थ नहीं कि त्रुटियों को सहन करने से जीवनसाथी के व्यक्तित्व और चरित्र को वैसा ही रहने देना है। विवाह ही इसलिए किया जाता है कि पति-पत्नी एक प्रगाढ़ आत्मीय साथी के रूप में एकदूसरे का विकास करें, लेकिन जीवनसाथी की त्रुटियों को पुलिस अधिकारी की तरह देखने और उसे अपराधी समझने की जो प्रवृत्ति है, वह दांपत्य जीवन की सरसता को तोड़ती ही है।

यहीं से एकदूसरे के प्रति शिकायत रखने और असंतोष व्यक्त करने की शुरुआत होती है। वस्तुत: शिकायत इसलिए नहीं होती कि पति या पत्नी में कोई अवगुण है, बल्कि शिकायत इसलिए रहती है कि उस अवगुण के कारण स्वयं अपने को असुविधा हो रही है।

इसी प्रकार पत्नी पड़ोस के लोगों से, घर के अन्य सदस्यों से चाहे जितना लड़-झगड़ ले कोई गंभीर बात नहीं है। बात गंभीर तो तब बनती है, जब पत्नी पतिदेव की सेवा-टहल में कोई कमी कर देती है या उसको इच्छित सुविधाएं नहीं दे सकती है। कहने का अर्थ यह कि पति-पत्नी को एकदूसरे के अवगुणों से उतनी घृणा नहीं होती, जितनी कि उनके कारण स्वयं को होने वाली असुविधा से। इसी मनोवृत्ति के कारण पति-पत्नी एक-दूसरे के विकास में सहायक होने के स्थान पर एकदूसरे को परेशान करने वाले शत्रु की तरह बरताव करने लगते हैं।

अवगुणों का परिष्कार या व्यक्तित्व का परिमार्जन ही यदि उद्देश्य रहे तो उससे पति-पत्नी एकदूसरे के प्रति इतना भयंकर रुख नहीं अपनाते, जितना कि आमतौर पर अपना लेते हैं। अवगुण या व्यक्तित्व की दुर्बलताएं तो बीमारियों की तरह हैं, जिन्हें उपचार से ठीक किया जाना चाहिए। बीमार और कमजोर आदमी को कोई बैर अथवा प्रताड़ना की दृष्टि से नहीं देखता, बल्कि उसके प्रति सहानुभूति ही रखता है। उद्देश्य यदि वस्तुत: अपने जीवनसाथी के व्यक्तित्व का परिमार्जन ही है।

**-युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

## पाकिस्तानपरस्त आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक कूटनीतिक अभियान

पाकिस्तानपरस्त आतंकवाद का विदेशी धरती पर अभियान तेज हो गया है। भारत से गए सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडल ने पाकिस्तान के खिलाफ पुरजोर विरोध किया। भारत के सर्वदलीय नेताओ में ओवैसी, शशि थरूर, कनिमोझी और सलमान खुर्शीद जैसे दिग्गज नेताओं ने पाकिस्तान की साजिश की पोल खोलकर रख दी है। इन नेताओं का जज्बा और जोश देशप्रेम से सराबोर नजर आ रहा है। ओवैसी मोदी के बड़े आलोचक रहे हैं हर समय मोदी को मंच से घेरने वाले नेता ने आतंकवादी को संरक्षण देने वाले देश पाकिस्तान पर खूब बरसे। उनका देशप्रेम साफ झलक रहा है। ओवैसी ने विदेश में पाकिस्तानी आतंतियों द्वारा पहलगाम में किए हमले की पुरजोर निंदा की है। कांग्रेस के दिग्गज नेता शशि थरूर ने आतंकवाद पर पाकिस्तान को लेकर फटकार लगाई है। देशभक्ति की पराकाष्ठा में लीन ये नेता आतंकवाद पर खुल कर बोल रहे है कनिमोझी को अपनी भाषा के लिए पूछे जाने पर उनके जवाब पर भारत ही नहीं, देशभक्तों ने भूरि भूरि प्रशंसा की है। सलमान खुर्शीद भारत में भाजपा पर प्रहार करते नजर आते हैं लेकिन उनका देशप्रेम किसी से छुपा नही है। सलमान खुर्शीद ने देशहित की मुखर पैरोकारो को राजनीति से जोड़े जाने की पीड़ा व्यक्त की। पाकिस्तान को आतंकवाद पर बेनकाब करने में कोई कसर नही छोड़ी। इंडोनेशिया में सलमान खुर्शीद ने धारा 370 हटाये जाने पर पुरजोर समर्थन किया। देश में लोग राजनैतिक निष्ठा की बात भले ही करे, लेकिन सर्वदलीय नेताओं की देशप्रेम और आतंकवाद पर उनकी निष्ठा साफ झलकती दिखाई दे रही है। शशि थरूर ने भारत का पक्ष मजबूत रखने पर कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे। आतंकवादियो को प्रशिक्षण देने वाले पाकिस्तान का नकाब चीरता दिखाई दिया। मुस्लिम आबादी वाले इंडोनेशिया में पाकिस्तान को बेनकाब करने की कोई कसर नहीं छोड़ी है। खुर्शीद को मोदी सरकार के नए पैरोकार होने का तंज कसा है। लेकिन उनको कोई गिले शिकवे नहीं है। देश के पक्ष में बोलने की जरूरत है और वो हम कर रहे है जिस तरह से खुर्शीद शशि थरूर सांसद कनिमोझी और ओवैसी के सर्वदलीय दल ने विदेश में भारत के आतंकवादी गतिविधियों पर फोकस कर उसको बेनकाब किया है, वह सच्चा देशप्रेम है। वो अंदर पार्टियों पर कुछ भी बोलें, लेकिन देश की बात हो वहां एकजुटता रखने की इस देशभक्ति एवं एकजुट होने पर सभी को गर्व है।

**-कांतिलाल मांडोत, सूरत**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

# देश विदेश

## नीदरलैंड के प्रधानमंत्री शूफ ने दिया इस्तीफा

**हेग।** नीदरलैंड के प्रधानमंत्री डिक शूफ ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। सुश्री शूफ ने मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा देने की घोषणा करते हुए कहा था कि वह राजा विलेम-अलेक्जेंडर को औपचारिक रूप से अपना इस्तीफा सौंपेंगे। उन्होंने यह घोषणा दक्षिणपंथी पार्टी फॉर फ्रीडम (पीवीवी) द्वारा सत्तारूढ़ गठबंधन से हटने के बाद की। उन्होंने हेग में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वह औपचारिक रूप से दिन में बाद में राजा को अपना इस्तीफा सौंप देंगे। उन्होंने कहा कि वह कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में पद पर बने रहेंगे और नीदरलैंड के सामने वर्तमान में मौजूद प्रमुख चुनौतियों का समाधान करने के लिए काम करना जारी रखेंगे

# ली जे-म्यांग दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति चुने गए

**■ यह जीत कई महीनों की उथल-पुथल के बाद आई**

**सियोल,** 4 जून (एजेंसियां)। डेमोक्रेटिक पार्टी (डीपी) के उम्मीदवार ली जे-म्यांग बुधवार को साउथ कोरिया के नए राष्ट्रपति चुने गए हैं। यह जीत कई महीनों की उथल-पुथल के बाद आई, जिसमें उनके पूर्व प्रतिद्वंद्वी को मार्शल लॉ लागू करने की असफल कोशिश के कारण महाभियोग और पद से हटाया गया था। योनहाप न्यूज एजेंसी के अनुसार यून के दिसंबर में मार्शल लॉ लगाने की असफल कोशिश ने ली जे-म्युंग के राष्ट्रपति बनने का रास्ता बनाया, लेकिन इसने देश में राजनीतिक विभाजन को और गहरा दिया। साथ ही, अमेरिका की टैरिफ नीतियों से लेकर उत्तर कोरिया के बढ़ते परमाणु हथियार कार्यक्रम तक कई चुनौतियों को और मुश्किल कर दिया। सभी वोटों की गिनती के बाद, लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (डीपी) के ली जे-म्युंग ने 49.42 प्रतिशत वोट हासिल किए, जबकि उनके कंजर्वेटिव पीपल पावर पार्टी (पीपीपी) के प्रतिद्वंद्वी किम मून-सू को 41.15 प्रतिशत वोट मिले। ली ने 1.73 करोड़ वोट हासिल किए।



### शी जिनपिंग ने ली जे-म्यांग को भेजा बधाई संदेश


**बीजिंग।** चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने 4 जून को ली जे-म्यांग को एक संदेश भेजाकर उन्हें दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति के रूप में चुने जाने पर बधाई दी है। शी जिनपिंग ने कहा कि चीन और दक्षिण कोरिया एक-दूसरे के महत्वपूर्ण पड़ोसी और सहयोगी साझेदार हैं। राजनयिक संबंधों की स्थापना के बाद के 33 वर्षों में, दोनों पक्षों ने विचारधारा और सामाजिक प्रणालियों में मतभेदों को पार किया है, हाथ से हाथ मिलाकर काम किया है, पारस्परिक सफलता हासिल की है।

### मोदी ने ली जे-म्यांग को दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दक्षिण कोरिया का राष्ट्रपति चुने जाने पर ली जे-म्यांग को बधाई दी है। साथ ही उन्होंने दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की इच्छा जताई। डेमोक्रेटिक पार्टी (डीपी) के उम्मीदवार ली जे-म्यांग बुधवार को नए राष्ट्रपति चुने गए। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, कोरिया गणराज्य का राष्ट्रपति चुने जाने पर ली जे-म्यांग को बधाई। हम भारत-कोरिया गणराज्य विशेष रणनीतिक साझेदारी का विस्तार करने और इसे मजबूत करने के लिए एक साथ काम करने को लेकर तत्पर हैं। 2022 में पिछले चुनाव में पूर्व राष्ट्रपति यूं सुक योल से एक प्रतिशत से भी कम अंतर से हारने के बाद ली की जीत एक शानदार वापसी है।

## अपहृत नागरिकों की रिहाई में ईरानी सरकार का प्रयास सच्ची मित्रता की भावना : भारतीय दूतावास

**तेहरान,** 4 जून (एजेंसियां)। भारत ने तीन अपहृत भारतीय नागरिकों की रिहाई सुनिश्चित करने में ईरानी सरकार के प्रयासों के लिए बुधवार को उनका धन्यवाद किया और इस बात पर जोर दिया कि यह सहायता दोनों देशों के बीच मौजूद 'मित्रता की सच्ची भावना' को दर्शाती है। ईरान में भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में लिखा, तीनों अपहृत भारतीय नागरिकों को सुरक्षित बचा लिया गया है और अब वे भारतीय दूतावास की देखरेख में हैं, जो उनकी स्वदेश वापसी की व्यवस्था कर रही है। हम उनकी रिहाई सुनिश्चित करने के लिए त्वरित और प्रभावी प्रयासों के लिए ईरान सरकार को ईमानदारी से धन्यवाद देते हैं। पोस्ट में कहा गया है, आपका समर्थन दोनों देशों के बीच मित्रता की सच्ची भावना को दर्शाता है। भारत स्थित ईरानी दूतावास ने मंगलवार देर रात ईरान की अर्ध-सरकारी मेहर समाचार एजेंसी की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए इस बात की पुष्टि की कि



### तेहरान पुलिस ने तीन लापता भारतीय नागरिकों को मुक्त करा लिया है : ईरानी दूतावास

तेहरान पुलिस ने लापता व्यक्तियों को मुक्त करा लिया है। ईरानी दूतावास ने कहा कि तेहरान पुलिस ने तीन लापता भारतीय नागरिकों को मुक्त करा लिया है। ईरान में स्थानीय मीडिया का कहना है कि पुलिस ने ईरान में लापता तीन भारतीयों को ढूंढकर रिहा करा लिया है। ईरानी मीडिया के अनुसार, दक्षिणी तेहरान के वरामिन में बंधक बनाने वालों के विरुद्ध पुलिस अभियान के बाद तीनों को बचा लिया गया। रिपोर्टों के अनुसार, पंजाब के रहने वाले तीनों भारतीय नागरिकों की पहचान जसपाल सिंह, हुशनप्रीत सिंह और अमृतपाल सिंह के रूप में हुई है।

## सुडोकू 6934

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 7 | 3 | | | |
| | | | | | 2 | 3 | 5 | |
| 3 | | | | | | | 7 | |
| | | 2 | 8 | | | | 1 | |
| 6 | 4 | | | | | | 2 | 9 |
| | 8 | | | | 4 | 7 | | |
| | 7 | | | | | | | 6 |
| | 5 | 8 | 6 | | | | | |
| | | | 4 | 1 | 8 | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : गुरूवार 5 जून, 2025 ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 10**

### राशिफल

मेष - दीर्घकालिक आयोजन करने के लिए अनुकूल दिन है। आज का दिन आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से लाभदायक होगा। तन-मन से स्फूर्ति और ताजगी का अनुभव करेंगे। मित्रों तथा स्वजनों की तरफ से भेंट या सौगात मिलेगी।

वृषभ - आज आपकी वाणी का जादू किसी को अभिभूत करके आपको लाभ दिलाएगा। वाणी की सौम्यता नए संबंध स्थापित करने में मदद करेगी। शुभ काम करने की प्रेरणा मिलेगी। पठन तथा लेखन की प्रवृत्तियों में अभिरुचि बढ़ेगी।

मिथुन - महत्वपूर्ण निर्णय लेने में आप दुविधा अनुभव करेंगे। माता और पत्नी के मामले में अधिक संवेदनशील बनेंगे। विचारों की भरमार से मानसिक थकान का अनुभव होगा। अनिद्रा के कारण शारीरिक अस्वस्थता रहेगी।

कर्क - शारीरिक और मानसिक ताजगी के साथ घर में भी आनंद का वातावरण रहेगा। मित्रों एवं स्नेहीजनों के साथ मुलाकात होगी। दोस्तों से लाभ होगा। शुभ काम का आरंभ करने के लिए आज का दिन अनुकूल है।

सिंह - आपका दिन मिश्रित फलदायी होगा। लंबी अवधि का आयोजन आपको दुविधा में डालेगा। काम में निर्धारित सफलता नहीं मिलेगी। परिवार में मेल-मिलाप का वातावरण रहेगा।

कन्या - आपकी वाणी का माधुर्य नए संबंध स्थापित करने में उपयोगी साबित होंगे। वैचारिक समृद्धि बढ़ेगी। व्यापार- धंधे में लाभ के साथ सफलता मिलेगी। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य भी बना रहेगा।

तुला - अपनी वाणी और व्यवहार को संयम में रखें। अन्य व्यक्तियों या परिजनों के साथ उग्र बोलाचाली होने की आशंका है। परोपकार का बदला उपकार से मिल सकता है। आय की अपेक्षा खर्च की मात्रा बढ़ेगी।

वृश्चिक - गृहस्थजीवन में आपको सुख और संतोष का अनुभव होगा। पत्नी तथा पुत्र से शुभ समाचार मिलेगा। मांगलिक काम होंगे। विवाह के संयोग बनेंगे। नौकरी-धंधे में अच्छे अवसर खड़े होने से आय में वृद्धि होगी।

धनु - आज का दिन शुभफल देने वाला है। गृहस्थ जीवन में आनंद छाया रहेगा। प्रत्येक कार्य में सफलता प्राप्त होगी। अधिकारी आप पर प्रसन्न रहेंगे। पिता और बड़ों से लाभ होने की संभावना है।

मकर - बौद्धिक कार्यों एवं व्यवसाय में आप नई शैली अपनाएंगे। साहित्य तथा लेखन की प्रवृत्ति को गति मिलेगी। शरीर में बेचैनी और थकान का अनुभव होगा। संतान की समस्या चिंता का कारण बनेगी। लंबी यात्रा की संभावना है।

कुंभ - आज आपको नकारात्मक विचारों से दूर रहने की सलाह दी जाती है। झगड़े-विवाद से बचें, क्रोध और वाणी पर संयम रखें। पारिवारिक वातावरण दूषित रहेगा। आर्थिक तंगी का अनुभव होगा।

मीन - आपका आज का दिन सुख- शांति में गुजरेगा। व्यापारियों के लिए समय अच्छा है। दांपत्यजीवन में निकटता का अनुभव होगा। मित्रों, स्वजनों के साथ मुलाकात होगी। प्रेमीजनों का रोमांस अधिक गहरा होगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## इजरायल में बेन गुरियन हवाई अड्डे पर हूतियों का हमला जारी

**दोहा,** 4 जून (एजेंसियां)। अंसार अल्लाह आंदोलन ने इजराइल में बेन गुरियन हवाई अड्डे पर एक और मिसाइल हमले की घोषणा की है। अंसार अल्लाह को हूती आंदोलन के नाम से भी जाना जाता है। एक हूती प्रवक्ता ने अल-मसीरा यमन प्रसारक को बताया कि हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल का उपयोग करके किए गए इस हमले ने एक अमेरिकी सैन्य परिवहन विमान को उतरने से रोक दिया। पिछले एक सप्ताह से हूतियों ने इजरायल में बेन गुरियन हवाई अड्डे पर प्रतिदिन हमला किया है। अंसार अल्लाह आंदोलन ने जोर देकर कहा है कि इजरायल के खिलाफ हमले केवल गाजा पट्टी में शत्रुता समाप्त होने और इसकी नाकाबंदी के साथ ही बंद होंगे। हूतियों ने 2023 के अंत में फिलिस्तीन के लिए समर्थन की घोषणा की और अक्टूबर 2023 में गाजा पट्टी में संघर्ष शुरू होने के बाद से इजरायल पर सैकड़ों मिसाइलों और ड्रोनों को दागा है। इजरायल की सेना ने यमन के हूती-नियंत्रित हिस्सों में कई लक्ष्यों को निशाना बनाते हुए कई हवाई हमले किए हैं।

## कनाडा के जंगलों में लगी आग वाले क्षेत्र से 25 हजार से अधिक लोगों को निकाला गया

**■ जंगल की आग के धुएं ने पूरे कनाडा में वायु गुणवत्ता अलर्ट जारी कर दिया है**

**ओटावा,** 4 जून (एजेंसियां)। कनाडा में जंगल की आग के कारण 25,000 से अधिक लोगों को निकाल कर सुरक्षित जगहों पर पहुंचाने के लिए मजबूर होना पड़ा है। स्थानीय मीडिया ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि उत्तरी सस्केचेवान से 9,000 से अधिक लोगों को निकाल कर सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है। प्रांत के प्रमुख स्कॉट मो ने कहा कि आने वाले दिनों में यह संख्या 15,000 तक पहुंच सकती है। उन्होंने सरकार ने पिछले सप्ताह 30-दिवसीय प्रांतीय आपातकाल की घोषणा की, जबकि पड़ोसी प्रांति मैनिटोबा में भी इसी तरह की घोषणा की गयी है और लगभग 17,000 लोगों के लिए अनिवार्य रूप ने निकालने के लिए कहा है। प्रकाशित प्रांत के अग्नि बुलेटिन के अनुसार, दो जून तक 14,300 से अधिक लोगों ने कनाडाई रेड क्रॉस के साथ मैनिटोबा में जंगल की आग वाले क्षेत्र से निकाले गये लोगों के रूप में पंजीकरण कराया है। जंगल की आग के धुएं ने पूरे कनाडा में वायु गुणवत्ता अलर्ट जारी कर दिया है, जिसमें उत्तर-पश्चिमी ओंटारियो और मध्य मैनिटोबा के ऊपर सबसे भारी धुएं का गुबार है। कनाडा के पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अनुसार, धुआं अमेरिका के ऊपरी मध्य-पश्चिम में भी फैल गया है। उपग्रह डेटा से यह भी पता चला है कि धुआं अटलांटिक महासागर को पार कर यूरोप के कुछ हिस्सों में प्रवेश कर रहा है, और इस सप्ताह और अधिक आने की उम्मीद है। कनाडा के आपातकालीन प्रबंधन मंत्री एलेनोर ओल्स्ज़वेस्की ने कहा कि संघीय सरकार कनाडाई रेड क्रॉस को दिये गये दान के साथ-साथ जंगल की आग से राहत और आपदा के लिए आवंटित धन का मिलान करेगी।



## द. सूडान में संघर्ष के कारण तीन महीनों में 1,65,000 से अधिक लोगों ने पलायन किया : यूएनएचसीआर

**जुबा,** 4 जून (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) ने दावा किया है कि पिछले तीन महीनों में दक्षिण सूडान में बढ़ते तनाव और संघर्ष के कारण 1,65,000 से अधिक लोग देश के भीतर और सीमाओं के पार सुरक्षा की तलाश में पलायन कर गए हैं। यूएनएचसीआर के पूर्वी, हॉर्न ऑफ अफ्रीका और ग्रेट लेक्स क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक मामादौ डियान बाल्डे ने एक बयान में कहा कि दक्षिण सूडान एक और संकट नहीं झेल सकता। दुनिया के सबसे युवा देश में दस लाख से अधिक लोग सूडान में चल रहे युद्ध से भागकर आए हैं, जबकि इसके लाखों नागरिक अपने देश में वर्षों से चल रहे संघर्ष और संकट से उबरने की कोशिश कर रहे हैं। फरवरी के अंत से राजनीतिक अस्थिरता और सशस्त्र समूहों के बीच बढ़ती शत्रुता के कारण, विशेष रूप से अपर नाइल राज्य में, नए सिरे से झड़प हुई हैं, तथा अन्य संवेदनशील स्थानों पर भी झड़प हुई हैं, जिससे जनजीवन तबाह हो गया है और आवश्यक सेवाओं को नुकसान पहुंचा है।



### दक्षिण सूडान एक और संकट नहीं झेल सकता : मामादौ डियान बाल्डे


संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने कहा कि पड़ोसी देशों, जैसे कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी), इथियोपिया, सूडान और युगांडा में सुरक्षा की तलाश कर रहे लगभग 1,00,000 लोगों ने पलायन के मुख्य कारणों के रूप में असुरक्षा, अंतर-सामुदायिक हिंसा और बिगड़ती मानवीय स्थितियों का हवाला दिया है। यूएनएचसीआर के अनुसार, अपर नाइल राज्य और अन्य इलाकों में लड़ाई और आवाजाही पर प्रतिबंधों के कारण करीब 65,000 नए विस्थापित लोगों तक मानवीय सहायता पहुंचाना बहुत मुश्किल हो गया है।

## वियतनाम में दंपत्तियों को मिली दो से अधिक बच्चे पैदा करने की आजादी

**हनोई,** 4 जून (एजेंसियां)। वियतनामी नेशनल असेंबली ने जनसंख्या अध्यादेश में संशोधन को मंजूरी दे दी, जिससे परिवारों को एक या दो बच्चों तक सीमित करने वाले नियम को हटा दिया गया।इस महत्वपूर्ण नीतिगत बदलाव का उद्देश्य देश की जनसंख्या संरचना को संतुलित करना और सतत विकास को बढ़ावा देना है।

वियतनाम समाचार एजेंसी ने एक रिपोर्ट में बताया कि संशोधित कानून दंपत्तियों को अपने परिवार के आकार और बच्चों के बीच के अंतर को तय करने की स्वतंत्रता प्रदान करता है। यह बदलाव वियतनाम की जनसंख्या प्रबंधन नीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ है, जो देश की बदलती जनसांख्यिकीय वास्तविकताओं और सतत विकास की महत्वाकांक्षाओं को दर्शाता है। वियतनाम की स्वास्थ्य मंत्री डॉ. दाओ हांग लान ने कहा कि यह बदलाव जन्म दर में क्षेत्रीय और सामाजिक समूहों के बीच बढ़ती विषमताओं को दूर करने और जनसंख्या में गिरावट को रोकने के लिए किया गया है, जो देश के सतत आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए खतरा है।

## वर्ग पहेली 6934




**बांये से दांये-**

१. एक प्रसिद्ध पक्षी जिसकी बोली बहुत मधुर होती है।
३. विरोधी, दूसरे का पक्ष का प्रतिद्वंद्वी
५. ऊंचाई (उर्दू)
६. वृद्धिकारक
७. पैरों के निशान, नक्शे कदम
८. सारथि, रथ हांकने वाला
१३. सहसा, अचानक
१५. पराजित, जिस पर किसी ने विजय पाली हो।
१६. अप्रिय (उर्दू)
१७. शांत, शब्द रहित
१८. वर्षा, बरसात
२०. खानाबदोह
२२. गहरा कुआं, नरक (उर्दू)
२३. मामूली, आम

**ऊपर से नीचे-**

१. पहेली, किसी वस्तु का ऐसा अनोख वर्णन, जिसके आधार पर उसका अर्थ बूझने, उसका उत्तर देने में बहुत सोच विचार करना पड़े
२. जुलाहा
३. उजाला करने वाला, प्रकाश करने वाला
४. पहचान का
५. निमंत्रण
९. धीरे से हथेली का आहट करना
१०. एक राक्षस
११. राज्य
१२. हाथों की लकीर
१४. नामुमकिन
१७. कमल
१९. गति, वेग (उर्दू)
२०. प्रहर, तीन घंटे का समय
२१. पृथ्वी, भूमि

### वर्ग पहेली-6933



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1507- इंग्लैंड और नीदरलैंड व्यापार समझौते पर सहमत हुए।
1659- मुगल शासक औरंगजेब आधिकारिक रूप से दिल्ली की गद्दी पर बैठे।
1664- मुस्तफा द्वितीय तुर्की के सुल्तान बने।
1674- शिवाजी ने रायगढ़ में अपना राज्याभिषेक करवाया।
1857- कानपुर अंग्रेजों के हाथों से निकला, नाना साहेब पेशावा बने।
1882- बॉम्बे (अब मुंबई) में तूफान और बाढ़ से लगभग एक लाख लोगों की मौत।
1879- भारत में 'ट्रेड यूनियन आंदोलन' के जन्मदाता नारायण मल्हार जोशी का जन्म।
1915- डेनमार्क ने अपने संविधान में संशोधन कर महिलाओं को वोट का अधिकार दिया।
1942- अमेरिका ने बुल्गारिया, हंगरी तथा रोमानिया के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1946- अरुणाचल प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री प्रेम खंडु थंगुन का जन्म।
1953- डेनमार्क में नया संविधान लागू हुआ।
1961- भारत के प्रसिद्ध टेनिस प्रशिक्षक और पूर्व टेनिस खिलाड़ी रमेश कृष्णन का जन्म।
1967- इजरायल ने मिस्र पर हमला कर उसके करीब 400 लड़ाकू विमान नष्ट किए।
1972- विश्व पर्यावरण दिवस की शुरुआत।
1972- उत्तर प्रदेश के 21वें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्म।
1984- भारतीय सेना ने पंजाब के अमृतसर मे स्थित स्वर्ण मन्दिर मे ऑपरेशन ब्लू-स्टार को अंजाम दिया।
1990- सोवियत संघ के अंतिम राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाचोव नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित।

**हज यात्रा** *भारतीय हज मिशन ने तैनात की सहायता टीम*

## मीना यात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों की करेगी मदद

**रियाद, 4 जून (एजेंसियां)। सऊदी अरब में हज यात्रा जारी है। भारतीय हज यात्री मक्का से मीना की ओर बढ़ रहे हैं। इस बीच, भारतीय हज मिशन ने तीर्थयात्रियों की मीना यात्रा के लिए सहायता दलों को तैनात किया है। भारतीय हज तीर्थयात्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, हज यात्रियों का मीना के लिए प्रस्थान शुरू हो गया है। 'टीम इंडिया' के अधिकारी भारतीय हज यात्रियों को मीना के निर्धारित कैंपों तक परिवहन सेवाओं के लिए सहायता कर रहे हैं। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने हज करने वाले भारतीय यात्रियों को शुभकामनाएं दीं और उनकी सहायता का आश्वासन दिया।**

### हमारा हज मिशन, अधिकारियों और टीमों के नेतृत्व में, सऊदी प्रशासन के साथ पूरी तरह तैयार है : किरेन रिजिजू

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, इस साल हज करने वाले सभी भारतीय यात्रियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। हमारा हज मिशन, अधिकारियों और टीमों के नेतृत्व में, सऊदी प्रशासन के साथ पूरी तरह तैयार है। प्रशासनिक और चिकित्सा टीमें मीना के सभी कैंपों में मौजूद रहेंगी। किसी भी सहायता के लिए हज सुविधा ऐप या टोल-फ्री नंबर का उपयोग करें। आपका हज सुगम, धन्य और आध्यात्मिक रूप से पूर्ण हो। इससे पहले, सोमवार को भारत के सऊदी अरब में राजदूत सुहेल



एजाज खान ने मुख्य अनुष्ठानों से पहले भारतीय हज यात्रियों को संबोधित किया। उन्होंने शुभकामनाएं दीं और पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया, साथ ही प्रशासनिक और चिकित्सा कर्मियों की उपस्थिति पर जोर दिया। इस बीच, जेद्दा के भारत के महावाणिज्य दूत फहद अहमद खान सूरी ने मशाएर क्षेत्र (मीना का टेंट शहर और मुजदलिफा और अराफात के मैदान) में भारतीय हज यात्रियों के लिए चिकित्सा देखभाल और सहायता की व्यवस्थाओं पर एक ब्रीफिंग की अध्यक्षता की।इस सत्र में भारतीय हज काउंसलर मुहम्मद अब्दुल जलील और हज 2025 के लिए तैनात 'टीम इंडिया' के अधिकारियों, डॉक्टरों और नर्सों ने हिस्सा लिया। पिछले हफ्ते, हज यात्रा पर गए भारतीयों ने भारत सरकार द्वारा दी गई व्यवस्थाओं और सुविधाओं की गुणवत्ता की सराहना की, जो सऊदी अरब में सभी के लिए एक सुगम और निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करती हैं।

## दुनिया को जानें

### स्वास्थ्य सेवाओं में एआई की दस्तक

**बीजिंग,** 4 जून (एजेंसियां)। दुनिया भर में स्वास्थ्य सेवा प्रणालियां अभूतपूर्व दबाव का सामना कर रही हैं। बढ़ती उम्र की आबादी, पुरानी बीमारियों का बोझ और सीमित चिकित्सा संसाधनों की वजह से अधिकांश देश जूझ रहे हैं। इन चुनौतियों के बीच, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) उम्मीद की एक नई किरण बनकर उभरा है, जो न केवल इलाज को बेहतर बना सकता है, बल्कि इसे ज्यादा सुलभ और सटीक भी बना रहा है। चीन की बात करें तो यहां स्थिति विशेष रूप से चिंताजनक है, क्योंकि 2035 तक देश की लगभग एक-तिहाई आबादी 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र की हो जाएगी। ऐसे में एआई आधारित तकनीकों का उपयोग सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक निर्णायक कदम बनता जा रहा है। आज चीन के कई अस्पतालों और विशेष जांच केंद्रों में आधुनिक एआई डायग्नोस्टिक सिस्टम इस्तेमाल हो रहे हैं। यह तकनीक खासकर उन इलाकों में बेहद कारगर साबित हो रही है जहां डॉक्टरों की भारी कमी है। उदाहरण के तौर पर, ग्रामीण चीन में एआई-आधारित दूरस्थ डायग्नोसिस सिस्टम ने गलत बीमारी पहचान की दर को 63 प्रतिशत तक कम कर दिया है। यह न केवल रोगियों की जान बचा रहा है, बल्कि डॉक्टरों का काम भी आसान बना रहा है।

# प्रादेशिकी

## उत्तराखंड के नगर निकायों में बड़े बदलाव का रोडमैप तैयार

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बुधवार को सचिवालय में सेतु आयोग ने नगर निकायों के सशक्तिकरण की दिशा में गहन विश्लेषण आधारित रिपोर्ट सौंपी। सेतु आयोग के उपाध्यक्ष राज शेखर जोशी ने रिपोर्ट सौंपते हुए कहा कि नगर निगम और निकायों को स्वावलंबी और सशक्त बनाने, प्रदेश के शहरी विकास और नगरों की समस्याओं को सुधारने की दिशा में सुझाव दिये गये हैं। रिपोर्ट के प्रमुख बिंदु निकायों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए वित्तीय स्वायत्तता और राजस्व जुटाने की क्षमता बढ़ाना और भारतीय संविधान की 12वीं अनुसूची में शामिल 18 कार्यों (जैसे जल आपूर्ति, सार्वजनिक स्वास्थ्य, शहरी नियोजन) को निकायों को हस्तांतरित करना है। रिपोर्ट में तकनीकी नवाचार के लिए स्मार्ट गवर्नेंस, जीआईएस मैपिंग और डेटा-आधारित निर्णय लेने को बढ़ावा देना है। निकायों के कर्मचारियों और निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का सुझाव दिया गया है।

# उत्तराखंड में कोरोना को लेकर धामी सरकार ने जारी की एडवाइजरी

**देहरादून,** 4 जून (देशबन्धु)। देशभर में कोविड-19 की स्थिति जहां इस समय नियंत्रण में है, वहीं उत्तराखंड में भी संक्रमण को लेकर हालात पूरी तरह सामान्य हैं। इसके बावजूद राज्य सरकार किसी प्रकार की ढिलाई बरतने के मूड में नहीं है। संभावित जोखिमों से बचाव और



राज्य में फिलहाल कोविड को लेकर स्थिति पूरी तरह सामान्य है, लेकिन किसी भी संभावित जोखिम के लिए हमें पूरी तरह तैयार रहना होगा : डॉ. आर. राजेश कुमार, स्वास्थ्य सचिव

■ मीडिया समन्वय के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त, अधिकारियों को दिए निर्देश

सतर्कता के मद्देनज़र स्वास्थ्य विभाग ने विशेष एडवाइजरी जारी की है। स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के निर्देशानुसार यह विस्तृत गाइडलाइन जारी की गई है। इसके तहत सभी जिलों में निगरानी तंत्र को और अधिक सुदृढ़ करने, अस्पतालों में आवश्यक संसाधन और व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने तथा संक्रमण से बचाव के उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने स्पष्ट किया है कि राज्य में फिलहाल कोविड को लेकर स्थिति पूरी तरह सामान्य है, लेकिन किसी भी संभावित जोखिम के लिए हमें पूरी तरह तैयार रहना होगा। इसी क्रम में प्रदेशभर में स्वास्थ्य सुविधाओं, उपकरणों और मानव संसाधनों को सक्रिय मोड में रखा गया है। स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि वर्तमान में भारत सरकार द्वारा कोविड-19 को लेकर किसी खतरे की स्थिति घोषित नहीं की गई है। न ही कोई नया वेरिएंट सक्रिय रूप से फैल रहा है। संक्रमितों में भी केवल मामूली लक्षण पाए जा रहे हैं और वे सामान्य इलाज से घर पर ही ठीक हो रहे हैं। फिर भी संभावित खतरों से निपटने के लिए राज्य पूरी तरह सतर्क और तैयार है।स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने बताया कि, ऑक्सीजन, दवा और उपकरण पूरी तरह चालू रखने को कहा स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी जिलाधिकारियों, मुख्य चिकित्सा अधिकारियों, मेडिकल कॉलेजों के प्रधानाचार्यों और मुख्य चिकित्सा अधीक्षकों को यह निर्देशित किया गया है कि अस्पतालों में पर्याप्त बिस्तरों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। ऑक्सीजन सप्लाई, जरूरी दवाएं और उपकरण जैसे वेंटिलेटर, बीआईपीएपी मशीनें, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर और पीएसए ऑक्सीजन संयंत्र पूरी तरह कार्यशील स्थिति में रहें।

## धामी मंत्रिमंडल की बैठक सपन्न, 12 प्रस्तावों पर लगी मुहर

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक संपन्न हो गई। बुधवार को देहरादून में यह बैठक आयोजित की गई। बैठक में कुल 12 प्रस्तावों पर मुहर लगी। बैठक के बाद मुख्यमंत्री सचिव शैलेश बगौली ने यह जानकारी दी। आयोलित कैबिनेट की बैठक में शहरी विकास विभाग में 2013 में 859 पर्यावरण मित्रों को मृतक आश्रित कोटे में रखा जाएगा। परिवहन विभाग में पेट्रोल डीजल सीएनजी बैटरी से मिलने वाली सब्सिडी को एसएनए अकाउंट में रखने का निर्णय लिया गया, 50: यानी गाड़ी की कीमत अधिकतम 15 लाख होनी चाहिए। परिवहन विभाग में मोटर वाहन के अंतर्गत इलेक्ट्रिक गाड़ियों के लिए टैक्स माफ था, हाइब्रिड गाड़ियों में मोटर वाहन टैक्स माफ करने का निर्णय लिया गया। कार्मिक विभाग के 2 पदों यानी कांस्टेबल और उपनिरीक्षक पर जोकि कॉन्स्टेबल लेवल के हैं, पहले उनकी परीक्षा अलग-अलग होती थी, लेकिन अब सभी की परीक्षा एक साथ कराई जाने का निर्णय लिया गया। कार्मिक विभाग में उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग का पूर्व बने ढांचे के 62 पदों के साथ अब 15 पद नए सर्जित किए गए।

# सीएम सुक्खू ने 89 पौंगडैम विस्थापितों को भूमि के कागज़ात प्रदान किए

**शिमला,** 4 जून (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज जिला कांगड़ा के देहरा विधानसभा क्षेत्र के हरिपुर में कार्यक्रम के दौरान 89 पौंगडैम स्थापितों को भूमि आवंटन के प्रमाण पत्र प्रदान किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के समक्ष स्थानीय विधायक ने पौंगडैम विस्थापितों के मामले की पुरजोर वकालत की। यह परिवार गत 50 वर्षों से विस्थापन का दंश झेल रहे हैं और उन्हें अपने दस्तावेज प्राप्त करने के लिए संघर्ष करना पड़ा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अब उन्हें



■ आवास के लिए 3 लाख रुपए की आर्थिक सहायता की घोषणा

■ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरिपुर बनेगा आदर्श स्वास्थ्य संस्थान, दिसम्बर तक निर्मित होगा नंदपुर पुल

उनका अधिकार प्रदान कर रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि शेष विस्थापित परिवारों को भी निकट भविष्य में भूमि आवंटित की जाएगी। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक परिवार को गृह निर्माण के लिए 3 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

उन्होंने कहा कि इस विधानसभा क्षेत्र का पिछले 25 वर्षों तक कांग्रेस के किसी विधायक ने प्रतिनिधित्व नहीं किया। अहंकार के भाव में आकर एक निर्दलीय विधायक ने लोकतंत्र का अपमान करते हुए विधायक पद से इस्तीफा दे दिया और 11 माह पहले उप-चुनाव में जीत दर्ज कर कमलेश ठाकुर को इस विधानसभा क्षेत्र से प्रतिनिधित्व का अवसर प्राप्त हुआ। वर्तमान में देहरा क्षेत्र कायाकल्प के दौर से गुजर रहा है। देहरा के दौरे के दौरान नंदपुर की दो लड़कियों ने मुझे अवगत करवाया कि बरसात के मौसम के दौरान यहां आवागमन का कोई साधन उपलब्ध नहीं होता था। अब मैं आप सभी को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि इस वर्ष दिसम्बर तक नंदपुर पुल का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा।

## धरती पर कुछ बचा नहीं है जिस पर सुक्खू सरकार ने टैक्स न लगाया हो : जयराम ठाकुर

**बिलासपुर।** बिलासपुर से जारी बयान में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन वाली सुख की सरकार ने शुल्क लगाने में सारी हदें पार कर दी है। धरती पर ऐसा कुछ नहीं बचा है जिस पर सुक्खू सरकार ने को टैक्स न लगा दिया हो। टॉयलेट टैक्स से शुरू हुआ शुल्क की सरकार का यह सफर अब अस्पताल में भर्ती मरीज के टॉयलेट, वॉशरूम के टैक्स तक पहुंच चुका है। सुक्खू सरकार ने आपात स्थिति में, असहाय हालत में इलाज करवाने के लिए अस्पताल पहुंचने पर हर बीमार व्यक्ति से पैसा वसूलने के आदेश दिए हैं। यह आदेश भी सरकार के बाकी आदेशों की तरह जनविरोधी और अमानवीय हैं। मनुष्य अस्पताल। परेशानी में आता है और जब वह पैसा नहीं दे पाने की स्थिति में नहीं होता तो उसकी परेशानी और बढ़ जाती है। सरकार को इसे वापस लेना होगा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि अमृत काल में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी द्वारा पूरे देश को 'फ्री ड्रग पॉलिसी' के तहत निःशुल्क उपचार और 'फ्री डायग्नोस्टिक इनिशियेटेटिव सर्विसेज' के तहत निःशुल्क जाँच की सुविधा दी गई है। जो देशवासियों हमारे संविधान द्वारा दिया गया मौलिक अधिकार है। यह दुःखद है कि कांग्रेस की सुक्खू सरकार हिमाचल के लोगों का यह मौलिक अधिकार छीन रही है।

**सार संक्षेप**

## शहरी स्थानीय निकायों की राष्ट्रीय कान्फ्रेंस गुरुग्राम में

**चंडीगढ़।** शहरी स्थानीय निकायों की राष्ट्रीय स्तर की दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस तीन और चार जुलाई को गुरुग्राम में होगी। कॉन्फ्रेंस का आयोजन लोक सभा और हरियाणा विधान सभा के संयुक्त तत्वावधान में होगा और मेजबानी हरियाणा विधानसभा को सौंपी गयी है। लोक सभा ने हरियाणा विधान सभा को पत्र लिख कर इस सम्मेलन के लिए समुचित व्यवस्थायें करने को कहा है। हरियाणा विधान सभा के अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने इस आयोजन को गंभीरता से लेते हुए इसके लिए समुचित प्रबंध करने के निर्देश जारी किये हैं। इस सिलसिले में लोक सभा, विधान सभा सचिवालय, शहरी स्थानीय निकाय विभाग और गुरुग्राम जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बारे में विधान सभा सचिवालय ने हरियाणा सरकार को भी सूचित कर दिया है।

## 25 किलो गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**हिसार।** हरियाणा के हिसार में एक युवक को 25 किलो 520 ग्राम गाँजा के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार बड़ाला गांव के सुनील कुमार को गांव गढ़ी के पास गिरफ्तार किया गया। वह वीआईपी नंबर वाली कार में गाँजा लेकर जा रहा था। पुलिस ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर हिसार-दिल्ली नेशनल हाइवे पर नाकाबंदी की गयी थी। सुनील ने जब पुलिस को देखा तो गाड़ी पीछे कर भागने की कोशिश की, लेकिन यातायात अधिक होने के कारण पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बास थाने में एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

## सीबीआई ने हिसार से पकड़ा बाल यौन शोषण का आरोपी

**चंडीगढ़।** केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कई नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण का मामला उजागर करते हुए हरियाणा के हिसार से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने बताया कि 29 मई को आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था कि वह बाल यौन शोषण सामग्री बनाता है, जुटाता है, अपलोड करता है। सीबीआई के अनुसार किसी पीड़िता या परिजन ने शिकायत नहीं की थी और सीबीआई ने खुद ही यह मामला उजागर किया। सीबीआई के अनुसार उसे इंटरपोल के आईसीएसआई डाटाबेस से बाल यौन शोषण सामग्री का पता लगा और सामग्री का उल्लेख गूगल की तरफ से तैयार साइबर टिपलाइन रिपोर्ट में भी मिला, जो केन्द्रीय गृह मंत्रालय को सौंपी गयी थी।

## सुडोकू 6934 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 4 | 8 |
| 8 | 6 | 7 | 9 | 4 | 2 | 3 | 5 | 1 |
| 3 | 1 | 4 | 5 | 8 | 6 | 9 | 7 | 2 |
| 7 | 9 | 2 | 8 | 6 | 5 | 4 | 1 | 3 |
| 6 | 4 | 5 | 7 | 3 | 1 | 8 | 2 | 9 |
| 1 | 8 | 3 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 | 8 | 6 |
| 9 | 5 | 8 | 6 | 2 | 7 | 1 | 3 | 4 |
| 2 | 3 | 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 7 |

# प्रदेश में रजिस्टर्ड होने वाले हाइब्रिड वाहनों पर अब नहीं लगेगा टैक्स

■ अमरनाथ तिवारी

**देहरादून,** 4 जून (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक समाप्त हो गई है। धामी मंत्रिमंडल की बैठक में कुल 12 प्रस्तावों पर सहमति बनी है। मंत्रिमंडल की बैठक संपन्न होने के बाद गृह सचिव शैलेश बगौली ने प्रेस ब्रीफिंग करते हुए बताया कि धामी मंत्रिमंडल की बैठक में 12 प्रस्तावों पर मुहर लगी है। जिसमें मुख्य रूप से यह निर्णय लिया गया है कि प्रदेश में रजिस्टर्ड होने वाले हाइब्रिड वाहनों से अब टैक्स नहीं लिया जाएगा। अभी तक हाइब्रिड वाहनों से प्रदेश में टैक्स लिए जाने का प्रावधान था।

गृह सचिव शैलेश बगोनी ने बताया कि शहरी विकास विभाग में साल 2013 में 859 विनियमित किए गए थे। ऐसे में इनके आश्रितों को मृतक आश्रित सेवा नियमावली के तहत आच्छादित करने का निर्णय लिया गया है। उत्तराखंड स्वच्छता गतिशीलन परिवर्तन नीति को लागू करने के लिए एक अलग से बैंक खाता खोलने को मंत्री मंडल ने मंजूरी दी है। उत्तराखंड मोटर यान कराधान सुधार अधिनियम में संशोधन करने का निणर्य लिया गया है। हाइब्रिड गाड़ियों को भी टैक्स से छूट देने



■ उत्तराखंड वर्दीधारी सिपाही के पद और उत्तराखंड वर्दीधारी उपनिरीक्षक के पदों का एग्जाम एक साथ कराया जाएगा

का निर्णय लिया गया है। यह लाभ अब निजी गाड़ियों पर मिलेगा।

उत्तराखंड वर्दीधारी सिपाही के पद और उत्तराखंड वर्दीधारी उपनिरीक्षक के पदों का एग्जाम एक साथ कराया जाएगा। सब इंस्पेक्टर लेवल के पदों के भी एग्जाम एक साथ कराए जाएंगे। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के ढांचे में संशोधन किया करने का निर्णय लिया गया है। 15 नए पद सृजित किए जाएंगे। जिसमें एक नियमित पद और 14 आउटसोर्स से भरा जाएगा। फॉरेंसिंग डिपार्टमेंट के हेड को विभागाध्यक्ष घोषित करने का निर्णय लिए गया है। इससे में फॉरेंसिंग डिपार्टमेंट एक अलग विभाग बन जाएगा। अभी तक पुलिस मुख्यालय के अंतर्गत आता था। उत्तराखंड मानवाधिकार आयोग के ढांचे में भी संशोधन करने का निर्णरू लिया गया है। इसमें 12 नए पद और सृजित किए जाएंगो। बदरीनाथ में मास्टर प्लान के तहत किए जा रहे कार्यों में आईकॉनिक कलाकृति बनाए जाने का निर्णय लिए गया था। जिसके चलते मंत्रिमंडल ने चार योजनाओं को मंजूरी दी है। बदरीनाथ धाम के लेक फ्रंट में शेष नेत्र लोटस बॉल बनाई जाएगी। बदरीनाथ के अराइवल प्लाजा में सुदर्शन चौक कलाकृति बनाए जाएगी। बदरीनाथ के बद्री नारायण चौक पर ट्री एंड रिवर स्कल्पचर बनाया जाएगा। बदरीनाथ धाम के अराइवल प्लाजा में सुदर्शन चक्र बनाया जायेगा। न्यू पेंशन योजना का लाभ उठा रहे कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन स्कीम को जोड़ते हुए ग्रेजुटी की व्यवस्था की जाएगी। मंत्रिमंडल की बैठक में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, सतपाल महाराज, सुबोध उनियाल, रेखा आर्य, धन सिंह रावत ने हिस्सा लिया।

# नैनीताल चीफ ट्रेजरर को हाईकोर्ट से झटका, कोर्ट ने नहीं दी जमानत

**नैनीताल,** 4 जून (देशबन्धु)। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने विजिलेंस टीम नैनीताल के मुख्य कोषाधिकारी नैनीताल और अकाउंटेंट कोषागार नैनीताल को एक लाख 20 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़े जाने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ ने फिलहाल मुख्य कोषाधिकारी दिनेश राणा को जमानत नहीं देते हुए कहा कि जांच अधिकारी को 5 जून को रिकॉर्ड के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोर्ट में पेश हों। सुनवाई के दौरान आरोपी की तरफ से कहा गया कि की उन्हें इस मामले में गलत तरीके से फंसाया गया है। जबकि उसने शिकायतकर्ता की एसीपी का क्लेम की फाइल पहले ही वापस लौटा दी थी। इससे नाराज होकर उसने यह षडयंत्र रचा गया। जो पैसों की रिकवरी हुई वह अकाउंटेंट के दराज से हुई। जबकि सरकार की तरफ से कहा गया कि जब मामले की जांच हुई तो पाए गए नोटों पर अकाउंटेंट और मुख्य कोषाधिकारी के उंगलियों के निशान पाए गए। इसकी पुष्टि करने के लिए



■ सुनवाई के दौरान आरोपी की तरफ से कहा गया कि की उन्हें इस मामले में गलत तरीके से फंसाया गया

एक कांच के गिलास में पानी भरकर रखा गया। उसमें सोडियम कार्बोनेट डाला गया। उसके बाद दिनेश राणा और बंसत जोशी के हाथ धोए गए। इसमें दोनों के हाथ धोने पर पानी का रंग गुलाबी हो गया। इससे स्पष्ट हो गया कि इन लोगों ने रिश्वत ली। नोटों पर इनके उंगलियों के निशान लगे हुए थे। मामले के अनुसार, विजिलेंस से शिकायतकर्ता ने सतर्कता अधिष्ठान में शिकायत की थी कि वह हल्द्वानी न्यायालय में कार्यरत है। उसके और उसके 5 अन्य साथियों की एसीपी लगनी थी। जिसके लिए नियमानुसार 3 सदस्यों की कमेटी का गठन किया गया था। जिसमें वरिष्ठ कोषाधिकारी नैनीताल भी सदस्य बनाए गए। कमेटी के दोनों सदस्यों ने अपने हस्ताक्षर कर दिए और मुख्य कोषाधिकारी, नैनीताल दिनेश कुमार राणा के हस्ताक्षर होने थे, लेकिन वह हस्ताक्षर नहीं कर रहे थे। जब शिकायतकर्ता ने जानकारी की गई तो पता चला कि मुख्य कोषाधिकारी हस्ताक्षर करने को तैयार नहीं हैं।

# हरिद्वार भूमि घोटाले में पूर्व सीएम हरीश रावत ने सीबीआई जांच की मांग उठाई

**देहरादून,** 4 जून (देशबन्धु)। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने हरिद्वार भूमि घोटाले की न्यायिक देखरेख में सीबीआई जांच कराने की मांग सरकार से की है। उन्होंने कहा कि इस घोटाले के पीछे सफेदपोश व्यक्तियों की संलिप्तता दिखती है। उन्होंने पंचायत चुनाव नहीं कराने को बड़ी चूक बताते हुए कहा कि इस मामले में जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत का हरिद्वार भूमि घाटाला मामले पर बयान आया है। उन्होंने कहा कि यह अत्यधिक गंभीर मामला है। यह बड़ा भ्रष्टाचार है। हरीश रावत ने कहा कि भूमि घोटालों की जांच या तो जज की देख-रेख कराई जाए, वरना उच्चस्तरीय एसआईटी गठित हो या फिर सीबीआई से मामले की जांच कराई जाए। जो भी जांच हो वह कोर्ट की देखरेख में होनी चाहिए। वहीं हरीश रावत ने आरोप लगाते हुए कहा कि एक बात शर्तिया है कि ऐसा खुला घोटाला, एक-दो, तीन अधिकारी नहीं कर सकते। राजनीतिक संरक्षण या संलिप्तता, दोनों में से एक अवश्य है। मामला पचाने लायक नहीं था, इसलिए अधिकारियों पर गाज गिर गई। मगर सफेदपोश का क्या होगा? चाहे कपड़ों का रंग कैसा ही क्यों न हो।बता दें कि हरिद्वार जमीन घोटाले में धामी सरकार ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन जून को हरिद्वार के तत्कालीन जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह, तत्कालानी हरिद्वार नगर आयुक्त आईएएस वरुण चौधरी और पीसीएस अधिकारी अजय वीर समेत सात अधिकारियों को निलंबित किया।

# हिमाचल प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में पर्ची के लगेंगे 10 रुपए

**शिमला,** 4 जून (देशबन्धु)। भाजपा के प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर ने कांग्रेस सरकार पर हमला करते हुए कहा कि वर्तमान सुक्खू सरकार शुल्क वाली सरकार बनकर रह गई है। आज प्रदेश सरकार ने एक ऐतिहासिक फैसला लिया है जिसका प्रत्येक कांग्रेस नेता स्वागत करने जा रहा है, हिमाचल प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में पर्ची बनाते समय मरीजों से 10 रुपये का परामर्श शुल्क लिया जाएगा। जहां कांग्रेस सरकार के स्वास्थ्य मंत्री यह बात मजाक में कह रहे थे और मजाक मजाक में बात को लागू भी कर दिया। इसका मतलब सरकार ने यह शुल्क लगाकर जनता को परेशान करने का मजाक किया था।

**हिमाचल में तानाशाही सरकार का राज**

त्रिलोक कपूर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में तानाशाही सरकार का राज चल रहा है। उनके मन में जो भी आता है यह लागू कर देते




हैं और जनता के बारे में कुछ नहीं सोचते हैं, ऐसा प्रतीत होता है कि मुख्यमंत्री और उनके सभी नेताओं को मेंटल पैरालिसिस हो गया है। जब सत्ता में आए तो डीजल पर जीएसटी बढ़ा दिया, पानी बिजली यातायात सब महंगा कर दिया।अब जो मरीज स्वास्थ्य सुविधा लेने जा रहा है उससे भी 10 रुपए लेंगे, यह है सुख की सरकार। हिमाचल प्रदेश में प्रतिदिन 5000 से अधिक मरीज सरकारी अस्पतालों में जाकर अपना इलाज करते हैं, मतलब महीने के 1.50 लाख और साल के 18 लाख।

## भाजपा ने दी थी मुफ्त सुविधाएं

कपूर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने देश भर में और प्रदेश में भी आयुष्मान एवं हिम केयर योजना के तहत जनता को मुफ्त इलाज की सुविधा दी थी 10 रु पर्ची पर तो कभी सोचा ही नहीं और एक-एक व्यक्ति को पांच-पांच लख रुपए का स्वास्थ्य कवर दिया, अब अगर आप तुलना करें तो भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने आम जनमानस के स्वास्थ्य के बारे में सोचा, पर वर्तमान कांग्रेस सरकार ने आम जनमानस का स्वास्थ्य बिगड़ने का सोचा। क्या सरकार यह चाहती है कि लोग स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने आए या वह चाहते हैं कि घर पर ही स्वास्थ्य लाभ ले। कांग्रेस सरकार ने तो एक-एक व्यक्ति का आर्थिक स्वास्थ्य भी बिगाड़ दिया है।

# आठ दिन में 30000 श्रद्धालुओं ने किए हेमकुंड साहिब के दर्शन

**चमोली,** 4 जून (देशबन्धु)। उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध हेमकुंड साहिब की यात्रा शुरुआती आठ दिनों में बुधवार तक 30 हजार से अधिक यात्री हेमकुंड साहिब पहुँच चुके हैं। हेमकुंड साहिबसिख धर्म के सबसे पवित्र तीर्थ स्थलों में से एक है। पिछले चार दिनों से रुक-रुक कर हो रही बर्फबारी के बावजूद तीर्थयात्रियों का उत्साह चरम पर है। हिमालय की गोद में 15,000 फीट से अधिक की ऊंचाई पर स्थित इस पवित्र गुरुद्वारे में तीर्थयात्री अटूट श्रद्धा और विश्वास हैं। सर्द मौसम और बर्फीली हवाओं के बीच भी तीर्थयात्री पवित्र सरोवर में स्नान कर रहे हैं। पिछले आठ दिनों में श्री



■ पिछले चार दिनों से रुक-रुक कर हो रही बर्फबारी के बावजूद तीर्थयात्रियों का उत्साह चरम पर है

हेमकुंड साहिब में तीर्थयात्रियों की संख्या ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस दौरान 30,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारे के दर्शन किये हैं।श्री हेमकुंड साहिब प्रबंधन ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र जीत सिंह बिंद्रा ने जानकारी देते हुए बताया हेमकुंड साहिब यात्रा में जो आस्था उत्साह यात्रियों में है वह निसंदेह उल्लेखनीय है। उन्होंने बताया कि उन्होंने उत्तराखंड के मुख्य सचिव आनंद वर्धन से मुलाकात कर हेमकुंड साहिब यात्रा की प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने हेमकुंड साहिब यात्रा के लिए गोविंदघाट में स्थायी पुल के निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया और कहा गोविन्द घाट में स्थाई पुल? की घोषणा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा की जा चुकी है। उन्होंने कहा गोविन्द घाट में स्थाई पुल बनने से यात्रा और अधिक सुरक्षित तथा सुगम होगी। उन्होंने हेमकुंड साहिब यात्रा पडाव घांघरिया में तीर्थयात्रियों के लिए दो नए हॉल के निर्माण को मंजूरी देने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने हेमकुंड साहिब यात्रा में सहयोग सुविधा के लिए चमोली जिला प्रशासन और राज्य प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सक्रिय भूमिका और समर्पण के कारण ही यह यात्रा हर वर्ष सुगम और सुरक्षित ढंग से संपन्न हो पाती है।

# हरिद्वार के नए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने संभाला चार्ज

**हरिद्वार,** 4 जून (देशबन्धु)। आईएएस अधिकारी मयूर दीक्षित ने बुधवार को हरिद्वार जिलाधिकारी के तौर पर अपना पदभार ग्रहण किया। चार्ज संभालने के बाद जिला अधिकारी मयूर दीक्षित ने जंहा गुड गवर्नेंस को अपनी प्राथमिकता में शामिल किया तो चेतावनी देते हुए कहा कि सही से काम नहीं करने वाले अधिकारी-कर्मचारी एक्शन के लिए तैयार रहे। हरिद्वार जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कहा कि आगामी मानसून सीजन और कांवड़ मेला उनकी प्रथमिकता है। कांवड़ मेला सकुशल सम्पन्न कराना है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने साफ किया है कि वो कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि अच्छा काम करने वाले अधिकारियों को सहारा जाएगा। लापरवाही करने वाले अधिकारी और कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा। सरकार की सभी योजनाओं को आम जनता पहुंचने का कार्य किया जाएगा और समय-समय पर औचक निरीक्षण करने के साथ ही आमजन से फीडबैक भी लिया जाएगा। यदि किसी अधिकारियों की लापरवाही या कोई शिकायत प्राप्त होती है तो उनके खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। जिला अधिकारी मयूर दीक्षित ने कहा कि फिलहाल मानसून सीजन उनकी प्राथमिकता है। नगर निगम ने मानसून को लेकर क्या तैयारियां की है, उसको लेकर बैठक की जाएगी। यदि किसी कार्य की आवश्यकता है तो उसे भी जल्द पूरा कराया जाएगा। जिला अधिकारी मयूर दीक्षित ने कहा कि कावड़ मेले को लेकर उनके पास कम समय है। ऐसे में कांवड़ में लेकर तैयारियां तय समय पर करनी होगी।



■ गिनाई प्राथमिकताएं, अधिकारियों को भी चेताया

# प्रादेशिकी

## खांसी व सांस फूलना हो सकते अस्थमा के संकेत : डॉ. ध्रुवराज

**फर्रुखाबाद,** 4 जून (देशबन्धु)। अस्थमा रोग आम तौर पर एलर्जी से संबंधित बीमारी है। वातावरण में धूल, धुएं आदि के कण सांस लेने के साथ ही सांस नली में पहुंच जाते हैं। इससे सांस लेने में दिक्कत आती है। जो धीरे-धीरे अस्थमा का रूप ले लेती है। हाल के दिनों में अस्थमा के मरीज बढ़ते जा रहे हैं। अस्थमा को दमा भी कहा जाता है। अस्थमा फेफड़ों में वायुमार्ग से संबंधित एक बीमारी है, विशेषकर इसमें सांस लेने और छोड़ने में तकलीफ महसूस होती है। सांस फूलने के कई कारण होते हैं। शरीर में खून की कमी, हृदय रोग, किडनी खराब होना या शरीर में अतिरिक्त वजन (मोटापा) के कारण भी सांस की तकलीफ हो सकती है। हालांकि, इसे अस्थमा रोग नहीं कहा जाता है। फेफड़ों के अंदर वायुमार्ग की सूजन से उनका व्यास कम हो जाता है।

# उत्तर प्रदेश ने की केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी को 50 फीसदी करने की मांग : अरविंद पनगढ़िया

उत्तर प्रदेश ने की विशेष विकास योजनाओं के लिए विशेष फंड की मांग : अरविंद पनगढ़िया



■ वित्त आयोग ने की उत्तर प्रदेश की सराहना

**लखनऊ,** 4 जून, बुधवार (देशबन्धु)। 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने बुधवार को आयोग के सदस्यों के साथ एक पत्रकार वार्ता की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ हुई बैठक के बारे में जानकारी दी। वित्त आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि बैठक में सीएम योगी ने राज्य सरकार की मांगों को लेकर आयोग को मांग पत्र सौंपा है, जिसमें केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी को 41 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की मांग की गई है। साथ ही उत्तर प्रदेश ने विशेष विकास योजनाओं के लिए स्पेशल फंड डीडीए दिए जाने की मांग भी उठाई है। वित्त आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि बैठक के दौरान प्रदेश सरकार ने उत्तर के विकास और सुधार के लिए उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा पेश किया, जिसकी आयोग ने सराहना की। उत्तर प्रदेश की प्रमुख मांगों के विषय में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ने इनकम डिस्टेंस क्राइटेरिया 45 प्रतिशत, भौगोलिक क्षेत्रफल 15 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत, जनसंख्या 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 22.5 प्रतिशत, जनसांख्यिकीय प्रदर्शन 12.5 प्रतिशत से घटाकर 7.5 प्रतिशत, वन 10 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत, कर संग्रहण प्रयास 2.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत किया जाने का प्रस्ताव आयोग को दिया गया है। वित्त आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि वित्त आयोग का मुख्य कार्य केंद्र और राज्यों के बीच करों के बंटवारे का प्रस्ताव तैयार करना है, जिसे भारत के राष्ट्रपति के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है। उन्होंने कहा कि क्षैतिज वितरण के संदर्भ में 15वें वित्त आयोग की सिफारिशें इस प्रकार रही हैं- जनसंख्या 15 प्रतिशत, क्षेत्रफल 15 प्रतिशत, वन 10 प्रतिशत, कर संग्रहण प्रयास 2.5 प्रतिशत और जनसांख्यिकीय प्रदर्शन 12.5 प्रतिशत थी। उन्होंने कहा कि 15वें वित्त आयोग में सबसे अधिक 45 प्रतिशत इनकम डिस्टेंस क्राइटेरिया को दिया गया था। वित्त आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश बहुत ही अच्छी तरह से संचालित राज्य है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का कर संग्रह जीएसडीपी के अनुपात में है, जो देश में सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि यूपी का राजकोषीय घाटा सामान्य सीमा के भीतर है, इसका ऋण-से-जीडीपी अनुपात भी प्रबंधनीय स्तरों के भीतर है। वित्त आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि पिछले वित्त आयोग ने राज्यों को 41 फीसदी और केंद्र सरकार को 59 फीसदी हस्तांतरित किया था। यह कर राजस्व का वर्तमान विभाजन है।

## इलेक्ट्रिक बसों में तब्दील होंगी डीजल बसें

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश परिवहन निगम पुरानी डीजल बसों को इलेक्ट्रिक बसों में बदलने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि कानपुर की राम मनोहर लोहिया वर्कशाप में दो डीजल बसों को इलेक्ट्रिक में बदला जा चुका है। इन बसों को झांसी-ललितपुर रूट पर ट्रायल के लिए चलाया जाएगा। बता दें कि पुरानी डीजल बसों को परिवहन निगम की गाइड लाइन के अनुसार 10 वर्ष या 11 लाख किमी की दूरी तय करने पर बस बेड़े से हटाया जाना अनिवार्य है। बड़ी संख्या में परिवहन निगम की बसों का प्रतिवर्ष नीलामी होती है। उन्होंने बताया कि डीजल बसों को इलेक्ट्रिक बसों में परिवर्तित करने से विभाग को बसों की खरीदारी पर अतिरिक्त व्यय नहीं करना होगा। इस रिट्रोफिटमेंट तकनीक से बसों को बदलने का खर्च कल्याणी पावर ट्रेन और जीरो 21 जैसी कंपनियां उठा रही हैं, जबकि बस की बॉडी का निर्माण परिवहन निगम करेगा। इससे नई बसें खरीदने का अतिरिक्त खर्च बचेगा। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल से प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा मिल रहा है। यह तकनीक प्रदूषण कम करेगी और पर्यावरण को स्वच्छ बनाएगी। परिवहन निगम 5000 इलेक्ट्रिक बसें जोड़ने की योजना पर भी काम कर रहा है। हाल ही में महाकुंभ के लिए 220 इलेक्ट्रिक बसें खरीदी गई हैं, जिनमें 20 एसी डबल-डेकर बसें शामिल हैं।

## दुकानों में ताले तोड़कर सामान चोरी

**मवाना,** 4 जून (देशबन्धु)। कस्बे के फलावदा चौपला के पास स्थित सचदेवा मार्केट में बीती रात चोरों ने धावा बोलते हुए दस दुकानों के ताले तोड़ डाले और सामान चोरी कर लिया। चोरी की यह वारदात रात्रि 12 बजे से सुबह 5 बजे के बीच अंजाम दी गई। घटना के संबंध में थाना मवाना में दी गई तहरीर में पप्पू पुत्र प्रीतम सिंह ने बताया कि वह सुबह 5 बजे टहलने के लिए निकला था, तभी उसने मार्केट से ताले टूटने की आवाज सुनी। जब वह अंदर गया तो देखा कि कुछ अज्ञात चोर दुकानों से सामान निकाल रहे थे और नलों की हत्थी खोल रहे थे। पप्पू द्वारा चोरों को ललकारने पर उन्होंने उस पर ईंटों से हमला कर दिया, जिससे उसकी गर्दन सहित शरीर के कई हिस्सों में चोटें आईं। गंभीर अवस्था में पप्पू ने 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल पप्पू को मवाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे थाने लाया गया। पप्पू से मिली जानकारी पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एक चोर को मौके से गिरफ्तार कर लिया।

## महीने में 32 करोड़ रुपए की शराब पी जाते हैं अमेठी के दारुबाज : आर्या

**अमेठी,** 4 जून (देशबन्धु)। अमेठी के दारुबाज महीने में 32 करोड़ रुपए की शराब पी जाते हैं। इसमें सबसे ज्यादा शौकीन देशी शराब के है। बाकी दूसरे पर बीयर और तीसरे पर अंग्रेजी शराब के शौकीन है। केवल मई महीने में 14.98.261.95 करोड़ रुपए की देशी शराब, 8.33.65,424.54 करोड़ रुपए की अंग्रेजी शराब और 8.68.54,901.99 करोड़ रुपए की बीयर बिक गई हैं। कहने के लिए अमेठी में बेरोजगारी और बेकारी बहुत है। लेकिन अमेठी के दारुबाज रोजाना एक करोड़ रुपए से ज्यादा की शराब पी जाते हैं। आंकड़े बताते हैं कि अमेठी में साल दर साल शराब के शौकीन और बिक्री दोनों बढ़ती जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी अखिलेश



आर्या ने बताया कि अमेठी में 142 देशी शराब की दुकान, 85 कंपोजिट दुकान और एक माडल शाप है। कंपोजिट दुकानों में अंग्रेजी शराब और बीयर दोनों की एक साथ बिक्री होती है। आर्या ने बताया कि उत्तर प्रदेश में आबकारी लक्ष्य प्राप्त करने में अमेठी का चौथा स्थान है।

जबकि अयोध्या मंडल में पहला स्थान है। यह आंकड़ा एक साल से प्रथम दस में बना हुआ है। जिससे साफ है कि अमेठी में शराब के शौकीन बढ़ते जा रहे हैं। आर्या ने बताया कि जिलाधिकारी संजय चौहान के आदेश पर अवैध शराब की धड़पकड़ और छापेमारी रोज होती है। इस छापेमारी में 88 मुकदमे और 23 लोग गिरफ्तार किए गए हैं। जिससे लक्ष्य के सापेक्ष 148.12 प्रतिशत आगे है। अमेठी में पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के आदेश पर पुलिस की नाकेबंदी और जिलाधिकारी संजय चौहान के आदेश पर छापेमारी से अवैध शराब का करोबार बंद के बराबर है।

## सार संक्षेप

### ओमकार शुक्ला बने नगर उपाध्यक्ष



**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी महानगर की मासिक बैठक महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा के आवास बजरिया सालिगराम में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा ने व संचालन रजत क्रांतिकारी ने किया। महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्र ने सभी पदाधिकारी को निर्देशित किया कि अब 2027 के चुनाव में समय नहीं रह गया है कमर कस लें सब कार्यकर्ता। हम सबको हर कीमत पर 2027 में पूर्ण बहुमत से अखिलेश यादव को मजबूत करके मुख्यमंत्री बनाना है। महानगर समाजवादी पार्टी को और मजबूत करने के क्रम में ओमकार शुक्ला को महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्र ने महानगर का उपाध्यक्ष इस आशा से मनोनीत किया कि वो महानगर को और मजबूत कर पार्टी को मजबूत करेंगे। नवनियुक्त उपाध्यक्ष ओमकार शुक्ला ने कहा जो जिम्मेदारी महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा ने मुझे दी है उसका निर्वहन मैं पूर्ण ईमानदारी से करूंगा और महानगर में समाजवादी पार्टी को ओर मजबूत करूंगा। बैठक में खुर्शीद खा, अमित यादव उर्फ गोल्डी, अमन भारद्वाज, सत्यम अवस्थी, कुलदीप भारद्वाज, हरिओम सकसेना, ऋषि अवस्थी, उरूज खान, आदित्य मिश्रा आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

### रोडवेज के रिटायर क्लर्क की गला दबाकर हत्या

**मेरठ।** गंगानगर निवासी रोडवेज से रिटायर्ड क्लर्क की गला दबाने के बाद चेहरे पर धारदार हथियार से वार करके हत्या कर दी गई। मृतक को आरोपी से उधार दिए गए ढ़ाई लाख रुपए वापस लेने थे। आरोपी पैसे देने के बहाने उन्हें बाइक पर अपने साथ ले गया। खेतों में उसने रजबहे के किनारे ले जाकर पहले गला दबाया फिर धारदार हथियार से हत्या कर दी। आरोपी शव वहीं छोड़कर फरार हो गया। सुबह लोगों ने उनका शव देखकर घर वालों को सूचना दी। पुलिस आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है। बताया गया कि गंगानगर एफब्लॉक 110 निवासी मूलचंद त्यागी यूपी रोडवेज विभाग से 5 साल पहले क्लर्क से रिटायर हुए थे। आजकल वह घर के बाहर परचून की दुकान कर रहे थे। गंगानगर पुलिस के मुताबिक उन्होंने कई लोगों को 8 से 10 लाख रुपए ब्याज पर दिए हुए थे। कसेरु बक्सर निवासी आजाद जाटव सेल्समैन है। आजाद और उसके दोस्त को ढाई लाख रुपए उधार दिए हुए थे। मूलचंद काफी दिनों से अपने पैसे मांग रहे थे।

### कानूनगो को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

**मेरठ।** सदर तहसील में तैनात कानूनगो लोकेन्द्र राठी को एंटी करप्शन ब्यूरो ने 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। कानूनगो खेत की डोल नपाई के नाम पर यह रिश्वत ले रहा था। शिकायतकर्ता राकेश कुमार ने बताया कि पांचली गांव में उनके रिश्तेदार का खेत की डोल बंदी का मुकदमा चल रहा है। इस मामले में नपाई की जांच कानूनगो लोकेन्द्र राठी के पास थी। राठी पहले एक लाख रुपए मांग रहा था। बाद में 20 हजार रुपए में सौदा तय हुआ। राकेश ने एंटी करप्शन टीम से शिकायत की। बुधवार सुबह दिल्ली-देहरादून बाईपास स्थित गाड विन होटल के पास रिश्वत का लेन-देन तय हुआ।

## बकरीद को लेकर की गई विशेष सफाई व्यवस्था बैठक



**मवाना,** 4 जून (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद् मवाना के अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक ने आगामी ईद उल अजहा (बकरीद) के मद्देनजर बुधवार को अपने कार्यालय में पालिका के सभी सफाई नायकों एवं कर्मचारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में नगर की स्वच्छता एवं कुर्बानी के बाद उत्पन्न होने वाले अपशिष्ट के समय से निस्तारण हेतु विशेष निर्देश जारी किए गए। अध्यक्ष ने निर्देशित किया कि बकरीद के दिन नगर में सफाई व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखी जाए तथा कुर्बानी के बाद उत्पन्न अपशिष्ट को सार्वजनिक सड़कों पर न फेंका जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि सभी अपशिष्ट पालिका वाहनों द्वारा तिरपाल से ढककर सुरक्षित ढंग से उठवाए जाएं ताकि नगर की स्वच्छता बनी रहे। साथ ही, बकरीद के दिन नगर में निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करने हेतु संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

## कृषि विश्वविद्यालय को मिली पशु चिकित्सा स्नातक की अनुमति

कुलपति डा. के.के. सिंह ने महाविद्यालय के शिक्षकों को दी बधाई



■ उपलब्धि से महाविद्यालय के सभी संकाय सदस्यों में उत्साह

**मेरठ,** 4 जून (देशबन्धु)। कृषि विश्वविद्यालय में पशु चिकित्सा स्नातक पाठ्यक्रम 2011 में प्रारंभ हुआ था। परन्तु भारतीय पशु चिकित्सा परिषद, नई दिल्ली की ओर से मान्यता न प्राप्त होने के कारण छात्रों के प्रवेश में समय-समय पर रोक लगती रही है। वर्तमान वर्ष में भारतीय पशु चिकित्सा परिषद, नई दिल्ली की टीम ने कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ परिसर में स्थित पशु चिकित्सा महाविद्यालय का तीन दिवसीय भ्रमण माह सितम्बर सन् 2024 को किया गया था। जिसके उपरान्त टीम ने अपनी रिपोर्ट परिषद कार्यालय नई दिल्ली को सौंप दी थी। पशु चिकित्सा परिषद की ओर से विश्वविद्यालय को मान्यता का पत्र अब प्राप्त हा चुका है। जिसमें 80 छात्रों के पूर्ण बैच एवं 15 प्रतिशत अखिल भारतीय कोटा (नीट के माध्यम से प्रवेश) को परिषद द्वारा अनुमन्य किया गया है। इस उपलब्धि से महाविद्यालय के सभी संकाय सदस्यों एवं छात्रों में उत्साह का माहौल है। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. के.के. सिंह ने महाविद्यालय के शिक्षकों को बधाई दी है।

महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रतिनिधि डा. विजय सिंह ने महाविद्यालय के सभागार में एक धन्यवाद सभा आयोजित कर, कुलपति के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## चार दिव्यांगजन ने कराया पंजीकरण



**मवाना,** 4 जून (देशबन्धु)। दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग की ओर से बुधवार को नगर पालिका पर दिव्यांगजनों को योजनाओं का लाभ दिलाने की कवायद में कैंप लगाया गया, लेकिन प्रसारी-प्रसार के अभाव में मात्र चार दिव्यांग जनों ने पंजीकरण कराया। दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग मेरठ के वरिष्ठ सहायक संजय कुमार के नेतृत्व में पालिका कार्यालय परिसर में कैंप लगाया गया। कैंप के प्रसार-प्रसार नहीं कराए जाने के चलते कैंप मात्र चार दिव्यांगजन ही पहुंच पाए। कैंप में पहुंचे दिव्यांगजन यूनियन मवाना के अध्यक्ष तैयब अली व उनके तीन साथियों ने पंजीकरण कराया। वरिष्ठ सहायक संजय कुमार ने बताया कि कैंप में चार लोगों ने पंजरकरण कराया है।

## भाकियू भानु कार्यकर्ताओं ने तहसील में किया धरना-प्रदर्शन

18 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**मवाना,** 4 जून (देशबन्धु)। भारतीय किसान यूनियन (भानु) के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को मवाना तहसील परिसर में विभिन्न किसान समस्याओं को लेकर जोरदार धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद यूनियन कार्यकर्ताओं ने सीईओ अभिषेक पटेल और नायब तहसीलदार नितेश सैनी को 18 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में प्रमुख मांगों में हर गांव को आवारा पशु मुक्त कराना, जल जीवन मिशन के तहत लगी जल टंकियों, पाइपलाइन और अन्य सामग्री की गुणवत्ता की जांच, खतौनी में किसानों के सही अंश निर्धारण हेतु प्रत्येक गांव में कैंप का आयोजन, प्रधानमंत्री सामान्य निधि योजना हेतु खतौनी में नाम संशोधन कराने में आ रही दिक्कतों का समाधान शामिल है। पिछले तीन वर्षों से चकमार्ग निकाले जाने की लंबित मांग, मवाना की सरकारी कराना समिति द्वारा किसानों को हिस्सा प्रमाण पत्र न देने की शिकायत, जर्जर विद्युत लाइनों की मरम्मत, कोहना गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर बने यू-टर्न और स्ट्रीट लाइट पोल की जांच, और विद्युतकर्मियों द्वारा सुविधा शुल्क लिए जाने जैसी गंभीर समस्याएं भी उठाई गईं।

## दर्जा प्राप्त मंत्री बनाए जाने पर व्यापारियों ने जताई खुशी

**फर्रुखाबाद,** 4 जून (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष सुबोध गुप्ता उर्फ मंसाराम के नेतृत्व में व्यापार संगठन के पदाधिकारी व व्यापारियों के साथ उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के महामंत्री बृजेश शुक्ला को मध्य निषेध परिषद में उपाध्यक्ष (दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री) बनाए जाने पर सभी व्यापारियों ने राहगीरों को मिष्ठान



वितरित कर शुभकामनाएं प्रेषित की इस अवसर पर उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष विनय अग्रवाल, जिला अध्यक्ष सुबोध गुप्ता उर्फ मंसाराम, जिला महामंत्री जितेंद्र रस्तोगी, नगर अध्यक्ष पिंटू यादव, सहकोषा अध्यक्ष कन्हैया लाल, किराना कमेटी जिला अध्यक्ष कमलेश भारद्वाज, जेहान अहमद खान, नरेश शर्मा, अनु यादव, मंगल गंगवार, संगम शाक्य, मनीष अरोड़ा, संजय शाक्य, हिमांशु शर्मा, नरेश बाथम, गौरव वर्मा, हर्षित गुप्ता, डॉ. विकास श्रीवास्तव, रोहित मिश्रा, फहीम खान व हेतराम राजपूत आदि पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## गाड़ियां फाइनेंस कर धोखाधड़ी करने वाले को किया गिरफ्तार

दस से अधिक गाड़ियों को बेचकर करोड़ों कमाए



**मेरठ,** 4 जून (देशबन्धु)। एसटीएफ की टीम ने महंगी गाड़ियों को फर्जी कागजातों पर फाइनेंस कराकर उन्हें बेचने वाले गैंग के मास्टर माइंड को गिरफ्तार किया है। गिरोह अब तक करोड़ों रुपए की गाड़ियां फाइनेंस कराकर बड़ा फ्रॉड कर चुका है। आरोपी अनंगपाल नागर के पास से फ्रॉड करके 40 लाख रुपए में फाइनेंस कराई गई फॉरच्यूनर गाड़ी बरामद की गई। टीम आरोपी से पूछताछ कर रही है। एसटीएफ के एसपी ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि टीम को सूचना मिल रही थी कि विभिन्न बैंकों में किराये के मकान का पता देकर गाड़ी खरीदने के नाम पर लोन लेने वाला गैंग सक्रिय है। गैंग के मेंबर आधार कार्ड में मकान का पता बदलकर कर बैंकों मे गाड़ी की किस्त जमा न करके उन गाड़ियों को मुनाफे में बेच देते हैं। गैंग के सदस्यों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही थी। बुधवार को टीम ने मास्टर माइंड अनंगपाल नागर को किला परिक्षितगढ़ रोड पर कृष्णा पब्लिक स्कूल के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर अलग-अलग बैंकों मे जाकर महंगी गाड़ियां खरीदने के लिए फाइनेंस कराता है।

गाड़ी फाइनेंस होने के बाद बैंक में दिए गए पते से सम्बन्धित स्थान को छोड़कर दूसरी जगह रहने लगते हैं, जिससे कि फाइनेंस की किस्त न भरनी पड़े। इसके कुछ महीने के बाद यह लोन पर ली गई गाड़ी को किसी अन्य को बेच देते थे। इसके अलावा एक हाई राईडर कार वर्ष 2024 में टोयटा फाइनेंस कम्पनी से 18 लाख रुपए में फाइनेंस कराई गई। एक अन्य हाई राईडर कार आईसीआईसीआई गुड़गांव बैंक से अपने साथी के फर्जी पते पर 18 लाख में फाइनेंस कराई।

## आयोजन — विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष

# हमारी प्रकृति का संकटमोचन होती है हरियाली : प्रो. आरएस सेंगर

**मवाना, 4 जून (देशबन्धु)। सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के डिवीजन ऑफप्लांट बायो टेक्नो लॉजी कॉलेज ऑफ बायो टेक्नो लॉजी निदेशक ट्रेनिंग प्लेसमेंट एवं विभागाध्यक्ष प्रो. आर. एस. सेंगर ने बताया 5 जून यानि विश्व पर्यावरण दिवस है। पर्यावरण बचाने का दिन। पेड़, पानी, जंगल और हरियाली को सहेजने का दिन। इनके बिना जीवन की कल्पना भी नहीं जा सकती है। पर्यावरण दिवस पर केवल मंचों से बातें करके मन को बहला लिया जाता है लेकिन अब बहुत हो चुका है।**

अब पर्यावरण के लिए अपना दायित्व पहचानने का वक्त आ गया है। प्लीज, आपसभी लोग आज से ही पहल करें और पर्यावरण बचाने के लिए आगे आएं ताकि पर्यावरण चक्र जारी रहे और आने वाली पीढ़ी दूर-दूर तक हरियाली महसूस कर सके। पेड़ों की टहनियों पर झूलता बचपन, वो नदी के पानी संग बहता यौवन, कहीं दूर बरसात में नाचते मोर की मस्ती, वो बारिश के मौसम में हरी हरी बस्ती, क्यों परियों की कहानी सा लगता है किसी कवि की ये पंक्तियां बयां कर रही हैं कि पेड़, पौधे, पानी, बारिश और हरे भरे जंगल जीवन में कैसे खुशियां भरते हैं



■ पर्यावरण को बचाने के लिए आगे आने का किया आह्वान

लेकिन दुर्भाग्य से अब हम इनसे दूर होते जा रहे हैं। बचपन की हरियाली से नजदीकियां। हरे भरे खेत खलियान और पार्क। फूलों की क्यारियों में उड़ती तितलियों के पीछे भागना याद आता है। दौर बदला, और जिंदगी की भागमभाग में हरियाली धीरे धीरे गायब होने लगी। आज अगर खुद से यह सवाल किया जाए कि पर्यावरण की दुर्दशा क्यों हो रही है तो इसका जवाब भी आपके आसपास ही मिल जाएगा।

आप अपना दायित्व समझ नहीं पा रहे है। हमेशा की तरह से बात दूसरों पर छोड़ देते हैं। अकसर यह सोचते हैं, श्मैं ही तो सजग हूं, दूसरे लोग क्यों नहीं। अब यह सोच छोड़, आगे आ कर इस ओर पहल करनी चाहिए। आप केवल यह एक सवाल अपने आप से करें, आपने पर्यावरण की सुरक्षा के लिए क्या किया।

**पर्यावरण बचाने के लिए इन बातों पर ध्यान देने की जरूरत**

- दुकानदार को पेपर बैग में सामान देने के लिए प्रेरित करें।
- जिस कमरे में कोई न हो, वहां पंखा, लाइट व एसी बंद रखें।
- नहाते समय पानी की बरबादी न करें।
- इंटरनेट के युग में अपने सारे काम और बिलों के भुगतान आनलाइन करें।
- पौधे लगाएं और अपने परिचितों को एक पौधा उपहार में दें

इसके जवाब में आपका मन खुद ही आगे बढ़ने के लिए कहेगा। अंदर से एक आवाज आपको सुनायी देगी.. कुछ करो... आगे बढ़ो...पर्यावरण कोबचाओ।

पर्यावरण के प्रति जागरूकता के लिए मुहिम 1973 में शुरू हुई थी और 52 वर्षों से जारी है। पर्यावरण दिवस हर वर्ष 5 जून को मनाया जाता है। इसकी शुरुआत संयुक्त राष्ट्र संघ महासभा ने की थी। चूंकि 1972 इसी दिन मानवीय पर्यावरण पर संयुक्त राष्ट्र संघ की पहली अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस हुई थी, इसलिए बाद में इसी दिन को पर्यावरण दिवस के रूप में अपना लिया गया। इसके बाद संयुक्त राष्ट्र संघ महासभा की मुहर के बाद 1973 में पहला पर्यावरण दिवस मनाया गया।

## फलावदा थाने में होगी लावारिस वाहनों की नीलामी

**मेरठ,** 4 जून (देशबन्धु)। उप जिलाधिकारी मवाना ने प्रभारी निरीक्षक थाना फलावदा को पत्र प्रेषित करते हुए अवगत कराया कि थाना फ्लावदा पर खड़े 55 लावारिस वाहनों की नीलामी दिनांक 10 जून दिन मंगलवार को समय प्रातः 11.00 बजे जिलाधिकारी महोदय के आदेश दिनाक 6 जून 2025 के क्रम में गठित समिति के द्वारा की जाएगी। उक्त समिति में पुलिस क्षेत्राधिकारी, मुख्य कोषाधिकारी द्वारा नामित अधिकारी, सम्भागीय परिवहन अधिकारी द्वारा नामित अधिकारी तथा संबंधित थानाध्यक्ष समिति के सदस्य होंगे। उक्त वाहनों की नीलामी उनकी अध्यक्षता में की जाएगी।

# दुनिया रंग-बिरंगी

देशबन्धु नई दिल्ली, गुरुवार, 5 जून, 2025, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

### रियलिटी शो में हिस्सा लेने पर होती थी झिझक : राहुल वैद्य

**मुंबई।** मशहूर सिंगिंग रियलिटी शो 'इंडियन आइडल' में बतौर कंटेस्टेंट अपने करियर की शुरुआत करने वाले जाने-माने सिंगर राहुल वैद्य ने बताया कि शुरुआत में वह इस बात को लेकर थोड़ा संकोच में थे कि वे रियलिटी शो में जाएं या नहीं। अपनी जिंदगी के सफर को लेकर बात करते हुए राहुल ने कहा कि उन्होंने अपने करियर की शुरुआत एक ऐसे ही प्लेटफॉर्म से की थी, लेकिन उन्होंने शुरू में कभी नहीं सोचा था कि वह और भी रियलिटी टीवी शो में आएंगे। सिंगर ने कहा कि मैंने जिंदगी में कभी भी प्लानिंग नहीं की। जैसा लाइफ में होता रहता है, मैं वैसे ही लेता हूं। मैंने कभी रियलिटी शो करने का सोचा भी नहीं था, भले ही मेरा करियर एक रियलिटी शो इंडियन आइडल से शुरू हुआ था।

## गर्भवती के जहरीली हवा में सांस लेने से समय से पहले हो सकता है बच्चे का जन्म

**नई दिल्ली,** 4 जून (एजेंसियां)। गर्भावस्था के दौरान वायु प्रदूषण में मौजूद सूक्ष्म कणों के संपर्क में आने से महिलाओं के शरीर में होने वाली चयापचय (मेटाबॉलिज्म) प्रक्रिया पर असर पड़ सकता है। इससे शरीर के कुछ जरूरी जैविक कार्यों में बदलाव आ सकते हैं और बच्चे का समय से पहले जन्म होने का खतरा भी बढ़ सकता है। अमेरिका के एटलांटा में स्थित एमोरी विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने बताया कि ये बदलाव समय से पहले बच्चे के जन्म और अन्य नकारात्मक गर्भावस्था परिणामों के खतरे को बढ़ा सकते हैं। समय से पहले जन्म होने पर बच्चे को सेरेब्रल पाल्सी, सांस की परेशानी और लंबे समय तक चलने वाली बीमारियों का खतरा हो सकता है। इसके अलावा, गर्भावस्था के 37 से 39 सप्ताह के बीच जन्म होने पर भी नवजात में बीमारी और विकास से जुड़ी परेशानियां बढ़ सकती हैं।

दुनिया में समय से पहले होने वाले प्रसव में 10 प्रतिशत वायु प्रदूषण के कारण हवा में मौजूद सूक्ष्म कणों की वजह से होता है।

रोलिंस स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ, एमोरी विश्वविद्यालय में पर्यावरण स्वास्थ्य के एसोसिएट प्रोफेसर और इस अध्ययन के प्रमुख लेखक डोंगहाई लियांग ने कहा कि वायु प्रदूषण और समय से पहले



- प्रसव में 10 प्रतिशत वायु प्रदूषण के कारण हवा में मौजूद सूक्ष्म कण वजह
- वायु प्रदूषण से प्रोटीन के पचने और शरीर में अवशोषित होने में दिक्कत

जन्म के बीच संबंध पहले से ही साबित हो चुका है। लेकिन, पहली बार हमने यह समझने की कोशिश की है कि खास सूक्ष्म कण शरीर में कैसे असर डालते हैं और ये प्रतिकूल जन्म परिणामों के जोखिम को कैसे बढ़ाते हैं। लियांग ने कहा कि यह बहुत जरूरी है क्योंकि अगर हम यह समझ सकें कि 'क्यों' और 'कैसे' ये असर होता है, तो हम इसका बेहतर इलाज या रोकथाम कर पाएंगे। इस अध्ययन में 330 गर्भवती महिलाओं के रक्त के नमूनों का विश्लेषण किया गया। इसमें दो पदार्थ कॉर्टेक्सोलोन और लाइसोपीई पाए गए, जो अल्पकालिक वायु प्रदूषण के संपर्क और समय से पहले जन्म के खतरे के बीच संबंध को बताते हैं। ये पदार्थ एक संभावित तरीका भी दिखाते हैं, जिससे वायु प्रदूषण समय से पहले प्रसव को बढ़ावा देता है। अध्ययन में बताया गया है कि वायु प्रदूषण से प्रोटीन के पचने और शरीर में अवशोषित होने में दिक्कत आती है, जो भ्रूण के विकास और प्रतिरक्षा प्रणाली के लिए बहुत जरूरी है। यह समस्या वायु प्रदूषण और समय से पहले जन्म के बीच संभावित संबंध को दर्शाती है। साथ ही, इस अध्ययन ने रोकथाम के लिए नए संभावित तरीके भी सुझाए हैं। अध्ययन में शामिल 330 महिलाओं में से 66 (20 प्रतिशत) ने समय से पहले बच्चे को जन्म दिया, जो सामान्य अमेरिकी आबादी की तुलना में काफी ज्यादा है। शोधकर्ताओं ने कहा कि वायु प्रदूषण इन प्रभावों को अच्छी तरह समझना बहुत जरूरी है। लियांग ने कहा कि भविष्य में हम इन अणुओं को निशाना बनाकर ऐसी रणनीतियां या इलाज विकसित कर सकते हैं, जो इन खराब स्वास्थ्य प्रभावों को कम करने में मदद करें।

## विश्व पर्यावरण दिवस : 'बड़ी हवेली की छोटी ठकुराइन' के कलाकारं ने लगाए पौधे

**मुंबई,** 4 जून (एजेंसियां)। दुनिया भर में पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर टीवी शो 'बड़ी हवेली की छोटी ठकुराइन' के मुख्य कलाकार दीक्षा धामी, शील वर्मा और इशिता गांगुली ने पेड़ लगाने की एक खास मुहिम में हिस्सा लिया। इस मुहिम का मकसद वातावरण को ज्यादा हरा-भरा और साफ-सुथरा रखना था। इशिता, जो शो में चमकीली का किरदार निभाती हैं, ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि पर्यावरण की देखभाल करने के लिए सिर्फ एक दिन काफी नहीं होता, हमें हर रोज अपने छोटे-छोटे कामों से पृथ्वी की सुरक्षा करनी चाहिए।

इशिता ने आगे कहा कि आज सेट के आस-पास पौधे लगाने से हमें बहुत अच्छा महसूस हुआ। पत्तों की सरसराहट की आवाज, बारिश के बाद गीली मिट्टी की खुशबू, या सूर्यास्त के वक्त आसमान का रंग बदलना, इन सब से मुझे हमेशा से शांति मिलती है। प्रकृति याद दिलाती है



कि असल में क्या चीज सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है।

इशिता ने रोजाना की कुछ ऐसी आदतें बताईं जो पर्यावरण को बेहतर बनाने में मददगार हैं। उन्होंने कहा कि मैं अपनी खुद की पानी की बोतल ले जाती हूं, प्लास्टिक का इस्तेमाल कम करती हूं, जो चीजें फिर से इस्तेमाल हो सकती हैं उन्हें दोबारा इस्तेमाल करती हूं, और हर साल कम से कम एक पौधा लगाती हूं। ये काम छोटे लग सकते हैं, लेकिन अगर सोच-समझकर किए जाएं तो इनका बहुत बड़ा असर होता है।

उन्होंने आगे कहा कि हम अक्सर बड़ी उपलब्धियों में जादू खोजते हैं, लेकिन सच कहूं तो असली जादू तो हमारी धरती ही है। अगर हम अभी इस जादू की रक्षा नहीं करेंगे, तो हो सकता है कि हम इसे हमेशा के लिए खो दें। मैं चाहती हूं कि मैं नर्म घास पर नंगे पैर चलती रहूं, तितलियों को फूलों के बीच उड़ते देखती रहूं, मैं ताजी, साफ हवा में सांस लेती रहूं। हमें किसी जादू का इंतजार नहीं करना चाहिए, बल्कि हमें खुद धरती मां और प्रकृति को बनाए रखने के लिए आगे आना चाहिए। पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं! बड़ी हवेली की छोटी ठकुराइन टीवी शो हर सोमवार से शनिवार शाम 9 बजे शेमारू उमंग चैनल पर प्रसारित होता है।

## आईपीएल खिताब जीतने पर विराट कोहली ने अनुष्का शर्मा के लिए लिखा पत्र, 'हम हमेशा साथ रहेंगे'

**नई दिल्ली,** 4 जून (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब किंग्स को हराकर 18 साल के सूखे को खत्म करते हुए ट्रॉफी अपने नाम की। इस मौके पर क्रिकेटर विराट कोहली ने पत्नी और अभिनेत्री अनुष्का शर्मा के लिए एक खूबसूरत नोट पोस्ट किया। 18 साल में पहली बार आरसीबी ने आईपीएल खिताब जीता है। इस खुशी और सपने को विराट कोहली ने न केवल अपना बल्कि पत्नी अनुष्का शर्मा का भी बताया।

इंस्टाग्राम पर अनुष्का के साथ तस्वीर शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा कि मैंने इस सपने को 18 सालों से देखा है और उसने (अनुष्का शर्मा) ने इसे 11




सालों से देखा है। साल 2014 से ही हम दोनों ने एक जैसे पलों का सामना किया है और हर जीत और चिन्नास्वामी में हमारे समर्थकों के उत्साह और पागलपन में शामिल हुए और साथ में जश्न मनाते हैं। इस जीत के बाद से हम दोनों ही समान रूप से राहत महसूस कर रहे हैं और चूंकि वह भी बेंगलुरु की लड़की है, इसलिए यह उसके लिए और भी ज्यादा खास है। अनुष्का शर्मा, हम हमेशा साथ रहेंगे।

इससे पहले अनुष्का ने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन में एक वीडियो शेयर किया, जिसमें विराट आईपीएल ट्रॉफी को बस के अंदर पकड़े हुए हैं। जबकि, बस बेंगलुरु में प्रशंसकों की भीड़ के बीच से गुजर रही है। बस के सामने प्रशंसकों की भीड़ दिख रही है, बेंगलुरु का स्थानीय प्रशासन लगातार बढ़ती भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कड़ी मेहनत करता दिखाई दे रहा है, क्योंकि अहमदाबाद से यात्रा करके आरसीबी के शहर में पहुंचने के बाद सड़कों पर उत्साह का माहौल था।

अभिनेत्री ने वीडियो पर लिखा, 'नम्मा बेंगलुरु'। आईपीएल के फाइनल में आरसीबी ने पंजाब किंग्स को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हुए फाइनल मुकाबले में आरसीबी ने पंजाब किंग्स को छह रनों से हराया। इस जीत को लेकर टीम और क्रिकेट फैंस में जोश देखने को मिला। वहीं बॉलीवुड भी इसका जश्न मना रहा है।

## अब खेलते-खेलते पुरानी नसों के दर्द से मिलेगी राहत

**सिडनी,** 4 जून (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलियाई शोधकर्ताओं ने एक नया इंटरेक्टिव गेम बनाया है, जो पुरानी नसों के दर्द को कम करने में मदद कर सकता है। यह इलाज एक दवा-मुक्त विकल्प है। समाचार एजेंसी के अनुसार, इस प्रोजेक्ट का नाम पेनवेव है। इसमें एक खास तरह की टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल होता है, जो नसों के दर्द से जूझ रहे मरीजों को उनके दिमाग की असामान्य गतिविधियों को नियंत्रित करने में मदद करता है। इस गेम को न्यू साउथ वेल्स विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने बनाया है। इसमें एक हेडसेट पहनाया जाता है, जो आपके दिमाग की तरंगों को जांचता है। जब आप यह गेम मोबाइल पर खेलते हैं, तो यह आपके दिमाग के स्वस्थ तरंगों की पहचान करता है और उन्हें पुरस्कृत करता है। यह बिना दवाई के घर बैठे दर्द को कम करने का आसान तरीका है। हाल ही में हुए एक परीक्षण में सामने आया कि चार में से तीन लोगों ने कहा कि उन्हें चार हफ्ते तक इस गेम का इस्तेमाल करने के बाद दर्द में काफी आराम मिला है। टीम ने पाया कि इस गेम से मिली राहत तेज दर्द की दवाओं के बराबर या उससे ज्यादा असरदार है। यह गेम नसों के दर्द से पीड़ित मरीजों के दिमागी तरंगों पर आधारित है। खासकर यह गेम दिमाग के थैलेमस पर ध्यान देता है। जब किसी को नसों से जुड़ा पुराना दर्द होता है, तो थैलेमस की गतिविधि बिगड़ जाती है, जिससे दर्द और बढ़ जाता है। गेम इसी गड़बड़ी को पहचान कर उसे ठीक करने में मदद करता है। यूएनएसडब्ल्यू की प्रोफेसर सिल्विया गुस्टिन ने बताया कि यह रिलैक्स और सकारात्मक कल्पनाएं जैसे मानसिक तरीकों से मरीजों के दिमाग की असामान्य गतिविधियों को धीरे-धीरे सामान्य करता है, जिससे दर्द में राहत मिलती है। यह शोध जनरल ऑफ पेन नाम की रिसर्च पत्रिका में प्रकाशित है।




**ऑस्ट्रेलियाई शोधकर्ताओं ने बनाया नया गेम**

यूएनएसडब्ल्यू के न्यूरोरिकवरी रिसर्च हब के डॉ. नेगिन हेसम-शरियाती ने कहा कि इस तकनीक की सबसे खास बात यह है कि इससे लोगों को लगा कि अब वे खुद अपने दर्द को नियंत्रित कर सकते हैं। इस प्रोजेक्ट में हिस्सा लेने वाले लोगों ने कम लागत वाले ईईजी (इलेक्ट्रोएन्सेफेलोग्राम) हेडसेट और टैबलेट आधारित गेम का घर पर ही इस्तेमाल किया। इस दौरान शोधकर्ताओं ने उनकी निगरानी की।

यह हेडसेट 3डी प्रिंटिंग और ओपन-सोर्स पार्ट्स से बनाया गया है। इसकी कीमत करीब 193.7 डॉलर है, जो बाजार में मिलने वाले दूसरे हेडसेट्स की तुलना में काफी सस्ता है। प्रोफेसर गुस्टिन ने बताया कि पेनवेव को इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह उन लोगों के लिए भी आसानी से उपलब्ध हो, जिनके पास दवाई या इलाज के पारंपरिक तरीकों तक पहुंच कम है।

## 'अहमदाबाद फैशन वीक में रैंप वॉक से उत्साहित एकता जैन बोलीं- 'शानदार रहा अनुभव'

**अहमदाबाद,** 4 जून (एजेंसियां)। अभिनेत्री और मॉडल एकता जैन ने गुजरात के प्रतिष्ठित फैशन इवेंट, अहमदाबाद फैशन वीक में शिरकत की, जहां उन्होंने शानदार पोशाक में रैंप पर वॉक कर सभी का ध्यान खींचा। उनकी सादगी से भरी आउटफिट को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। हयात रीजेंसी में आयोजित अहमदाबाद फैशन वीक इवेंट में एकता, डिजाइनर सौमालिका घोष के ब्रांड 'रंगचक्र' के लिए रैंप पर चलीं। फैशन इवेंट में एकता ने मिडनाइट ब्लैक गाजी सिल्क का को-ऑर्ड सेट पहना, जिस पर गोल्डन मंडला डिजाइन बना था, जिसमें वह बेहद खूबसूरत नजर आईं। अहमदाबाद फैशन वीक में एकता की रैंप वॉक ने दिखाया कि आत्मविश्वास और सादगी के साथ परंपरा को अपनाकर भी ग्लैमर की नई परिभाषा गढ़ी जा सकती है। एकता ने अपने उत्साह को व्यक्त करते हुए कहा कि इस वॉक ने मुझे संस्कृति, कला के साथ ही महिलाओं की ताकत का शानदार अहसास कराया। अभिनेत्री एकता जैन पहले भी बॉम्बे टाइम्स फैशन वीक में रैंप पर वॉक कर चुकी हैं। अहमदाबाद फैशन वीक में फैशन के साथ रचनात्मकता और संस्कृति का उत्सव देखने को मिला। एकता जैन के साथ ही मुंबई और दिल्ली के फैशन सर्किट से कई मॉडल्स ने बेहतरीन फैशन प्रस्तुतियों के साथ दर्शकों




को मंत्रमुग्ध कर दिया।

एकता के अभिनय करियर पर नजर डालें तो उन्होंने 'शगुन', 'शाका लाका बूम-बूम', 'नायक' और 'जिंदगी शतरंज है' जैसी फिल्मों और टीवी शोज में काम किया है। एकता थिएटर में भी वे कई ड्रामा में अपनी प्रतिभा दिखा चुकी हैं। इसके अलावा, वे एक शानदार एंकर हैं और सोशल मीडिया पर अपने फैशन और लाइफस्टाइल की झलकियां भी शेयर करती हैं।

## पालतू कुत्ते के संपर्क में आने से बच्चों में एक्जिमा का खतरा कम

**नई दिल्ली,** 4 जून (एजेंसियां)। जो बच्चे बचपन से डॉग्स के संपर्क में रहते हैं, उन बच्चों को एलर्जी संबंधित बीमारी 'एटोपिक एक्जिमा' होने का खतरा कम हो सकता है। शोध से पता चला है कि डॉग्स के संपर्क से बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहतर बनती है और उनकी त्वचा की संवेदनशीलता कम होती है।

एक्जिमा एक तरह की खुजली वाली त्वचा संबंधी बीमारी है, जो शरीर के जीन्स और आसपास की चीजों के संयोजन के कारण होती है। लेकिन इस बारे में बहुत कम जानकारी है कि ये दोनों कैसे साथ मिलकर काम करती हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, इस नए शोध से हमें ये समझने में मदद मिलती है कि बच्चों में एक्जिमा बीमारी क्यों होती है। शोधकर्ता बताते हैं कि कुछ बच्चों में डॉग्स के घर लाने से एक्जिमा की स्थिति खराब भी हो सकती है। इसलिए सभी बच्चों के लिए डॉग्स को रखना सही नहीं



- डॉग्स के संपर्क से बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहतर
- 18 प्रारंभिक जीवन पर्यावरणीय कारकों के बीच संबंधों को जांचा

हो सकता।

एडिनबर्ग विश्वविद्यालय की सारा जे. ब्राउन ने कहा कि हमें पहले से पता था कि बच्चे के जन्मजात बनावट से उसकी एक्जिमा होने का खतरा बढ़ता है। और पहले के कुछ अध्ययन भी बता चुके हैं कि घर में डॉग्स होने से यह खतरा कम हो सकता है। लेकिन यह पहली बार है जब कोई अध्ययन दिखा रहा है कि यह असर हमारे शरीर के अंदर कैसे छोटे-छोटे स्तर पर होता है।

इस रिसर्च में टीम ने 16 यूरोपियन स्टडीज के डेटा का इस्तेमाल किया। उन्होंने 24 एक्जिमा-संबंधित आनुवंशिक वेरिएंट और 18 प्रारंभिक जीवन पर्यावरणीय कारकों के बीच संबंधों को जांचा, ताकि पता चल सके कि ये दोनों कैसे एक्जिमा से जुड़ते हैं। उन्होंने अपने निष्कर्षों को और भी 10 अलग-अलग स्टडीज पर आजमाया और लैब में टेस्ट करके अपने निष्कर्षों की सही जांच की।

पहले जांच में, जिसमें 25,339 लोग शामिल थे, पता चला कि सात चीजें, जैसे एंटीबायोटिक्स का इस्तेमाल, बिल्ली रखना, कुत्ता पालना, स्तनपान, धूम्रपान, हाथ धोने के तरीके आदि ये सब कुछ हमारे जीन के साथ मिलकर एक्जिमा होने के खतरे को प्रभावित कर सकती हैं। कुल मिलाकर 14 तरह के ऐसे प्रभाव मिले जो जीन और इन पर्यावरणीय चीजों के बीच हो रहे थे। दूसरी जांच में, जिसमें 2,54,532 लोग शामिल थे, पता चला कि डॉग्स के संपर्क में आने से हमारे शरीर के एक खास जीन के साथ असर होता है, यह प्रोटीन हमारे इम्यून सिस्टम यानी हमारी बीमारी से लड़ने वाली कोशिकाओं में काम करता है। लैब में किए गए परीक्षणों से पता चला कि यह खास जीन हमारी त्वचा की कोशिकाओं में इंटरल्यूकिन-7 रिसेप्टर की बनावट को प्रभावित करता है।

## मानसिक समस्याओं से निजात दिलाने में फायदेमंद है भ्रामरी

**नई दिल्ली,** 4 जून (एजेंसियां)। आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव, चिंता, अनिद्रा जैसी समस्याएं आम बात है। ऐसे में प्राणायाम मानसिक तनाव या शारीरिक समस्याओं से लड़ने का एक मजबूत तरीका है। चर्चा करते हैं बेहद फायदेमंद भ्रामरी प्राणायाम के बारे में, जो बहुत ही सरल और लोकप्रिय प्राणायाम है, जिसे करने से अनगिनत फायदे मिलते हैं।

भ्रामरी के फायदे अनगिनत हैं। यह न केवल मानसिक स्वास्थ्य में लाभकारी है बल्कि हर किसी के लिए सुरक्षित भी है। भ्रामरी की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसे कोई भी व्यक्ति, चाहे बच्चा हो, बुजुर्ग हो, कभी भी और कहीं भी कर सकता है। भ्रामरी के कोई साइड इफेक्ट नहीं हैं, जो इसे और भी खास बनाता है।

उदाहरण के लिए, कपालभाति को कुछ स्थितियों जैसे हाई बीपी, गर्भावस्था, मासिक धर्म, या पेट की सर्जरी के बाद नहीं करना चाहिए, लेकिन भ्रामरी में ऐसी कोई पाबंदी नहीं है।

योग4लाइफ की को-फाउंडर और



- 5 से 11 राउंड भ्रामरी करने से नींद में सुधार
- पांच प्राणायाम में कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी शमिल

ट्रेनर कविता अरोड़ा ने बताया कि चार या पांच प्राणायाम बहुत लोकप्रिय हैं। इसमें कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी भी है। इसमें भ्रामरी बहुत खास है। भ्रामरी की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसे कोई भी कभी भी कर सकता है। इसके कोई साइड इफेक्ट नहीं हैं। इसे बच्चे से लेकर उम्रदराज तक हर कोई कर सकता है और इसके अनगिनत फायदे भी होते हैं।

उन्होंने बताया कि आज के समय में स्ट्रेस, एंग्जाइटी, डिप्रेशन, अनिद्रा जैसी समस्याओं में भ्रामरी बहुत ज्यादा फायदा देता है। रिसर्च में भी यह बात सामने आई है कि इसे करने से पॉजिटिविटी, फोकस और माइंडफुलनेस बढ़ता है।

उन्होंने आगे बताया कि जिन लोगों को रात में नींद न आने की समस्या है, वे अपने बेड पर बैठकर भी भ्रामरी कर सकते हैं, इससे उन्हें काफी मदद मिलती है और अच्छी नींद आती है। अगर आपको रात में नींद नहीं आ रही, तो बिस्तर पर बैठकर 5 से 11 राउंड भ्रामरी करने से नींद में सुधार हो सकता है। इसे करने की विधि भी बेहद आसान है, शांत बैठें, आंखें बंद करें, कानों को अंगूठे से ढकें और 'हम्म' की आवाज निकालें। खास बात यह है कि भ्रामरी को आप दिन के साथ ही रात में भी कर सकते हैं।

### शरीर को स्वस्थ व लचीला रखने 'अर्द्धहलासन' आसन फायदेमंद



'अर्द्धहलासन' एक सरल और प्रभावी योगासन है, जो शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह शुरुआती और अनुभवी योगियों दोनों के लिए उपयुक्त है। नियमित अभ्यास से आप न केवल अपने शरीर को स्वस्थ और लचीला रख सकते हैं, बल्कि मानसिक शांति और ऊर्जा का अनुभव भी कर सकते हैं। दरअसल, 'अर्द्धहलासन' एक योग मुद्रा है, जिसमें व्यक्ति पीठ के बल लेटकर अपने पैरों को 90 डिग्री के कोण तक ऊपर उठाता है, बिना कंधों या सिर को जमीन से उठाए। यह आसन रीढ़ की हड्डी को मजबूत करने, पाचन तंत्र को बेहतर बनाने और शरीर में रक्त संचार को बढ़ाने में मदद करता है। यह एक शांत और विश्राम दायक आसन है। 'अर्द्धहलासन' को सही तरीके से करने के लिए कुछ चरणों का पालन करना होता है। सबसे पहले पीठ के बल लेट जाएं, दोनों हाथ शरीर के बगल में रखें और हथेलियां जमीन पर हों।

## स्क्रीन पर धमाल मचाएंगे टाइगर श्रॉफ और निमृत कौर अहलूवालिया

**मुंबई,** 4 जून (एजेंसियां)। एक्ट्रेस निमृत कौर अहलूवालिया हाल ही में फिल्म 'शौंकी सरदार' में नजर आई थीं। इस फिल्म में दर्शकों ने उनके काम को काफी सराहा। अब वह बॉलीवुड के एक्शन हीरो टाइगर श्रॉफ के साथ एक नए प्रोजेक्ट में काम करने जा रही हैं। एक करीबी सूत्र के मुताबिक, 'शौंकी सरदार' की सफलता के बाद निमृत को बहुत सारे नए प्रोजेक्ट्स के ऑफर मिल रहे हैं। लेकिन उन्होंने अलग स्क्रिप्ट की वजह से इस प्रोजेक्ट को चुना। उन्हें लगा कि टाइगर श्रॉफ के साथ उनकी जोड़ी पर्दे पर दर्शकों के लिए एक नई तरह की केमिस्ट्री लाएगी। सूत्र ने बताया कि एक्ट्रेस निमृत इस प्रोजेक्ट को लेकर काफी उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि निमृत इस समय अपने करियर को लेकर बहुत खुश और आभारी हैं। टाइगर और निमृत की जोड़ी बिल्कुल नई है, और यही इस प्रोजेक्ट की सबसे बड़ी खासियत है।



इस प्रोजेक्ट में दमदार एंटरटेनमेंट और नई ताजगी दोनों का मेल है, जो दर्शकों को जरूर पसंद आएगा।

इस प्रोजेक्ट से जुड़ी जानकारी अभी सीक्रेट रखी गई है, लेकिन उम्मीद है कि मेकर्स जल्द ही इसकी आधिकारिक घोषणा करेंगे।

वर्कफ्रंट की बात करें तो टाइगर को पिछली बार फिल्म 'सिंघम अगेन' में देखा गया था।

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| इटरनल | 3.32 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 1.82 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.79 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.25 प्रतिशत |
| रिलायंस | 1.23 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फिनसर्व | 1.66 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 0.90 प्रतिशत |
| टीसीएस | 0.72 प्रतिशत |
| टाइटन | 0.60 प्रतिशत |
| एलटी | 0.58 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 97,000 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,00,460 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौंड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6000-6100 |
| दाल चना | 7000-7100 |
| मसूर काली | 7500-7600 |
| उड़द दाल | 9200-9300 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 9000-9100 |

# भारत को 2070 तक नेट जीरो लक्ष्य हासिल करने के लिए भारी निवेश की जरूरत : मूडीज

**मुंबई,** 4 जून (एजेंसियां)। मूडीज रेटिंग्स ने बुधवार को कहा कि भारत को 2070 तक नेट जीरो लक्ष्य हासिल करने के लिए भारी निवेश की जरूरत होगी। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए विशेष रूप से पावर सेक्टर में पर्याप्त निवेश की जरूरत होगी, जो देश के कार्बन उत्सर्जन में महत्वपूर्ण योगदानकर्ता है। रिपोर्ट में बताया गया है कि अगले दशक में, इन निवेशों से बिजली उत्पादन, स्टोरेज, ट्रांसमिशन और डिस्ट्रिब्यूशन को शामिल करते हुए इलेक्ट्रिसिटी वैल्यू चेन के लिए रियल जीडीपी का 2 प्रतिशत हिस्सा बनने का अनुमान है। सरकार की 2070 तक नेट-जीरो एमिशन तक पहुंचने की योजना फ्यूल मिक्स में वर्तमान कोयले से चलने वाली बिजली से क्लीन और रिन्यूएबल एनर्जी की ओर बदलाव पर निर्भर करेगी।




मजबूत आर्थिक वृद्धि का मतलब होगा कि भारत अगले 10 वर्षों में अपनी कोयला आधारित बिजली उत्पादन क्षमता को 32-35 प्रतिशत (लगभग 70GW-75गीगावाट) तक बढ़ाएगा

हालांकि, मजबूत आर्थिक वृद्धि का मतलब होगा कि भारत अगले 10 वर्षों में अपनी कोयला आधारित बिजली उत्पादन क्षमता को 32-35 प्रतिशत (लगभग 70GW-75गीगावाट) तक बढ़ाएगा, जबकि इसी अवधि में देश लगभग 450 गीगावाट रिन्यूएबल एनर्जी ऐड करेगा । मूडीज के वाइस प्रेसिडेंट और सीनियर क्रेडिट ऑफिसर अभिषेक त्यागी ने कहा, 'हमें उम्मीद है कि भारत के रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में प्राइवेट सेक्टर एक्टिव रहेगा, जबकि सरकारी स्वामित्व वाली कंपनियां भी अपनी भूमिका बढ़ाएंगी।' उन्होंने कहा कि अगले 20-25 वर्षों में सौर और पवन ऊर्जा दोनों स्रोत नए ऊर्जा उत्पादन क्षमता में प्रमुख योगदानकर्ता होंगे। एनर्जी ट्रांजिशन से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए फंडिंग गैप को पाटने के लिए विदेशी निवेश (ऋण और इक्विटी दोनों) सहित पूंजी के विविध स्रोतों को सुरक्षित करना महत्वपूर्ण होगा।

इस बीच, सरकार ने अगले कुछ वर्षों में बंदरगाह क्षमता और इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने के लिए अपने 'मैरीटाइम इंडिया विजन 2030' के तहत बड़े पैमाने पर पूंजीगत व्यय की योजना बनाई है। मूडीज की भारतीय सहयोगी संस्था आईसीआरए को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2026 में कार्गो वॉल्यूम में 3-5 प्रतिशत की वृद्धि होगी, जो मुख्य रूप से कंटेनर, पेट्रोलियम उत्पादों और उर्वरक सेगमेंट में वृद्धि की वजह से देखी जाएगी।

## वैश्विक अस्थिरता के बीच भारतीय बैंकों की एसेट क्वालिटी स्थिर : मूडीज

**मुंबई।** ग्लोबल रेटिंग एजेंसी मूडीज ने कहा कि वैश्विक अस्थिरता के बीच भी भारतीय बैंक अगले 12 महीनों के लिए स्थिर एसेट क्वालिटी बनाए रखने में सक्षम हैं। मूडीज के अनुसार, घरेलू आर्थिक स्थितियां विकास के लिए सहायक बनी हुई हैं, जिससे भारतीय बैंकों को अपने लोन अकाउंट का प्रभावी प्रबंधन करने में मदद मिल रही है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि अगले एक साल में भारतीय बैंकों का नॉन-परफॉर्मिंग लोन (एनपीएल) रेश्यो 2 से 3 प्रतिशत के बीच में रह सकता है। दिसम्बर 2024 तक बैंक का एनपीएल रेश्यो 2.5 प्रतिशत के करीब था, जो कि इस सेक्टर में एसेट क्वालिटी स्थिर होने का मजबूत सूचकांक है। रेटिंग एजेंसी ने सकारात्मक आउटलुक ऐसे समय पर जारी किया है, जब आरबीआई एमपीसी में ब्याज दरों में कटौती की संभावना के कारण बैंकिंग शेयरों की ओर निवेशकों का झुकाव देखा जा रहा है।




## सेबी बोर्ड की अगली बैठक में क्लियरिंग कॉरपोरेशन के स्वामित्व आरईआईटी के लिए नए नियमों समेत अन्य मुद्दों पर होगी चर्चा

### निवेश निधि क्षेत्र में सेबी अलग-अलग योजनाओं के अंतर्गत सह-निवेश की दे सकता है अनुमति




बोर्ड डेरिवेटिव बाजार से संबंधित नियमों को बेहतर बनाने पर सक्रिय रूप से काम कर रहा है, इसका उद्देश्य खुदरा निवेशकों को सुरक्षा प्रदान करना है : तुहिन कांत पांडे, सेबी अध्यक्ष

**नई दिल्ली,** 4 जून (एजेंसियां)। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की 18 जून को होने वाली अगली बैठक में क्लियरिंग कॉरपोरेशन के स्वामित्व और आरईआईटी एवं आईएनवीआईटी को इंडेक्स में जोड़ने के लिए इक्विटी के रूप में वर्गीकृत करने और अन्य मुद्दों पर चर्चा की जा सकती है। रिपोर्ट्स के अनुसार, क्लियरिंग कॉरपोरेशन के स्वामित्व पर सेबी ने उनके मूल एक्सचेंजों से संभावित विभाजन के बारे में मुखरता से बात की है, लेकिन क्लियरिंग कॉरपोरेशन में एक्सचेंजों का आंशिक स्वामित्व बरकरार रखा जा सकता है। हालांकि, सूत्रों के अनुसार एक्सचेंज स्वामित्व संरचना को बदलने के पक्ष में नहीं हैं। इस मुद्दे को पिछली बोर्ड बैठक में भी उठाया जाना था।

माना जा रहा है कि सेबी इंडेक्स में शामिल करने के उद्देश्य से रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट और इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश ट्रस्ट को इक्विटी इंस्ट्रूमेंट के रूप में मानने पर भी चर्चा कर सकता है। इसके अलावा, म्यूचुअल फंड को इक्विटी योजनाओं के माध्यम से आरईआईटी एवं आईएनवीआईटी में अपना निवेश 20 प्रतिशत तक बढ़ाने की अनुमति दी जा सकती है। वैकल्पिक निवेश निधि क्षेत्र में सेबी अलग-अलग योजनाओं के अंतर्गत सह-निवेश की अनुमति दे सकता है और एआईएफ प्रबंधकों को सूचीबद्ध प्रतिभूतियों पर सलाह देने में सक्षम बना सकता है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों के लिए सेबी केवल भारतीय सरकारी बॉन्डों में निवेश करने वालों के लिए नियमों को आसान बनाने पर विचार कर सकता है। बैठक में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट प्रक्रिया को सरल बनाने, कागजी कार्रवाई को कम करने और सूचीबद्ध कंपनियों द्वारा धन जुटाने को सुव्यवस्थित करने के प्रस्ताव पर विचार किया जा सकता है।

## यामाहा की चेन्नई फैक्ट्री में 50 लाखवां वाहन बना

**चेन्नई,** 4 जून (एजेंसियां)। दोपहिया वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी इंडिया यामाहा मोटर (आईवाईएम) प्राइवेट लिमिटेड ने चेन्नई फैक्ट्री के परिचालन के 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर 50 लाख वें वाहन का निर्माण भी किया है। कंपनी ने आज यहां कहा कि घरेलू और वैश्विक दोनों बाजारों के लिए एक महत्वपूर्ण उत्पादन आधार के रूप में अपनी भूमिका को मजबूत करते हुए, कंपनी ने इस अत्याधुनिक सुविधा से अपने 50 लाख वें दोपहिया वाहन के रोल-आउट का भी जश्न मनाया। कंपनी के 50 लाख वें वाहन के तौर पर एरोक्स 155 वर्जन एस का विनिर्माण किया गया। इस कारखाने के कुल उत्पादन का 30 प्रतिशत से अधिक निर्यात किया जाता है, जो इसकी विनिर्माण शक्ति और वैश्विक प्रासंगिकता को दर्शाता है। यामाहा मोटर इंडिया ग्रुप ऑफ़ कंपनीज़ के अध्यक्ष इटारू ओटानी ने कहा 'चेन्नई फ़ैक्टरी यामाहा के वैश्विक विनिर्माण नेटवर्क में रणनीतिक महत्व रखती है। यह कुशल कर्मचारियों, समन्वित संचालन और वैश्विक गुणवत्ता मानकों के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता द्वारा संचालित लोगों, प्रक्रियाओं और उत्पादों पर हमारे अटूट ध्यान का उदाहरण है। दुनिया भर में यामाहा की सबसे आधुनिक विनिर्माण सुविधाओं में से एक के रूप में, इसने वैश्विक बाज़ारों में एक विश्वसनीय निर्यातक के रूप में अपनी भूमिका को मज़बूत करते हुए भारत की गतिशीलता आकांक्षाओं का समर्थन किया है।

50 लाख वें वाहन के तौर पर एरोक्स 155 वर्जन एस का विनिर्माण किया गया

## मई में ट्रक किराए में वृद्धि, मांग में तेजी और मौसमी कारकों का असर

**मुंबई,** 4 जून (एजेंसियां)। मांग में तेजी और मौसमी कारकों की बदौलत इस वर्ष मई में देश में ट्रकों के किराए में बढ़ोतरी हुई है। श्रीराम मोबिलिटी के बुधवार को जारी बुलेटिन के अनुसार, मई महीने में प्रमुख मार्गों पर ट्रक किराए में सुधार देखने को मिला है। गर्मियों के फलों की बागवानी केंद्रों में आवक और बढ़ती आय ने उपभोग को बढ़ावा दिया, जिससे बेड़े की ऑक्युपेंसी बेहतर हुई। दिल्ली-कोलकाता-दिल्ली मार्ग पर ट्रक किराया मासिक आधार पर 1.9 प्रतिशत वहीं बेंगलुरु-मुंबई-बेंगलुरु और दिल्ली-मुंबई-दिल्ली मार्गों पर क्रमशः 1.6 प्रतिशत और 1.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। सालाना आधार पर कोलकाता-गुवाहाटी मार्ग पर 16 प्रतिशत और मुंबई-चेन्नई मार्ग पर 10 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। माल की आवाजाही में मौसमी फलों के आगमन के साथ मानसून पूर्व भंडारण ने भी योगदान दिया। डीजल खपत में चार प्रतिशत और पेट्रोल खपत में 10 प्रतिशत की मासिक वृद्धि हुई, जो वाहनों की बढ़ी हुई गतिविधि और छुट्टियों की यात्रा को दर्शाता है। वहीं, फास्टैग लेनदेन में भी क्रमशः 5.7 प्रतिशत और 4.2 प्रतिशत की मासिक वृद्धि देखी गई। वहीं, 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों में रात में बिजली गुल होने के कारण माल ढुलाई और वाहन किराए तथा बिक्री पर असर पड़ा। जम्मू-कश्मीर, राजस्थान और गुजरात में कार और मैक्सी कैब की बिक्री में क्रमशः 21 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 13 प्रतिशत तक की गिरावट आई। हालांकि युद्धविराम की घोषणा के बाद स्थिति में सुधार की उम्मीद जताई गई है। खरीफ फसल की तैयारी से कृषि और वाणिज्यिक ट्रैक्टरों की बिक्री में जोरदार उछाल देखा गया। वाणिज्यिक ट्रैक्टरों की बिक्री में 21 प्रतिशत और कृषि ट्रैक्टरों की बिक्री में 18 प्रतिशत की मासिक वृद्धि हुई।



दिल्ली-कोलकाता-दिल्ली मार्ग पर ट्रक किराया मासिक आधार पर 1.9 प्रतिशत वहीं बेंगलुरु-मुंबई-बेंगलुरु और दिल्ली-मुंबई-दिल्ली मार्गों पर क्रमशः 1.6 प्रतिशत और 1.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई

## सार संक्षेप

### उत्तर प्रदेश का कर संग्रह का प्रयास काफी अच्छा : अरविंद पनगढ़िया

**लखनऊ।** 16वें वित्त आयोग के चेयरमैन अरविंद पनगढ़िया ने बुधवार को कहा कि उत्तर प्रदेश का कर संग्रह का प्रयास काफी अच्छा है। लखनऊ में हुई 16वें वित्त आयोग की बैठक के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए पनगढ़िया ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों के बीच कर विभाजन के आधार पर उत्तर प्रदेश सरकार ने कुछ सिफारिशें भी की हैं। पनगढ़िया ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने सुझाव दिया है कि कर विभाजन में जनसांख्यिकीय प्रदर्शन के भार को 12.5 प्रतिशत से घटाकर 7.5 प्रतिशत, वन और पारिस्थितिकी के लिए भी भार 10 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत और कर संग्रह के प्रयास का भार 2.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत किया जाना चाहिए। 16वें वित्त आयोग की बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद थे। इस मौके पर यूपी सरकार ने आयोग को एक प्रेजेंटेशन भी दिखाया।

### आ गया येज़्दी एडवेंचर का 2025 एडिशन, बुकिंग शुरू

**पुणे।** जावा येज़्दी मोटरसाइकिल्स ने येज़्दी एडवेंचर के 2025 एडिशन को बुधवार को पेश करते हुये इसकी बुकिंग शुरु कर दी है। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि यह भारत का पुरस्कार विजेता एडवेंचर टूरर है। यह उन राइडर्स के लिए है जो पहाड़ी रास्तों के सपने देखते हैं, लेकिन रोज़ शहर के ट्रैफिक में चलते हैं। 2025 येज़्दी एडवेंचर में क्लासिक एडीवी स्टाइलिंग दी गई है, जिसमें आकर्षक ट्विन एलईडी हेडलाइट्स और रैली से प्रेरित विशिष्ट बीक इसे सड़क पर खास बनाते हैं। इसका फ्यूल टैंक येज़्दी की एडवेंचर-टूरिंग विरासत को दर्शाता है और मजबूत मेन केज परफॉर्मेंस के लिए इसकी तैयारी दिखाता है, शहरी उपयोग के लिए उपयुक्त डिज़ाइन क्षमता का वादा करता है, और इसका सिल्हूट मजबूती और स्थिरता को जाहिर करता है। भारत में एडवेंचर टूटी-फूटी सड़कों, बारिश से भरे रास्तों और हर जगह मिल सकती है।

### निसान मैग्नाइट ने 2,00,000 यूनिट्स की बिक्री का आंकड़ा पार किया


**गुरुग्राम।** निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने आज अपनी लोकप्रिय कॉम्पैक्ट एसयूवी - निसान मैग्नाइट की उल्लेखनीय उपलब्धि की घोषणा की। निसान मैग्नाइट ने 2020 में अपनी लॉन्चिंग के बाद से घरेलू एवं विदेशी बाजार में कुल 2,00,000 यूनिट्स की बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया है। यह भारत में निसान के सफर का उल्लेखनीय पड़ाव है और दुनियाभर के ग्राहकों के बीच मैग्नाइट की लोकप्रियता का प्रतीक है। बोल्ड डिजाइन, सेफ्टी, क्लास लीडिंग फीचर्स और एक्सेप्शनल वैल्यू के बेहतरीन कॉम्बिनेशन के साथ निसान मैग्नाइट ने बी-एसयूवी सेगमेंट को नई परिभाषा दी है। घरेलू एवं वैश्विक दोनों बाजारों में इसकी सफलता इसकी यूनिवर्सल अपील और निसान की 'वन कार, वन वर्ल्ड' की फिलॉसफी की मजबूती को दर्शाती है।

# गिरावट से उबरा बाजार, सेंसेक्स-निफ्टी चढ़े

**मुंबई,** 4 जून (एजेंसियां)। अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता में प्रगति की उम्मीदों और इस सप्ताह के अंत में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ब्याज दरों में कटौती की संभावनाओं के बीच बुधवार को स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत पिछले लगातार तीन दिन की गिरावट से उबरकर आज शेयर बाजार तेजी के साथ बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 260.74 अंक की छलांग लगाकर 80,998.25 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 77.70 अंक उछलकर 24616.15 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.76 प्रतिशत की तेजी लेकर 45,502.84 अंक और स्मॉलकैप 0.58 प्रतिशत की मजबूती के साथ 52,868.85 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4155 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2071 में लिवाली जबकि 1933 में बिकवाली हुई वहीं 151 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2978 कंपनियों के शेयरों में से 1650 में तेजी जबकि 1236 में गिरावट रही वहीं 92 में टिकाव रहा।

बीएसई में बैंकिंग और रियल्टी की 0.77 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर अन्य 19 समूहों में जबरदस्त लिवाली हुई। इससे कमोडिटीज 0.56, सीडी 0.36, ऊर्जा 0.69, एफएमसीजी 0.14, वित्तीय सेवाएं 0.17, हेल्थकेयर 0.27, इंडस्ट्रियल्स 0.54, आईटी 0.34, दूरसंचार 1.35, यूटिलिटीज 0.99, ऑटो 0.30, कैपिटल गुड्स 0.18, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.36, धातु 0.51, तेल एवं गैस 0.53, पावर 0.32, टेक 0.75, सर्विसेज 0.43 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.33 प्रतिशत उछल गए।





विश्व बाजार में तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.10, जर्मनी का डैक्स 0.58, जापान का निक्केई 0.80, हांगकांग का हैंगसेंग 0.60 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.42 प्रतिशत चढ़ गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 40 अंक बढ़कर 80,777.65 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 80,705.18 अंक के निचले स्तर पर आ गया। वहीं, लिवाली शुरू होने से यह लगातार बढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में यह 81,087.29 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 80,737.51 अंक के मुकाबले 0.32 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 80,998.25 अंक हो गया।

इसी तरह निफ्टी भी 18 अंक उठकर 24,560.45 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,530.45 अंक के निचले जबकि 24,644.25 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,542.50 अंक की तुलना में 0.32 प्रतिशत चढ़कर 24,620.20 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में इटरनल 3.32, भारती एयरटेल 1.82, इंडसइंड बैंक 1.79, टेक महिंद्रा 1.25, रिलायंस 1.23, टाटा मोटर्स 0.91, एचडीएफसी बैंक 0.81, टाटा स्टील 0.54, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.48, इंफोसिस 0.42, मारुति 0.40, एनटीपीसी 0.32, अडानी पोर्ट्स 0.28, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.18, पावरग्रिड 0.12, बजाज फाइनेंस 0.09, नेस्ले इंडिया 0.09 और कोटक बैंक 0.04 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, बजाज फिनसर्व 1.66, एक्सिस बैंक 0.90, टीसीएस 0.72, टाइटन 0.60, एलटी 0.58, आईसीआईसीआई बैंक 0.48, एचसीएल टेक 0.47, एसबीआई 0.41, एशियन पेंट 0.30, अल्ट्रासिम्को 0.16, सन फार्मा 0.14 और आईटीसी के शेयर 0.02 प्रतिशत नुकसान में रहे।


## सस्ता हुआ सोना, चांदी की बढ़ी कीमत

**नई दिल्ली**, 6 जून (एजेंसियां)। सोने की खरीदारी का विचार बना रहे हैं तो आपके लिए अच्छी खबर है। पीली धातु के दाम में बुधवार को गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम 120 रुपए कम होकर 96,747 रुपए हो गया है, जो कि पहले 96,867 रुपए था। 22 कैरेट सोने का दाम 110 रुपए कम होकर 88,620 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 88,730 रुपए पर था। वहीं, 18 कैरेट सोने की कीमत 72,650 रुपए प्रति 10 ग्राम से 90 रुपए कम होकर 72,560 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है। हालांकि, चांदी की कीमतों में कुछ बढ़ोतरी दर्ज की गई है। चांदी का दाम 520 रुपए बढ़कर 1,00,980 रुपए प्रति किलो हो गया है, जो कि पहले 1,00,460 रुपए प्रति किलो था। क्वांट म्यूचुअल फंड के अनुसार, सोने की कीमतें अपने पीक पर पहुंच गई हैं और अगले दो महीनों में डॉलर के लिहाज से 12-15 प्रतिशत तक गिर सकती हैं। भारत के सबसे पुराने और अग्रणी म्यूचुअल फंडों में से एक क्वांट म्यूचुअल फंड ने कहा, 'हालांकि, हमारे मध्यम अवधि और लंबी अवधि के दृष्टिकोण समान रूप से रचनात्मक बने हुए हैं और हम कहते हैं कि आपके पोर्टफोलियो का एक महत्वपूर्ण प्रतिशत कीमती धातुओं की ओर समर्पित होना चाहिए।' खबर लिखे जाने तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोना करीब 1.02 प्रतिशत बढ़कर 3,378.12 डॉलर प्रति औंस और चांदी 0.33 प्रतिशत की गिरावट के साथ 34.52 डॉलर प्रति औंस पर थी।



# जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 4 जून (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में भाव स्थिर रहे।



तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 18 रिंगिट की बढ़ोतरी लेकर 3956 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.17 सेंट चढ़कर 46.98 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

## वित्त वर्ष भारत में स्टेनलेस स्टील की खपत 8 प्रतिशत बढ़ी

**मुंबई,** 4 जून (एजेंसियां)। भारत में वित्त वर्ष 2024 -25 में स्टेनलेस स्टील की खपत 48.5 लाख टन रहने का अनुमान है, जो वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में लगभग 8 प्रतिशत अधिक है। इंडियन स्टेनलेस स्टील डेवलपमेंट एसोसिएशन (आईएसएसडीए)ने आज यहां आयोजित ग्लोबल स्टेनलेस स्टील एक्सपो के दौरान भारत में वित्त वर्ष 2025 में स्टेनलेस स्टील की खपत के आंकड़े जारी करते हुये भारतीय बाजार की विकास संभावनाओं पर भरोसा जताया। व्यापक आर्थिक और राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद, भारत में स्टेनलेस स्टील का बाजार मजबूत बना हुआ है और वैश्विक स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है।



जैसे-जैसे दुनिया स्थिरता और मजबूत बुनियादी ढांचे की ओर बढ़ रही है, स्टेनलेस स्टील की प्रासंगिकता बढ़ती जा रही है। हालाँकि, अनुचित मूल्य वाले आयातों की बाढ़ घरेलू निर्माताओं के लिए चुनौती बनी हुई है: राजामणि कृष्णमूर्ति, संगठन अध्यक्ष


इस मौके पर संगठन के अध्यक्ष राजामणि कृष्णमूर्ति ने कहा, 'जैसे-जैसे दुनिया स्थिरता और मजबूत बुनियादी ढांचे की ओर बढ़ रही है, स्टेनलेस स्टील की प्रासंगिकता बढ़ती जा रही है। हालाँकि, अनुचित मूल्य वाले आयातों की बाढ़ घरेलू निर्माताओं के लिए चुनौती बनी हुई है। संगठन ने बार-बार इन खतरों के प्रति सावधानी बरतने की चेतावनी दी है, खासकर चीन और वियतनाम जैसे देशों से अनियंत्रित ट्रेड डायवर्जन से घरेलू उत्पादन और इस क्षेत्र में रोजगार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।'

उन्होंने कहा कि भारतीय स्टेनलेस स्टील उद्योग के हितों की सुरक्षा के लिए सरकार और उद्योग के हितधारकों को सतर्क रहना होगा, आयात के रुझानों पर बारीकी से नजर रखनी होगी और आवश्यक सुरक्षात्मक उपायों को सक्रिय रूप से लागू करना होगा। आईएसएसडीए सरकार और उद्योग भागीदारों के साथ मिलकर इन चुनौतियों का सामना करने और भारत के स्टेनलेस स्टील उद्योग की दीर्घकालिक वृद्धि को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री कृष्णमूर्ति ने समान प्रतिस्पर्धा के लिए अपनी मांग दोहराते हुये नीति निर्माताओं से आग्रह किया कि वे इस क्षेत्र की सुरक्षा करें, साथ ही नवाचार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दें। भारत की स्टेनलेस स्टील उत्पादन क्षमता 75 लाख टन है, जिसमें फिलहाल लगभग 60 प्रतिशत क्षमता का उपयोग हो रहा है। इसका मतलब है कि अगर सही नीतियां बनी रहें और मांग बनी रहे, तो उत्पादन बढ़ाने की अच्छी संभावनाएं हैं।

जिंदल स्टेनलेस के अध्यक्ष रतन जिंदल ने कहा, 'अगर भारत सचमुच एक वैश्विक विनिर्माण महाशक्ति बनना चाहता है, तो स्टेनलेस स्टील उसकी सबसे मजबूत नींव में से एक होना चाहिए। 2047 तक स्टेनलेस स्टील की खपत दो करोड़ टन से अधिक होने की संभावना है, इसलिए हमें तीन मुख्य रास्तों से इस क्षेत्र को आगे बढ़ाना चाहिए। पहला, बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ानी चाहिए।


# खेल जगत

## आरसीबी को पहला खिताब जीतने पर केविन पीटरसन ने दी बधाई



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर और दिल्ली कैपिटल्स के मौजूदा मेंटॉर केविन पीटरसन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के समापन पर आभार जताया है। इसके साथ ही पीटरसन ने टूर्नामेंट को सफल बनाने में शामिल सभी लोगों को धन्यवाद देने के साथ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को 2025 सीजन का चैंपियन बनने पर बधाई दी है। 18 साल के इंतजार के बाद, आरसीबी ने आखिरकार मंगलवार रात अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पंजाब किंग्स को छह रनों से हराकर अपना पहला आईपीएल खिताब जीता। ये आईपीएल इतिहास में विराट कोहली की पहली ट्रॉफी रही। पीटरसन ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, आईपीएल के खत्म होने के साथ ही मैं 2025 में होने वाले एक शानदार आयोजन के लिए सभी को बधाई और धन्यवाद देना चाहता हूं।

# आईपीएल 2025 खिताब जिताना मेरे क्रिकेट कॅरियर के सर्वश्रेष्ठ क्षणों में से एक : विराट



## हमारी आईपीएल की पहली खिताबी जीत विराट के लिए सबसे खास : पाटीदार

**पंजाब किंग्स के खिलाफ हमारा 190 रन का स्कोर अहमदाबाद की पिच पर अच्छा स्कोर था क्योंकि यह कुछ धीमी पिच थी : रजत पाटीदार**

**नई दिल्ली।** आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार आईपीएल 2025 में पहली बार अपनी टीम की कप्तानी कर शेन वॉर्न (राजस्थान रॉयल्स), 2013 के अधबीच कप्तानी संभालने वाले रोहित शर्मा (मुंबई इंडियंस) और हार्दिक पांड्या (गुजरात टाइटंस, 2022) के बाद अपनी टीम को चैंपियन बनाने वाले चौथे कप्तान बन गए। बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर क्रुणाल पांड्या ने इससे बतौर खिलाड़ी पहले तीन बार मुंबई इंडियंस (2017, 2019, 2020) में फाइनल जिताने के बाद मंगलवार रात आरसीबी को पंजाब किंग्स के खिलाफ फाइनल जीता यह गौरव पाने वाला चौथा खिलाड़ी बन रोहित शर्मा को पीछे छोड़ दिया। कप्तान रजत पाटीदार ने अपनी टीम आरसीबी टीम की 2025 आईपीएल फाइनल में पंजाब किंग्स पर छह रन से जीत के साथ 18 बरस के लंबे अंतराल के बाद पहली बार खिताब जीतने पर कहा, 'मेरे और आरसीबी के हमारे उन प्रशंसकों के लिए हमारी यह खिताबी जीत खास है। हमारी आईपीएल की यह पहली खिताबी जीत विराट कोहली के लिए सबसे खास है। मेरे लिए विराट कोहली की कप्तानी करना और उनसे सीखना खास रहा। हर किसी ने हमार साथ दिया। टीम प्रबंधन, सपोर्ट स्टाफ और कोचिंग स्टाफ ने हर खिलाड़ी का जिस तरह साथ निभाया वह बहुत बढ़िया था। क्वालीफायर 1 जीत सीधे फाइनल में पहुंचने पर हमें लगने था कि हम यह खिताब जीत सकते हैं। पंजाब किंग्स के खिलाफ हमारा 190 रन का स्कोर अहमदाबाद की पिच पर अच्छा स्कोर था क्योंकि यह कुछ धीमी पिच थी। हमारे गेंदबाजों ने जिस तरह योजना को अमली जामा पहनाया वह खास था। जहां तक फाइनल में मैन आफ द रहे क्रुणाल पांडया की बात है तो मैं कहूंगा कि वह विकेट चटकाने वाले गेंदबाज है और मैं जब भी दबाव हुआ तो मैंने क्रुणाल पांडया के खोजा और मुझे उन पर बहुत विश्वास है। लेग स्पिनर सुयश शर्मा के साथ हमारे सभी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार, यश दयाल और जोश हेजलवुड ने सभी ने इस पूरे आईपीएल सीजन में बढ़िया गेंदबाजी की।



- टेस्ट क्रिकेट को सबसे ज्यादा महत्व देता हूं, नौजवान टेस्ट क्रिकेट का सम्मान करें
- विश्व क्रिकेट में सम्मान पाना चाहते हैं तो टेस्ट क्रिकेट को अपनाएं
- मैंने आरसीबी को अपनी जवानी,अपना सर्वश्रेष्ठ समय और अनुभव दिया

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 4 जून (देशबन्धु)। विराट कोहली के 18 का अंक आखिर शुभ संदेश लेकर आया। विराट कोहली की 18 नंबर की जर्सी पहन 2025 में आईपीएल के 18 वें संस्करण में 18 बरस के विराट इंतजार के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को खिताब जिताने की विराट हसरत मंगलवार रात अहमदाबाद में अंततः पूरी हो गई। 18 बरस में एक बच्चा जवान हो जाता है। एक दिलचस्प बात यह है कि आरसीबी ने आईपीएल में अपना पहला मैच 18 अप्रैल, 2008 को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ खेला था। 35 बरस के विराट कोहली भारत को क्वालालंपुर में 2008 में अंडर 19 क्रिकेट विश्व कप जिताने के बाद से आईपीएल के 2008 में इसके पहले संस्करण से आरसीबी से क्या जुड़े पूरी जवानी सहित अपने क्रिकेट कौशल और संकल्प सहित सब कुछ इसे ही दे दिया। विराट का कभी भी हार न मानने का जज्बा और जीत के लिए एक बच्चे की सी अपनी चीज को हासिल करने की जिद से ही उनकी आरसीबी को खिताब जिताने की हसरत पूरी हुई। आरसीबी आईपीएल ट्रॉफी जीतने वाले आठवीं टीम बन गई। पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स ही 2008 से आईपीएल में शिरकत कर रही ऐसी दो टीमें हैं जिन्हें अब तक खिताब जीतने का गौरव हासिल नहीं हो पाया। 2025 के आईपीएल फाइनल से पहले आरसीबी ने आईपीएल और सीएल टी 20 सहित चार टी 20 फाइनल खेले थे और चारों हारे थे। आरसीबी ने मंगलवार को 6255 दिन और आईपीएल और सीएल टी 20 सहित 286 मैचों के बाद अंततः खिताब जीतने की हसरत पूरी की। विराट कोहली की आईपीएल फाइनल में अहमदाबाद में पंजाब किंग्स के खिलाफ फाइनल में 43 रन की बेशकीमती बल्ले और गेंद से एक इकाई के रूप में आरसीबी ने छह रन से जीत की बदौलत अंततः ट्रॉफी जीत अपने प्रशंसकों को बड़ा तोहफा दिया।विराट कोहली ने सबसे ज्यादा 8 अर्द्धशतकों सहित बनाए आरसीबी के लिए कुल 15 मैच खेल सबसे ज्यादा बनाए 657 रन बना रन बनाने में तीसरे स्थान पर रह उसे आईपीएल ट्रॉफी जिताने में अहम योगदान किया। विराट 2025 आईपीएल मे ऑरेंज कैप जीतने वाले गुजरात टाइटंस के साईं सुदर्शन (कुल 759 रन) और मैन ऑफ द सीरीज रहे मुंबई इंडियंस के सूर्य कुमार यादव (717 रन) के बाद रन बनाने में तीसरे नंबर पर रहे।

विराट कोहली आईपीएल के इतिहास में 267 मैच खेल, सबसे ज्यादा आठ शतकों और 63 अर्द्धशतकों सहित सबसे ज्यादा 8661 रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। विराट ने कहा '2025 में आरसीबी को पहली बार आईपीएल खिताब जिताना बेशक मेरे क्रिकेट करियर के सर्वश्रेष्ठ क्षणों में से एक है। बावजूद इसके मैं टेस्ट क्रिकेट को अभी भी सबसे ज्यादा महत्व देता हूं और बहुत प्यार करता हूं। मैं आने वाले नौजवान क्रिकेटरों से बस यही आग्रह करुंगा कि वे टेस्ट क्रिकेट का सम्मान करें। ऐसा इसलिए आप यदि टेस्ट क्रिकेट में बढ़िया प्रदर्शन करते हैं तो दुनिया में गर्व से कहीं भी घूम सकते हैं तो तब लोग आपकी आंखों में देखते हैं और आपसे हाथ मिला कहते हैं बहुत बढ़िया, आपने बहुत बढ़िया क्रिकेट खेली। आप यदि विश्व क्रिकेट में सम्मान पाना चाहते हैं तो टेस्ट क्रिकेट को अपनाएं और अपना दिल और आत्मा इसमें लगा दे। जब आप चमत्कार के साथ मैदान पर उतरते हैं तो अपने जैसे दिग्गजों के साथ आप क्रिकेट जगत में सम्मान पाते हैं।

## मुझे लगा की धीमी गेंदबाजी कर विकेट चटका सकता हूं : पांड्या



फाइनल में मैन ऑफ द' मैच रहे क्रुणाल पांड्या ने कहा, 'जब हमने पहले बल्लेबाजी की तो मैंने अपने बल्लेबाजों से चर्चा कर पाया कि इस पिच पर जितनी धीमी गेंद करोगे उतना अच्छा होगा। मैंने महसूस किया कि बीच के ओवरों में विकेट चटकाने है तो जिगरा दिखाना होगा और तब मैच हमारी गिरफ्त में होगा। मैंने सोचा कि धीमी गेंदबाजी कर इस पिच पर विकेट चटका सकता हूं और खुश हूं कि मैं ऐसा कर पाया। इस पिच पर तेज गेंदबाजी करे तो बल्लेबाजों के लिए आसानी होगी लेकिन यदि आप गति में बदलाव करते है तो आपको पिच से कुछ मदद मिलेगी। बाद में जब पंजाब किंग्स ने बल्लेबाजी की तो तब यह बल्लेबाजी आसान हो गई थी। जब मैं आरसीबी से जुड़ा था तो में मैंने अपनी टीम के साथियों से कहा था कि मुझे ट्रॉफी जीतना पसंद है। मुझे खुशी है कि में एसा कर पाया। जहा मेरे चौथी आईपीएल ट्रॉफी की जीतने की बात है तो यह खासा सुखद रहा। दस बरस में चार आईपीएल ट्रॉफी । मैंने अपने छोटे भाई हार्दिक पांड्या को फोन कर कहा था कि अब पांडया निवास में 11 बरस में नौ ट्रॉफियां होंगी।

- आरसीबी के 18 वें संस्करण में अंततः पहली बार 2025 में खिताब जीतने पर उसके कप्तान रजत पाटीदार ने 20 करोड़ रुपए का चेक और ट्रॉफी हासिल की।
- पंजाब किंग्स के उपविजेता रहने पर उसके कप्तान श्रेयस अय्यर ने 12 करोड़ 50 लाख रुपए का चेक हासिल किया।
- पंजाब किंग्स के क्वालीफायर 2 में हारने वाली मुंबई इंडियंस के सूर्य कुमार यादव 717 रन बना प्लेयर ऑफ द' सीरीज रहे।
- गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा 2025 आईपीएल में सबसे ज्यादा 25 विकेट चटका पर्पल कैप जीती।
- गुजरात टाइटंस के साईं सुदर्शन ने आईपीएल 2025 में सबसे ज्यादा 759 रन बना ऑरेंज कैप जीती।
- लखनऊ सुपर जायंटस के 2025 आईपीएल में सबसे ज्यादा 40 छक्के जड़ने पर उनकी ओर से ट्रॉफी आरसीबी के रोमारियो शेफर्ड ने ली।

# भारतीय महिला हॉकी टीम थाईलैंड के खिलाफ एशिया कप 2025 अभियान की शुरुआत करेगी

■ भारतीय टीम को मौजूदा एशिया कप चैंपियन जापान, थाईलैंड और सिंगापुर के साथ पूल बी में रखा गया



**नई दिल्ली,** 4 जून (एजेंसियां)। भारतीय महिला हॉकी टीम 5 सितंबर, 2025 को चीन के हांगझाऊ में 2022 एशियाई खेलों के हॉकी स्थल गोंगशु कैनाल स्पोर्ट्स पार्क फील्ड हॉकी फील्ड में थाईलैंड के खिलाफ महिला एशिया कप 2025 में अपने अभियान की शुरुआत करने के लिए तैयार है। भारतीय टीम को मौजूदा एशिया कप चैंपियन जापान, थाईलैंड और सिंगापुर के साथ पूल बी में रखा गया है, जबकि पूल ए में मेजबान चीन, कोरिया, मलेशिया और चीनी ताइपे शामिल हैं। यह टूर्नामेंट 5 से 14 सितंबर, 2025 तक चीन के हांगझाऊ में आयोजित किया जाएगा। पिछले संस्करण में कांस्य पदक जीतने वाली टीम इंडिया इस बार शीर्ष पोडियम फिनिश पर नजर रखेगी। जीत से न केवल महाद्वीपीय गौरव प्राप्त होता है, बल्कि 2026 महिला एफआईएच हॉकी विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफिकेशन की गारंटी भी मिलती है, क्योंकि एशिया कप चैंपियन इस प्रतिष्ठित क्वाड्रेनियल इवेंट में स्वतः ही स्थान प्राप्त कर लेते हैं। टूर्नामेंट के बारे में बात करते हुए, भारत की कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि हम महिला एशिया कप में अपना अभियान शुरू करने के लिए उत्साहित हैं। मौजूदा चैंपियन जापान के साथ पूल बी में रखा जाना शुरू से ही हमारे कौशल और चरित्र का परीक्षण करेगा। उन्होंने कहा कि हालांकि, पूल चरण में उनका सामना करना टूर्नामेंट की शुरुआत में खुद को मापने का एक शानदार अवसर होगा। हमारा ध्यान स्मार्ट, अनुशासित हॉकी खेलने और एक बार में एक मैच पर ध्यान केंद्रित करने पर होगा। अंतिम लक्ष्य ट्रॉफी उठाना और 2026 महिला हॉकी विश्व कप में सीधे स्थान प्राप्त करना है।

# बीसाई सुदर्शन ऑरेंज, प्रसिद्ध कृष्णा पर्पल कैप से सम्मानित



**अहमदाबाद,** 4 जून (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की समाप्ति के बाद टूर्नामेंट में सबसे अधिक रन बनाने वाले गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज बी साई सुदर्शन को ऑरेंज और इसी टीम के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को सर्वाधिक विकेट लेने पर पर्पल कैप से सम्मानित किया गया है। गुजरात टाइटंस की टीम भले ही फाइनल में नहीं पहुंच पाई लेकिन उसके बल्लेबाज साई सुदर्शन ने टूर्नामेंट में सबसे अधिक 759 रन बनाकर शीर्ष पर रहे और उन्हें ऑरेंज कैप से नवाजा गया। वहीं दूसरे स्थान पर सूर्यकुमार यादव, साई सुदर्शन से 42 रन पीछे रहे। हालांकि मंगलवार रात फाइनल में 42 रनों की पारी खेलने वाले विराट कोहली ने टूर्नामेंट में 657 रन बनाये वह ऑरेंज कैप तालिका में तीसरा स्थान पर रहे। चौथे स्थान पर कप्तान के कप्तान शुभमन गिल 650 रन रहे जबकि लखनऊ सुपर जायंट्स के मिचेल मार्श ने 627 रनों के साथ इस तालिका में पांचवां स्थान हासिल किया। तेज गेंदबाज (गुजरात टाइटंस) प्रसिद्ध कृष्णा ने टूर्नामेंट में सर्वाधिक 25 विकेट लेकर शीर्ष स्थान हासिल किया और उन्हें पर्पल कैप से सम्मानित किया गया। चेन्नई सुपर किंग्स के नूर अहमद ने 14 मैचों में 24 विकेट के साथ दूसरे। आरसीबी के जॉश हेजलवुड ने 12 मैचों में 22 विकेट झटके और वह तीसरे स्थान पर रहे। ट्रेंट बोल्ट 22 विकेट के लेकर चौथे और फाइनल में तीन विकेट लेने वाले अर्शदीप सिंह इस तालिका में 21 विकेटों के साथ पांचवें स्थान पर रहे।

## सार संक्षेप

### आईपीएल में इस बार 100 बल्लेबाजों ने जड़े 1294 छक्के

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सत्र में इस बार 100 बल्लेबाजों ने कुल 1294 छक्के जड़े। इस बार लखनऊ सुपर जायंट्स के निकोलस पूरन 14 मैचों में 40 छक्के लगाकर शीर्ष पर रहे। पंजाब किंग्स के श्रेयस अय्यर 17 मैचों में 39 छक्के लगाकर दूसरे, मुम्बई इंडियंस के सूर्यकुमार यादव 16 मैचों में 38 छक्कों के साथ तीसरे और लखनऊ सुपर जायंट्स के मिचेल मार्श 37 छक्कों के साथ चौथे, पंजाब किंग्स के प्रभसिमरन सिंह 17 मैचों में 30 छक्कों के साथ पांचवें स्थान पर रहे। सनराइजर्स हैदराबाद के अभिषेक शर्मा ने 14 मैचों की 13 पारियों में 28 छक्के जड़े। राजस्थान रॉयल्स के यशस्वी जायसवाल इन टूर्नामेंट में इस सत्र में 14 पारियो में 28 छक्के लगाये। वह तालिका में सातवें स्थान पर रहे। राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग ने 14 पारियों में 27 छक्के जड़े। सनराइजर्स हैदरबाद के हेनरिक क्लासेन ने 14 मैचों की 13 पारियों में 25 छक्कों के साथ नौवें स्थान पर तथा पंजाब किंग्स के प्रियांश आर्य 17 मैचों में 25 छक्कों के साथ दसवें स्थान पर रहे।

### इंग्लैंड ने एकदिवसीय सीरीज में वेस्टइंडीज का किया सफाया

**द ओवल (इंग्लैंड)** । गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद जेमी स्मिथ (64), बेन डकेट (58), जो रूट (44) और जॉश बटलर (नाबाद 41) रनों की शानदार पारियों की बदौलत इंग्लैंड ने वर्षा बाधित तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को डीएलएस पद्धति से 62 गेंदें शेष रहते सात विकेट से विकेट से हरा कर तीन मैचों की श्रृंखला भी 3-0 से अपने नाम कर ली है।

# सीनियर वर्ल्ड म्यू थाई चैम्पियनशिप में भारत ने जीते तीन कांस्य पदक

**नई दिल्ली,** 4 जून (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त संस्था इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ मुएथाई एसोसिएशन आईएफएमए द्वारा अंटालिया टर्की में आयोजित सीनियर वर्ल्ड म्यू थाई चैंपियनशिप में भारत के म्यू थाई खिलाडियों ने तीन कांस्य पदक जीते।

राजस्थान के साहिल ने दो कांस्य पदक एक टीम और एक व्यक्तिगत स्पर्धा में जीता। राजस्थान के ही आदित्य देवन्दा, छत्तीसगढ़ की टिकेश्वरी साहू और अरुणाचल की पनि मंजू जोराम ने एक-एक कांस्य पदक जीता। अरूणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने प्रदेश की पनि मंजू जोराम सहित पदक जीतने वाले म्यू थाई खिलाडियों को बधाई दी है। यूनाइटेड म्यू थाई एसोसिएशन इण्डिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज वर्मा ने बुधवार को बताया कि वर्ल्ड म्यू थाई चैंपियनशिप 23 मई से एक जून तक अंटालिया टर्की में हुई थी। वर्ल्ड म्यू थाई चैंपियनशिप में भारत के 13 सदस्यीय दल ने यूनाइटेड म्यू थाई एसोसिएशन इण्डिया के महासचिव श्रीराम चौधरी के नेतृत्व में भाग लिया और तीन कांस्य पदकों के साथ भारतीय टीम आज स्वदेश लौटी है।

# विमेंस महाराष्ट्र प्रीमियर लीग में लड़कियों को मिला शानदार प्लेटफॉर्म : स्मृति मंधाना

■ स्मृति मंधाना का लक्ष्य डब्लूएमपीएल के पहले सीजन में रत्नागिरी जेट्स की विरासत को आगे बढ़ाना है



**पुणे,** 4 जून (एजेंसियां)। विमेंस महाराष्ट्र प्रीमियर लीग (डब्लूएमपीएल) की शुरुआत पांच जून से होने जा रही है। सात दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में चार टीमें हिस्सा लेंगी, जिसमें रत्नागिरी जेट्स, रायगढ़ रॉयल्स, पुणे वॉरियर्स और पुष्प सोलापुर शामिल हैं। विमेंस महाराष्ट्र प्रीमियर लीग का आयोजन महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन कर रहा है। भारत की स्टार महिला बल्लेबाज स्मृति मंधाना रत्नागिरी जेट्स की कप्तानी कर रही हैं। पुणे के केसरी वाड़ा में टीम की जर्सी लॉन्च की गई। इस मौके पर स्मृति मंधाना ने लीग की तारीफ करते हुए कहा कि ये विमेंस क्रिकेट के लिए शानदार है। विमेंस महाराष्ट्र प्रीमियर लीग महाराष्ट्र की लड़कियों को प्लेटफॉर्म देती है। इस लीग का हिस्सा बनकर मुझे बेहद खुशी है। रत्नागिरी जेट्स का हिस्सा बनकर खुशी है। उम्मीद है कि ये सीजन अपने लिए शानदार होगा। एमपीएल के तीसरे सीजन की शुरुआत के साथ ही सभी की निगाहें पहले दो सीजन की विजेता रत्नागिरी जेट्स (पुरुष टीम) पर टिकी होंगी। स्मृति मंधाना का लक्ष्य डब्लूएमपीएल के पहले सीजन में रत्नागिरी जेट्स की विरासत को आगे बढ़ाना है। एक तरफ फ्रेंचाइजी पुरुष क्रिकेट में अपना दबदबा बनाए रखना चाहेगी, तो दूसरी तरफ महिला टीम सफलता के एक नए युग की शुरुआत करेगी। दोनों टीमें पुणे के एमसीए इंटरनेशनल स्टेडियम में अपने एमपीएल अभियान की शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। पुरुष टीम 4 जून को ईगल नासिक टाइटंस का सामना करेगी, जबकि महिला टीम अगले दिन रायगढ़ रॉयल्स से भिड़ेगी। जमीनी स्तर के क्रिकेट विकास के लिए रत्नागिरी जेट्स ने महाराष्ट्र में इन्फ्रास्ट्रक्चर और प्रतिभा पोषण में लॉन्ग-टर्म इन्वेस्टमेंट किया है।

# कुलदीप ने लखनऊ में निजी समारोह में बचपन की दोस्त से सगाई की

**नई दिल्ली,** 4 जून (एजेंसियां)। भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव ने बुधवार को लखनऊ में आयोजित एक निजी समारोह में अपनी बचपन की दोस्त वंशिका से सगाई कर ली। इस समारोह को अंतरंग और पारंपरिक रखा गया, जिसमें परिवार के करीबी सदस्यों और दोस्तों के साथ-साथ भारत और कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज रिंकू सिंह सहित उत्तर प्रदेश के कई क्रिकेटर शामिल हुए। सगाई शहर के एक स्थल पर हुई, जहां जोड़े ने अंगूठियां बदलीं, जिससे उनके जीवन भर के बंधन में एक नया अध्याय शुरू हुआ। लखनऊ के श्याम नगर की रहने वाली वंशिका एलआईसी में काम करती हैं और कुलदीप के साथ उनकी गहरी दोस्ती है, जो उनके बचपन से ही है।

# स्वियाटेक चौथे सेमीफाइनल में पहुंची



■ मुझे हर अंक के लिए संघर्ष करना पड़ा, खासकर दूसरे सेट में जब उसने मुझे ब्रेक किया : स्वियाटेक

**फ्रेंच ओपन**

**पेरिस,** 4 जून (एजेंसियां)। पोलैंड की विश्व की 5वें नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियाटेक लगातार चौथी बार रौलां गैरोसेमीफाइनल में पहुंचीं और यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना को क्वार्टर फाइनल में 6-1, 7-5 से हराकर पेरिस में अपनी जीत का सिलसिला 26 मैचों तक बढ़ाया। इस जीत के साथ, स्वियाटेक ओपन एरा में केवल पांचवीं खिलाड़ी बन गईं - पुरुष या महिला - जिसने फ्रेंच ओपन में लगातार 25 या उससे अधिक एकल जीत दर्ज की हैं, और राफेल नडाल, क्रिस एवर्ट, ब्योर्न बोर्ग और मोनिका सेलेस के एलीट वर्ग में शामिल हो गईं। मैच के बाद स्वियाटेक ने स्वीकार किया, यह सीधा लग रहा था, लेकिन ऐसा नहीं था। मुझे हर अंक के लिए संघर्ष करना पड़ा, खासकर दूसरे सेट में जब उसने मुझे ब्रेक किया। मुझे गर्व है कि मैंने अंत तक अपनी तीव्रता बनाए रखी वह तीव्रता महत्वपूर्ण थी। पहले सेट में स्वितोलिना के तीन शुरुआती ब्रेक पॉइंट के बावजूद स्वियाटेक ने बढ़त हासिल कर ली, जबकि दूसरे सेट में मुकाबला बिल्कुल अलग था। इस सत्र में क्ले-कोर्ट मैच जीतने वाली यूक्रेनी खिलाड़ी ने 16 जीत और रूएन, मैड्रिड और रोम में शानदार प्रदर्शन के साथ मैच में प्रवेश किया था और स्वियाटेक को कड़ी टक्कर दी। वह 3-1 से आगे थी और फिर 5-4 से आगे रहते हुए दूसरे सेट को जीतने से दो अंक दूर थी। लेकिन जैसा कि चैंपियन करते हैं, स्वियाटेक ने एक और गियर पाया। वह उस गेम में बच गई, फिर अगले गेम में दूसरे सर्व पर धमाकेदार क्रॉसकोर्ट फोरहैंड रिटर्न के साथ 6-5 से ब्रेक के लिए छलांग लगाई। कुछ ही क्षणों बाद, मैच को अपने रैकेट पर रखते हुए, उसने लगातार दो ऐस लगाए - मैच का उसका दूसरा और तीसरा - 1 घंटे और 41 मिनट में मुकाबला समाप्त कर दिया। हालांकि वह 2020 के बाद पहली बार बिना क्ले टाइटल के रौलां गैरो में उतरी थी, स्वियाटेक अब पांचवें फ्रेंच ओपन खिताब से दो जीत दूर है।

# अल्काराज, स्वियातेक और सबालेंका, गॉफ फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में

**पेरिस,** 4 जून (एजेंसियां)। विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी और मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने बुधवार को अमेरिका के टॉमी पॉल को हराकर फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंच गये है। वहीं महिला वर्ग में पोलैंड की स्टार इगा स्वियातेक, विश्व की नवंबर वन टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका और अमेरिका की कोको गॉफ ने भी टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बना ली हैं। स्पेन के दिग्गज अल्काराज ने टॉमी पॉल पर एक घंटा 34 मिनट तक चले मुकाबले में 6-0, 6-1, 6-4 से शानदार जीत दर्ज रोलांड-गैरोस में लगातार तीसरे सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में अल्कराज का सामना इटली के लोरेंजो मुसेटी से होगा। इटली के टेनिस खिलाड़ी लोरेंजो मुसेटी ने फ्रेंच ओपन में अमेरिका को टियाफो को 6-2,4-6, 7-5, 6-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। मुसेटी ने पहली बार फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। वहीं महिला वर्ग में पोलैंड की स्टार टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने क्वार्टर फाइनल में यूक्रेन की एलीना स्वितोलिना को 6-1, 7-5 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में स्वियातेक का मुकाबला बेलारुस की आर्यना सबालेंका से होगा।